लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 34, अंक 119, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, रविवार, 26 मई 2024

www.amritvichar.com




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में तंबाकू के अभिशाप से खुद को रखिए सुरक्षित व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

**आज का मौसम** 44.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 18 : 55



खुद एक्शन करेंगे सलमान...15

# गर्मी के चलते बढ़ी बिजली की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में बिजली मांग शुक्रवार को चालू सत्र की नई ऊंचाई 239.96 गीगावाट पर पहुंच गई। देश के विभिन्न हिस्सों में पारे के बढ़ते स्तर के कारण एयर कंडीशनर (एसी) और कूलर जैसे उपकरणों के अत्यधिक उपयोग के कारण बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है।

बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति शुक्रवार को 239.96 गीगावाट दर्ज की गई, जो इस साल गर्मी के मौसम में अब तक की अधिकतम है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार को यह 236.59 गीगावाट थी, जबकि बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 235.06 गीगावाट थी। बिजली की मांग का सर्वकालिक उच्च स्तर 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज किया गया था। इस गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूट सकता है।

### टूट सकता है रिकॉर्ड



- शुक्रवार को अधिकतम आपूर्ति 240 गीगावाट पर पहुंचीं

### बंद इकाइयां चालू नहीं बिजली संकट बरकरार

**लखनऊ।** प्रदेश में बंद चल रहीं बिजली उत्पादन इकाइयां शनिवार को चालू नहीं हो सकीं, इस बीच टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट लगातार बना हुआ है। पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अनपरा की 500 मेगावाट, ललितपुर की 660 मेगावाट व ओबरा की दो सौ मेगावाट इकाई बंद चल रही है। इससे 1470 मेगावाट उत्पादन घट गया है। प्रदेश में बिजली की प्रतिबंधित मांग 28,714 मेगावाट रही।

## फटी ओएमआर शीट पर एनटीए से जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) की 19-वर्षीया अभ्यर्थी की उस याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) का रुख जानना चाहा है, जिसमें अभ्यर्थी ने फटी हुई ओएमआर शीट दिए जाने के एवज में अनुग्रह अंक देने का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति सी. हरिशंकर ने इस पर एनटीए और केंद्र को नोटिस जारी किए और उसका मूल ऑप्टिकल मार्क रिकॉगनिशन (ओएमआर) शीट सुरक्षित रखने का निर्देश दिया।

# रिटायर्ड आईएएस की पत्नी की गला घोंटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बाथरूम से सटे चेंजिंग रूम के फर्श पर पड़ा मिला शव कर्मचारियों से हो रही पूछताछ
- इंदिरानगर के सेक्टर-20 में शनिवार सुबह हुई वारदात, घटना के खुलासे को लगाई गईं 4 टीमें

**अमृत विचार :** रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवेंद्र नाथ दुबे की दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे (58) की दिनदहाड़े गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उनका शव कमरे से अटैच बाथरूम के पास बने चेंजिंग रूम में पड़ा मिला। हत्यारे घर के सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी उखाड़कर ले गए।

पुलिस घर के नौकर, चालक व कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। पास के सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवक दिखे हैं। जो तीन दिनों से कालोनी के चक्कर लगा रहे थे। खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं। मंडलायुक्त के पद से वर्ष 2009 में सेवानिवृत्त मूलतः कन्नौज निवासी देवेंद्र नाथ दुबे इंदिरानगर सेक्टर-20 में मकान नंबर 20/31 में पहली मंजिल पर रहते हैं। दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे साथ रहती थीं। भूतल पर किराएदार रहता था। जो पिछले सप्ताह अन्यत्र चला गया था। देवेंद्र नाथ की पहली पत्नी मीना से दो बेटे प्रांजल और प्रतीक हैं। बड़ा बेटा प्रांजल नोएडा में रहता है, जबकी छोटा प्रतीक राजधानी के महानगर में रहता है। शनिवार सुबह 7 बजे देवेंद्र नाथ गोल्फ खेलने निकल गए। 10 बजे के करीब लौटे तो मेन गेट और चैनल खुला था। कमरे के साथ बने बाथरूम के चेंजिंग रूम में मोहिनी का शव पड़ा था। सिर के पास फर्श पर खून फैला था, पास में दुपट्टा पड़ा था।

### दुपट्टे से गला घोंटा, सिर पर चोट के निशान

एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि मोहिनी के गले में कसाव के निशान थे। सिर के पिछले हिस्से से खून बह रहा था। उनका दुपट्टा पास में पड़ा था। देर शाम को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटने से मौत की पुष्टि हुई। रिपोर्ट में आशंका जताई गई कि सिर पर वार किया गया जिससे गंभीर चोट लगी। पुलिस के मुताबिक गला घोंटने के दौरान खींचतान में मोहिनी गिर गईं और सिर में चोट लगी होगी।

### सुबह 7.15 से 8 बजे के बीच हुई वारदात

पुलिस की जांच में वारदात सुबह 7.15 से 8 बजे के बीच की बताई जा रही। एसीपी गाजीपुर के मुताबिक आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए हैं। पूर्व आईएएस अफसर के दो चालक, माली और चार नौकरों से पूछताछ की जा रही है।




# छठा चरण : उप्र की 14 लोकसभा सीटों पर 54.02 प्रतिशत मतदान

## अंबेडकरनगर में सबसे अधिक 61.54%, सबसे कम 48.94% फूलपुर सीट पर वोटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक औसत 54.02 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 61.54 प्रतिशत मतदान अम्बेडकरनगर सीट पर व सबसे कम 48.94 प्रतिशत मतदान फूलपुर सीट पर हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच सभी सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट पर 51.10 प्रतिशत मतदान हुआ। फर्रुखाबाद लोकसभा के एक मतदान स्थल प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान पर पुनर्मतदान 73.99 प्रतिशत हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सुल्तानपुर में 55.50 प्रतिशत, प्रतापगढ़ में 51.60, इलाहाबाद में 51.75, श्रावस्ती में 52.76, डुमरियागंज में 51.94, बस्ती में 56.67, संत कबीरनगर में 52.63, लालगंज (अजा) में 54.14, आजमगढ़ में 56.07, जौनपुर में 55.52, मछलीशहर (अजा) में 54.43 व भदोही सीट पर 53.07 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान कई मतदान केंद्रों पर ईवीएम खराब होने की शिकायत मिली। जहां कहीं भी शिकायत प्राप्त हुई हैं, वहां तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए ईवीएम व वीवीपैट को बदलने की कार्रवाई की गई। मॉक पोल के दौरान कुल 191 बैलेट यूनिट, 251 कंट्रोल यूनिट व 291 वीवीपैट बदले गए। विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र गैंसड़ी में मॉकपोल के दौरान दो बैलेट यूनिट, 10 कंट्रोल यूनिट व आठ वीवीपैट बदले गए। मतदान शुरू होने के बाद शाम छह बजे तक एक बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट व चार वीवीपैट बदले गए।



प्रतापगढ़ में प्राथमिक विद्यालय कटरा मेदनीगंज में लगी मतदाताओं की लाइन।

### 14,480 मतदेय स्थलों पर हुई वेबकास्टिंग

मतदान की प्रक्रिया के प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए 14,480 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, इसके अलावा 5057 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई।

### देशभर में 58 सीटों पर 59 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी और प. बंगाल में कुछ केन्द्रों पर छिटपुट झड़प के बीच लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर शनिवार को शाम पांच बजे तक 59.01 प्रतिशत मतदान हुआ। प. बंगाल में सर्वाधिक 78.19% जबकि उत्तर प्रदेश में 54.03% मतदान हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, विदेश मंत्री एस जयशंकर, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और कई लोगों ने वोट डाले। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर 52.28% मतदान हुआ जो 35 वर्ष का रिकॉर्ड है। इससे पहले श्रीनगर और बारामूला सीट पर भी रिकॉर्ड मतदान हुआ था।

**अनंतनाग-राजौरी में बना 35 वर्ष का रिकॉर्ड**

# राजकोट के गेम जोन में लगी आग, बच्चों समेत 27 की मौत

- फाइबर के ढांचे में शाम साढ़े चार बजे लगी आग, राहत एवं बचाव अभियान जारी
- एसआईटी को जांच, मृतकों के परिजनों-घायलों को आर्थिक मदद देने की घोषणा

राजकोट, एजेंसी

गुजरात के राजकोट शहर में शनिवार शाम 'गेम जोन' में भीषण आग लगने से बच्चों समेत 27 की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि गेमिंग गतिविधियों के लिए निर्मित फाइबर के ढांचे में शाम साढ़े चार बजे आग लग गई, जिसके बाद प्रभावित टीआरपी गेम जोन में राहत एवं बचाव अभियान पांच घंटे से जारी है। आग से ढांचा ध्वस्त हो गया।

एसपी विनायक पटेल ने बताया कि अब तक 27 लोगों की मौत हुई है। जल चुके शवों की पहचान मुश्किल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नाना-मावा रोड स्थित गेम जोन में हादसा उस समय हुआ जब बच्चों सहित कई लोग खेल रहे थे। राजकोट डीएम प्रभाव जोशी ने बताया कि गेम जोन में आग लगने की सूचना अग्नि नियंत्रण कक्ष को शाम 4:30 बजे मिली। दमकल गाड़ियां और एंबुलेंस मौके पर हैं और मलबा हटाया जा रहा है। हालांकि, आग लगने का सही कारण पता नहीं चल पाया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से इस संबंध में बात की। मुख्यमंत्री पटेल ने हर मृतक के परिजनों को चार लाख तथा घायल को 50,000 की राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। घटना के बाद राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच होगी और सभी गेमिंग जोन को परिचालन बंद करने को कहा गया है।



गेमिंग जोन में आग लगने के बाद बचाव और राहत कार्य करते कर्मचारी। ● एजेंसी

### राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के राजकोट में 'गेम जोन' में आग लगने की घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। सोशल मंच 'एक्स' पर मुर्मू ने कहा कि 'गेम जोन' में लोगों की मौत के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख व्यक्त किया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि राजकोट त्रासदी ने हम सभी को दुखी किया है। मैंने फोन पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल से राहत कार्यों के बारे में जानकारी ली है।

## एक नजर

### कैमूर में हेरोईन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**भभुआ।** बिहार में कैमूर जिले के भभुआ थाना क्षेत्र से पुलिस ने 7.560 ग्राम हेरोईन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि सिगठी प्राथमिक विद्यालय के पास पुलिस गश्त पर थी। तभी दो लोग भागते दिखे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें दबोचा। तलाशी में उनके पास से 7.560 ग्राम हेरोईन बरामद हुई। भभुआ के आकाश और राजेश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### जम्मू-कश्मीर के सांबा में टैंक रोधी बारुदी सुरंग मिली

**सांबा/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में शनिवार को नदी के तट पर टैंक रोधी जंग लगी बारुदी सुरंग मिली। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार अपराह्न एक ग्रामीण ने बैंगलर गांव के पास बसंतर नदी के तट पर टैंक रोधी यह बारुदी सुरंग देखी। ग्रामीण ने संबंधित पुलिस चौकी को इस बारे में सूचित किया और सुरंग को निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक दस्ता मौके पर भेजा गया।

### हवालात में आत्महत्या पूरा थाना लाइन हाजिर

**जयपुर।** राजस्थान के ब्यावर जिले के जैतारण थाना क्षेत्र में अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी के हवालात में आत्महत्या करने के मामले में पूरा थाना लाइन हाजिर कर दिया गया है। ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह चौधरी ने शनिवार को बताया कि मामले में थानाधिकारी सहित थाने के सभी पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर पुलिस लाइन भेज दिया गया है।

### निर्दलीय विधायक की हृदयाघात से मृत्यु

**गुरुग्राम/चंडीगढ़।** बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद की शनिवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि 45 वर्षीय विधायक को सुबह दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

# हेमकुंड साहिब के कपाट खुले, पहला जत्था पहुंचा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को श्रृद्धालुओं के लिए विधिवत अरदास के साथ खोल दिए गए। पंज प्यारों की अगुवाई में श्रद्धालुओं का पहला जत्था धाम पहुंचा। इस मौके पर दो हजार संगतों की उपस्थिति रही।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने 22 मई को ऋषिकेश गुरुद्वारे से धार्मिक अनुयायियों के साथ मिलकर जत्थे को रवाना किया था। गोबिंद धाम (घांघरिया) से शनिवार सुबह पंज प्यारों की अगुवाई में जत्थे ने हेमकुंड साहिब पहुंचकर गुरु महाराज के चरणों में हाजिरी भरी। प्रातःकाल से ही हजारों की संख्या में देश-विदेश से श्रृद्धालु हेमकुंड साहिब पहुंचने लगे थे।



# महाराष्ट्र में हाईकोर्ट का जज बताकर जिला जज से ठग लिए 50 हजार रुपये

मुंबई, एजेंसी

- साइबर जालसाज ने दुबारा पैसे मांगे तब हुआ जज को संदेह

महाराष्ट्र में साइबर जालसाज ने खुद को हाईकोर्ट का जज बताकर सोलापुर के जिला न्यायाधीश से 50 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि साइबर जालसाज ने बम्बई हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की तस्वीर को व्हाट्सएप डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) के रूप में प्रयोग किया था।

मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की। शिकायत के अनुसार जिला जज को शुक्रवार को एक फोन नंबर से व्हाट्सएप पर संदेश मिला था, जिसमें डीपी पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश की तस्वीर लगी थी। जिला जज हाईकोर्ट के जज से परिचित थे और संदेश भेजने वाले ने 50 हजार रुपये मांगे थे और वह शाम तक वापस करने को कहा था। बिना कुछ पड़ताल किए जिला जज ने पैसा भेज दिया, लेकिन उन्हें एक और संदेश मिला, जिसमें उनसे और पैसे मांगे गए थे। इस पर जिला जज को संदेह हुआ। जिला जज ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार कार्यालय से संपर्क किया तो पता चला कि जिस न्यायाधीश की तस्वीर का इस्तेमाल हुआ था और उन्होंने कभी पैसे नहीं मांगे थे।

### नकली सीबीआई अफसर ने 19 लाख ठगे

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर के जवाहरनगर थाना क्षेत्र में सीबीआई के नकली अधिकारी ने एक वकील की पत्नी को मनी लॉन्ड्रिंग एवं हवाला मामले में गिरफ्तारी का भय दिखाकर 19 लाख रुपये ठग लिए। अग्रसेननगर निवासी मीरा सूद की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मीरा को 21 मई को फोन कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया।

# छत्तीसगढ़ की बारूद फैक्ट्री में विस्फोट, एक की मौत

बेमेतरा, एजेंसी

- छह लोग घायल, कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में शनिवार को बारूद फैक्ट्री में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि छह घायल हुए हैं। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट बेरला विकासखंड के पिरदा गांव के पास स्पेशल ब्लास्ट्स लिमिटेड नामक फैक्ट्री में हुआ। रायपुर के डॉक्टर भीमराव आंबेडकर अस्पताल की जनसंपर्क अधिकारी शुभ्रा सिंह ने बताया कि छह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जिनमें से दो घायलों को एम्स रायपुर ले जाया गया। विस्फोट स्थल का दौरा करने वाले राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं।

साव ने कहा कि मलबे में लोग फंसे हो सकते हैं, मलबा हटने के बाद मृतकों की संख्या स्पष्ट हो पाएगी। कहा कि मृतकों के परिजनों को पांच लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट के समय फैक्ट्री में करीब 100 लोग काम कर रहे थे।

# गूगल मैप के सहारे चला रहे थे कार नदी में जा गिरे

कोट्टायम, एजेंसी

- कार में सवार थे चार मेडिकल छात्र, पुलिस ने निकाला

तेलंगाना से केरल जा रहा वाहन शनिवार तड़के गूगल मैप नेविगेशन एप के माध्यम से गलत दिशा में जाने के कारण कुरुप्पनथारा पियर पुल पार करते समय नदी में गिर गया। वाहन में एक छात्रा सहित मेडिकल के चार छात्र थे, जिनको बचा लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक घटना करीब तीन बजे उस समय हुई जब हैदराबाद से आए पर्यटक गूगल मैप नेविगेशन के निर्देशों का पालन करते हुए मुन्नार पर्यटन गंतव्य केंद्र से अलाप्पुझा की ओर बढ़ रहे थे। कुरुप्पनथारा पियर ब्रिज पार करते वक्त उनका वाहन नदी में जा गिरा। पुलिस ने बताया कि पुल से पहले दो सड़कें हैं, एक नदी के साथ जाती है और दूसरी कम्बम-चेरथला होते हुए अलाप्पुझा की ओर जाती है, लेकिन गूगल एप के बाईं ओर मुड़ने के निर्देश पर वाहन नदी में गिर गया। इस दौरान एक छात्र पीछे की खिड़की से निकलने में सफल रहा और उसने स्थानीय लोगों के साथ पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस, अग्निशमन कर्मियों और स्थानीय लोगों ने कार से तीन पर्यटकों को बचाया। बाद में रस्सी की मदद से कार को नाले से बाहर निकाला गया।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने तीन नक्सली मार गिराए

**रायपुर/बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में शनिवार को सुरक्षाकर्मियों और माओवादियों में हुई दो मुठभेड़ों में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस ने बताया कि बीजापुर में दो नक्सली मारे गए जबकि सुकमा में एक मारा गया। बीजापुर में मिरतुर पुलिस थाना क्षेत्र के जप्पेमरका-कमकानार गांवों के पास जंगल में पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई, दोनों पक्षों में हुई गोलीबारी के बाद मौके से दो नक्सलियों के शव, हथियार आदि सामग्री मिलीं। वहीं, सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि बेलपोचा गांव के पास जंगली पहाड़ी पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई गोलीबारी में मौके से एक नक्सली का शव मिला।

**कुदरत** | मैगलगंज से 16 किमी दूर गांव धोबिया में स्थित है तपोवन सिद्धाश्रम

# गोमती नदी को जीवन दे रहे तपोवन के प्राकृतिक जलस्रोत

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** आम तौर पर मैदानी इलाके में प्राकृतिक जल स्रोत होने की कल्पना नहीं की जा सकती, लेकिन खीरी जनपद की सीमा पर हरदोई जिले में स्थित पिहानी अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबिया के तपोवन सिद्धाश्रम में एक-दो नहीं, दर्जनों प्राकृतिक जलस्रोत न सिर्फ यहां की रमणीयता को बढ़ाते हैं बल्कि पास से निकली गोमती नदी को जीवनदान दे रहे हैं। गुलाब जामुन के लिए मशहूर कस्बा मैगलगंज से 16 किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में स्थित बियाबान जंगल में यह आश्रम स्थित है। आश्रम को सिद्ध पुरुष स्वामी तारेश्वरानंद (नेपाली बाबा) ने बनाया था। वर्तमान में उनके शिष्य स्वामी नारायणानंद यहां के महंत हैं, जिनकी देखरेख में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है।

महंत के बुलावे पर वर्ष 2018 में यहां आए तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने अनेक जलस्रोत देखे तो बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने सबसे बड़े जल स्रोत के सौंदर्यीकरण और उसे पर्यटन के लिहाज से बनाने के लिए अभियंताओं की टीम बनाई। उनके प्रयास से 17 अगस्त 2019 में प्राकृतिक जलस्रोत का सौंदर्यीकरण हो गया, जिसका उन्होंने लोकार्पण किया। प्राकृतिक जलस्रोत के चारो ओर सजावटी पत्थर लगाकर आकर्षक कुंड बनवा दिए। जलस्रोत के कुंड को अलग कर दिया ताकि उसे नुकसान न पहुंचे। पुलकित खरे ने तपोवन के सिद्ध आश्रम में क्षीर सागर, शांति कुटी, पर्यटन विश्राम स्थल, सत्संग स्थल सहित कई मूर्तियों और बैठने के लिए बेंच बनवाए। आश्रम के महत्व को दर्शाने वाले शिलापट भी लगवाए। सफाई कराकर प्राकृतिक जल स्रोतों को भी खुलवाया। गोमती संरक्षण अभियान के अगुआ और गोमती नदी के आसपास की सांस्कृतिक विरासत को संकलित कर रहे सुशील सीतापुरी कहते हैं कि इन जलस्रोतों का पानी पूरे साल नदी में गिरता रहता है।

आश्रम में स्थित शिव मंदिर के शिवलिंग से हर समय जलधारा निकलती रहती है, जिसे देखने लोग दूर-दूर से आते हैं।



तपोवन सिद्धाश्रम में स्थित प्राकृतिक जलस्रोत में मस्ती करते बच्चे।

### तपोवन का कोई विकल्प नहीं : सीतापुरी



चपरतला खीरी की स्वयंसेवी संस्था सेवा सदन की ओर से सुशील सीतापुरी के संयोजन में 'मैं तुम्हारी गोमती हूं अभियान' की शुरुआत दिसंबर 2019 से की गई। अभियान का उद्देश्य गोमती की सांस्कृतिक विरासत का सर्वेक्षण और संकलन करना है। उनका निष्कर्ष है कि हरदोई के धोबिया गांव स्थित तपोवन के प्राकृतिक जल स्रोतों से दो किमी दूर बहती गोमती को पूरे साल नियमित जलापूर्ति होती है। इस नाते धोबिया के प्राकृतिक जल स्रोत ही गोमती के लिए 'वरदान' हैं। प्राकृतिक जल स्रोतों के मामले में तपोवन (धोबिया) का कोई विकल्प नहीं है।

## एक नजर

### शिक्षकों को आईआईटी गुजरात से मिलेगा प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 का निजी कॉलेजों की अपेक्षा फिसड्डी परिणाम देने वाले सरकारी कॉलेजों के गणित और विज्ञान विषय के शिक्षक गांधी नगर आईआईटी जाकर शिक्षण के रोचक ढंग सीखेंगे। इसके लिए 200 शिक्षकों को दो चरणों में विमान द्वारा गुजरात भेजा जाएगा। राज्य परियोजना निदेशालय की तैयार योजना के मुताबिक इसके लिए 5 से 9 जून पहला चरण और दूसरा चरण 24 से 28 जून निर्धारित किया गया है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षकों को भी निर्देश जारी किए गये हैं।

### गरीबों के बुरे दिन दूर नहीं हुए : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि केन्द्र में यूपीए हो या फिर वर्तमान की एनडीए सरकार, कुछ मुठ्ठी भर लोगों को छोड़कर देश के लगभग 125 करोड़ गरीब व मेहनतकश जनता के बुरे दिन दूर नहीं हुए हैं। उन्हें आत्म-सम्मान के साथ रोटी-रोजी का बुनियादी हक नहीं मिल रहा है। मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स में पोस्ट करते हुए कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी जैसी राष्ट्रीय समस्याओं से मुक्ति की चिंता करते हुए, सरकार चुनने का संकल्प के साथ मतदान करना होगा। तभी बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय संभव है। उन्होंने कहा कि अच्छी सरकार के लिए आपका वोट जरूरी है।



बलिया में आयोजित चुनावी जनसभा में भाजपा पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

# विपक्षियों का घोषणा पत्र देश के साथ गद्दारी करने वाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी ने सलेमपुर, बलिया, चंदौली और गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित
- तालिबानी शासन लागू करना चाहती है कांग्रेस, हर बड़े माफिया को सपा की सरपरस्ती

**अमृत विचारः** कांग्रेस सत्ता में आएगी तो तीन तलाक की कुप्रथा को फिर से शुरू करा देगी। विपक्षियों का घोषणा पत्र देश के साथ गद्दारी करने वाला है। कांग्रेस का घोषणा पत्र कहता है कि वह भारत में पर्सनल लॉ को लागू करेगा। इसका मतलब देश में शरिया कानून की इजाजत मिल जाएगी। इस तालिबानी कानून के चलते बेटियों को स्कूल जाने से वंचित कर दिया जाएगा।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बलिया की सलेमपुर लोकसभा, बलिया लोकसभा, चंदौली लोकसभा और गाजीपुर लोकसभा में प्रचार के दौरान कही। इस दौरान योगी ने लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की।

### सत्ता पाने के लिए लेते हैं झूठ का सहारा

योगी ने सलेमपुर लोस. की जनसभा में इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग सत्ता पाने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। कहते हैं कि भाजपा संविधान बदल देगी जबकि इनका घोषणा पत्र कहता है कि सत्ता में आने के बाद ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को बांट देंगे, पर्सनल लॉ लागू करेंगे।

### तेजी से हो रहे बाढ़ बचाव के लिए कार्य

बलिया में योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने यहां राजकीय पॉलीटेक्निक, राजकीय महाविद्यालय, इंटर कॉलेज दिया है। बस स्टैंड भी बन रहा, मेडिकल कॉलेज, वॉटर वे निर्माण और बाढ़ बचाव के लिए कार्य भी तेजी से हो रहे हैं। अब यहां पर अराजक वातावरण में नहीं बल्कि शांति से रहते हैं

### भय और आतंक के साये में जीते थे

मुख्यमंत्री ने चंदौली की जनसभा में कहा कि आज सबसे अधिक वॉटर वे का लाभ चंदौलीवासियों को ही मिल रहा है। योगी ने गाजीपुर की जनसभा में कहा कि एक समय था, जब गाजीपुर हो आजमगढ़, मऊ हो या आसपास के जिले भय और आतंक के साये में जीते थे।



गोरखपुर में संयुक्त चुनावी जनसभा में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव। अमृत विचार

# भाजपा के डबल इंजन टकरा रहे, निकल रहा धुआं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव ने देवरिया और गोरखपुर सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में की जनसभा
- गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित जनसभा को प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी किया संबोधित

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने फिर दावा किया है कि जो लोग 2014 में आए थे 2024 में उनकी विदाई तय है। 140 करोड़ की जनता भाजपा को 140 सीटों पर ही निपटा देगी। लोग भाजपा के झूठे वादों पर भरोसा नहीं कर रहे है। भाजपा के डबल इंजन आपस में टकरा रहे हैं। उनसे धुआं निकल रहा है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को देवरिया लोस सीट से कांग्रेस पार्टी इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह के लिए पथरदेवा में और सपा इंडी गठबंधन की गोरखपुर लोस. से प्रत्याशी काजल निषाद के पक्ष में रामगढ़ ताल के निकट संयुक्त चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

### भाजपा के लोग स्तरहीन बात करते हैं

वहीं, गोरखपुर में इंडिया गठबंधन सपा की प्रत्याशी काजल निषाद के समर्थन में आयोजित जनसभा कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विपक्ष के नेताओं के खिलाफ ऐसे शब्दों का प्रयोग करते हैं, जो प्रधानमंत्री पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। मोदी ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा गिराई है। इनकी असलियत देश के सामने आ गई है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग स्तरहीन बात करते हैं। वह महंगाई बेरोजगारी की बात नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन कांग्रेस, सपा सभी ने मिलकर बहुत मजबूती से चुनाव लड़ा है। इंडिया गठबंधन किसानों गरीबों और जनता के हित में फैसला लेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले चरण से ही जनता ने अपने हाथों में चुनाव की कमान संभाल ली है।

### जनसभा में ये रहे मौजूद

गोरखपुर की संयुक्त चुनावी जनसभा में कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे, सपा के जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम, महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी, रामरति निषाद, अमरेश निषाद पूर्व विधायक यशपाल रावत समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# कहीं ईवीएम खराब तो कहीं फर्जी मतदान की अफवाह

## छठा चरण: मतदान के दौरान अलग-अलग घटनाओं को लेकर निर्वाचन आयोग में दर्ज कराईं शिकायतें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सोशल मीडिया पर सामने आती रहीं विपक्ष की शिकायतें

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में मतदान के दौरान अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों में विपक्ष की ओर से निर्वाचन आयोग में शिकायतें दर्ज करायीं गईं है। कहीं ईवीएम खराब होने, कहीं फर्जी मतदान तो कहीं प्रत्याशी के आचार संहिता का पालन न करने की भी घटनाएं सामने आयीं। कहीं-कहीं सपा और भाजपा समर्थकों के बीच छिटपुट झड़प भी हुई।

इस क्रम में प्रयागराज के करेली में शनिवार की दोपहर एक मतदान स्थल पर सहायक पुलिस आयुक्त पुष्कर वर्मा के साथ नोंकझोंक के बाद पूर्व सांसद और सपा के वरिष्ठ नेता रेवती रमण सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया। उधर, सपा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए आरोप लगाया है कि अंबेडकरनगर लोकसभा की टांडा विधानसभा में बूथ संख्या 161 पर बीएलओ की भाजपा समर्थकों ने पिटाई की इसके अलावा उसे धमकी देकर बूथ से निकाला।

वहीं, बस्ती लोकसभा के सदर विधानसभा में एक बूथ पर भाजपा के नेताओं द्वारा फर्जी मतदान का आरोप भी सपा ने लगाया। इसके अलावा आरोप लगा कि एक अन्य बूथ पर सपा एजेंट द्वारा रोके जाने पर उसके साथ मारपीट की गई है।

ऐसे ही आरोप जौनपुर लोकसभा की मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा में बूथ संख्या 385 के लिए भी सामने आए। यहां चर्चा रही कि भाजपा के लोगों द्वारा फर्जी मतदान कराया जा रहा है। इतना ही शाहगंज विधानसभा के बूथ संख्या-136 पर भाजपा के लोगों द्वारा मतदान बाधित करने और सुलतानपुर लोकसभा के बूथ संख्या-86 पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सपा के लोगों को डराने धमकाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष मतदान के लिए आयोग से संज्ञान लेने की अपील की है।

आजमगढ़ में सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने सुबह कई मतदान केंद्रों का दौरा किया और पत्रकारों से बातचीत में अपनी जीत का भरोसा जताया। जौनपुर से भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह ने जौनपुर जिले के मल्हनी क्षेत्र के सहोदर पुर में अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान किया और लोगों से मतदान की अपील की।

समाजवादी पार्टी ही नहीं कांग्रेस की ओर से भी एक्स पोस्ट करके अंबेडकर नगर के इंडी गठबंधन प्रत्याशी लालजी वर्मा को नजरबंद किये जाने की सूचना दी गई। इस पोस्ट में कहा गया कि, भाजपा सरकार हार के डर से इतना बौखलाई हुई है कि खुलेआम तानाशाही पर उतर आई है। कांग्रेस ने इसी पोस्ट में भारत निर्वाचन आयोग का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा, सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर हमारे गठबंधन के प्रत्याशी को घर से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है व मतदाताओं को धमकाया जा रहा है। वहीं भाजपा समर्थकों ने भी सपा कार्यकर्ताओं पर दबंगई दिखाने का आरोप लगाया।

### सुचारू चला मतदानः आंद्रा वामसी



जिलाधिकारी बस्ती आंद्रा वामसी ने हरैया विधान सभा (307) के बूथ नंबर 192 पर धीमी वोटिंग और पार्टी के एजेंट को भगाने के संबंध में की गई शिकायत को निराधार करार दिया। उन्होंने बताया कि मतदान सुचारू रूप से चलता रहा। जहां भी ईवीएम को बदलने की स्थिति हुई तुरंत बदला गया और ईवीएम व वीवीपैट मशीन में कुछ स्थलों पर आई तकनीकि खराबी को समय रहते सही किया गया। वहीं, कोतवाली सदर पुलिस ने जिलाधिकारी को जानकारी दी कि फेसबुक पर वीवीपैट का फोटो वायरल करने वाले अरविन्द चौधरी पुत्र रामजीत चौधरी निवासी मनहनडीह थाना कोतवाली बस्ती नामक व्यक्ति हिरासत में लिया गया है। उस पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### अखिलेश ने स्ट्रांग रूम की बिजली कटने पर किया सचेत

शनिवार को मतदान के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करके स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम में छेड़छाड़ की आशंका जाहिर की। उन्होंने शिकायत में कहा कि हमीरपुर के स्ट्रांग रूम में पांच बार बिजली जा चुकी है। उन्होंने चुनाव आयोग से संज्ञान लेने को भी कहा है। अखिलेश यादव ने पोस्ट में लिखा, हमीरपुर में जहां चुनाव के बाद ईवीएम रखे हैं वहां के स्ट्रांग रूम में पांचवी बार बिजली कटी है। चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन इसका तुरंत संज्ञान लें। सभी सपा प्रत्याशियों और जुझारू कार्यकर्ताओं से यही अपील है कि इसी तरह पूरे प्रदेश में, ईवीएम के स्ट्रांग रूम पर निगाह रखें और गड़बड़ी की किसी भी आशंका की सूचना हमें दें।

# 40,175 ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान



छठे चरण की चुनाव संबंधी जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 14 सामान्य प्रेक्षक, आठ पुलिस प्रेक्षक थे तैनात

**अमृत विचारः** छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर 40,175 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पोस्टल बैलेट के जरिये अर्ह श्रेणियां 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवायें व मतदान कार्मिकों ने मतदान किया।

इसके अलावा कुल 35,532 सेवा मतदाताओं को भी रिटर्निंग अधिकारी के जरिये इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (ईटीपीबीएस) से पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की गई। 12,494 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया है। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से 14 सामान्य प्रेक्षक, आठ पुलिस प्रेक्षक व 18 व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये थे। इसके अलावा 2,192 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 282 जोनल मजिस्ट्रेट, 24 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2,833 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये।

# प. बंगाल में की थी चोरी वाराणसी से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** पश्चिम बंगाल के उत्तरदीनापुर जिले में एक कारोबारी के बंद मकान में लाखों की चोरी करने वाले आरोपी को शनिवार वाराणसी से गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से चोर को पहचाना था। मामला बढ़ने के बाद आसपास के प्रदेशों की पुलिस चोर को तलाशने लगी।

उत्तरदीनापुर जिले के कारोबारी सुभाशीष कुंड अपनी पत्नी का इलाज कराने बंगलूरू गए थे। घर खाली देख वाराणसी निवासी अर्जुन पासवान ने बड़ी चोरी को अंजाम दिया। इस दौरान चोर ने पांच लाख की नगदी, 25 लाख के गहने और 10 लाख कीमत के अन्य धातु चोरी कर लिया।

फोटो वायरल होने के कारण वाराणसी एसटीएफ को चोर अर्जुन पासवान को वाराणसी में होने की सूचना मिली। इस दौरान निरीक्षक अनिल कुमार सिंह सहित अन्य एसटीएफ कार्मिक मौके पर पहुंचकर अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर 10 लाख रुपए नगद बरामद किए।

# आधी-अधूरी तैयारी में शुरू किया सत्र, मुश्किल में मेडिकल कॉलेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आठ मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं मिली पर्याप्त
- निरीक्षण के लिए एनएमसी ने पहली बार शुरू की है ऑनलाइन सुविधा

**अमृत विचारः** आधी अधूरी फैकल्टी व अन्य संसाधनों के अभाव में एमबीबीएस का सत्र शुरू करने से चिकित्सा विश्वविद्यालय व प्रथम व द्वितीय चरण में शुरू होने वाले मेडिकल कॉलेज आदि के लिए मुश्किलें खड़ी हो गईं हैं।

शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्तिथि और छात्रों के लिए लाइब्रेरी, फर्नीचर आदि संसाधन न होने पर नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने भारी भरकम आर्थिक दंड लगाने के साथ ही दो माह में खामियों को दूर करने का मौका भी दे दिया है। खामियां न दूर होने पर पुनः अर्थ दंड के साथ ही कॉलेजों की मान्यता पर भी संकट पड़ सकता है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव ने समय पर कॉलेजों में तय मानक पूरे करने का आश्वासन दिया है।

फेज वन में शुरू होने वाले सभी पांच मेडिकल कॉलेज, बस्ती, अयोध्या, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर व बहराइच पर आर्थिक जुर्माना लगाया गया है। इसी प्रकार दूसरे चरण के आठ मेडिकल कॉलेजों में भी शिक्षकों की पर्याप्त संख्या में बायोमेट्रिक उपस्तिथि नहीं मिली है। जिसे कॉलेज प्रशासन ने बायोमेट्रिक मशीन खराब होना स्वीकार भी किया है। जिसके बाद एनएमसी द्वारा जुर्माना तय कर दिया गया है। बदायूं व फतेहपुर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्यो का कहना है कि 30 फीसदी शिक्षकों की कमी है, नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। हालांकि वहीं फेज तीन में शुरू होने वाले 14 मेडिकल कॉलेजों को शिक्षकों की पर्याप्त संख्या मिल चुकी है, मगर सत्र शुरू न होने की वजह से जुर्माने से बचे हैं। अन्य प्रधानाचार्यों का कहना है अभी उनके पास किसी प्रकार का पत्र या ऑनलाइन नोटिस नहीं प्राप्त हुई है। शिक्षकों में प्रमोशन प्रक्रिया पूर्ण होने पर संकाय सदस्यों की कमी दूर हो सकती है। इसके अलावा मरीजों की भीड़ के चलते संसाधन जुटते रहते हैं।

### फंस सकता है मामला

मेडिकल कॉलेजों में तय मानक के निरीक्षण के लिए एनएमसी ने पहली बार ऑनलाइन सुविधा शुरू की है। शिक्षकों की 75 प्रतिशत उपस्तिथि न मिलने के साथ तय मानक अधूरे मिलने पर एनएमसी द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कॉलेज के अधिकारियों से जानकारी भी ली, कॉलेज प्रशासन ने खामियों को स्वीकार भी किया है। मेडिकल कॉलेजों में लगाए गए अर्थदंड को भरने के बाद वित्तीय वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट में कॉलेज प्रशासन को वजह स्पष्ट करनी होगी। दंड की जिम्मेदारी तय होने के बाद कई अधिकारियों की गर्दन फंस सकती है। जिम्मेदार अधिकारियों से जुर्माने की भरपाई पर अधिकारियों ने बोलने से इंकार कर दिया है।

# कार्यकारी सहायक लापता, प्राथमिकी दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत नगरीय वितरण खंड महानगर के अधिशासी अभियंता भविष्य कुमार सक्सेना ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि गाजीपुर इंदिरा नगर क्षेत्र निवासी कार्याकारी सहायक अजय कुमार विभागीय राजस्व के साथ बीते 19 अप्रैल से अनुपस्थित चल रहे हैं।

उन्होंने काउंटरों से प्राप्त विभागीय धनराशि जमा नहीं कराई है। ऐसे में उनको निलंबित कर अलीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अगले तीन दिन के अंदर उपस्थित होकर विभागीय धनराशि जमा करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करें। इसके बाद विभागीय राजस्व की वसूली धाना -5 के माध्यम से की जाएगी, जिसके वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# विचाराधीन फाइलों पर काम करें समीक्षा अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- सचिवालय में 2041 समीक्षा अधिकारी पद के सापेक्ष 648 रिक्त
- शासकीय कार्य प्रभावित न हो इसके लिए मैनुअल में प्रदत्त जिम्मेदारी पूरी करें

**अमृत विचारः** सचिवालय में इस समय 2041 समीक्षा अधिकारी पदों के सापेक्ष 1393 समीक्षा अधिकारी कार्य कर रहे हैं। समीक्षा अधिकारियों की कमी से शासकीय कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए सचिवालय प्रशासन के प्रमुख सचिव के रविन्द्र नायक ने हर समीक्षा अधिकारी को नियमानुसार रोजाना कम से कम 7.5 पीयूसी (विचाराधीन फाइलें) संपादित करनी होगी।

सचिवालय प्रशासन के प्रमुख सचिव ने बताया कि वर्तमान में समीक्षा अधिकारियों के 648 पद रिक्त हैं, मगर 322 पदों पर नियुक्ति के लिए यूपीएससी को अधियाचन भेजा जा चुका है, प्रक्रिया जारी है। इसलिए शासकीय कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए सचिवालय मैनुअल में प्रदत्त जिम्मेदारी के तहत सभी समीक्षा अधिकारियों से रोजाना कार्य की अपेक्षा की जाती है। जबकि वर्तमान में औसतन प्रत्येक समीक्षा अधिकारी तीन पीयूसी भी नहीं कर रहा है।

### कई मंडल की है जिम्मेदारी

उप्र. सचिवालय संघ के पूर्व सचिव ओकार नाथ तिवारी सचिवालय मैनुअल में प्रदत्त जिम्मेदारियां साल 1980 या 2000 के पहले की हैं। सचिवालय कंप्यूट्रीकृत नहीं हुआ थी। वर्तमान में सिस्टम ऑनलाइन हो गया है। वर्तमान में एक-एक समीक्षा अधिकारी के ऊपर कई -कई मंडल की जिम्मेदारी है और अनुभाग अधिकारी द्वारा सीधे समीक्षा अधिकारी को ऑनलाइन दी जाती है, समीक्षा अधिकारी ही अग्रसारित करते हैं। मैनुअल में संशोधन कर जिम्मेदारी कम करनी चाहिये, शासन को रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्ति पर ध्यान देना चाहिये। क्योंकि सचिवालय, सर्वोच्च शासकीय संस्था है।

**चिंताजनक** अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जुड़े हैं लखनऊ के तस्करों के तार, एनसीबी कर रही जांच, रेव पार्टियों के बढ़ते चलन के साथ नशे के दलदल में फंस रहा युवा वर्ग

# सिंथेटिक ड्रग की गिरफ्त में प्रदेश, सालाना 300 करोड़ से ज्यादा का कारोबार

सुनील कुमार मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ सहित प्रदेश के प्रमुख शहरों में सिंथेटिक ड्रग का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में सिंथेटिक दवाओं का सालाना करीब 300 करोड़ से अधिक का कारोबार हो रहा है। लेकिन वैध दवाओं की शक्ल में बिक रहा यह नशा मुश्किल से 10 फीसदी ही पकड़ में आ रहा है। शुक्रवार को एसटीएफ ने ट्रॉमाडोल टैबलेट्स के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ में सामने आया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में दवाओं की बिक्री कर रहे थे। यह इनपुट मिलने के बाद एनसीबी की टीम इस सिंडिकेट का पता लगाने में जुट गई है।

नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की जांच में सामने आया कि रेव पार्टियों के बढ़ते चलन ने सिंथेटिक ड्रग के कारोबार को बढ़ा दिया है। नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम जैसे शहरों के बाद लखनऊ में भी यह तेजी से पैर पसार रहा है। गांजा, चरस, अफीम जैसे प्राकृतिक मादक पदार्थों से तैयार होने वाले नशे के मुकाबले रसायनिक तत्वों से बनाए जा रहे सिंथेटिक ड्रग आसानी से सुलभ और ज्यादा उत्तेजक हैं। इसलिए युवा जल्दी इसकी लत पकड़कर नशे के दलदल में फंसते जा रहे हैं। इसमें कुछ दवाएं ऐसी भी हैं जिनकी एक डोज ही जिंदगी के लिए घातक साबित हो सकती है। नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने चार साल में जितने मादक पदार्थ पकड़े उनमें 20 से 30 फीसदी सिंथेटिक ड्रग शामिल हैं। 2020 से अब तक एनसीबी ने प्रदेश भर से करीब 60 हजार किलो मादक पदार्थ पकड़े हैं। इनकी बाजार कीमत 400 करोड़ रूपये से ज्यादा है। इसमें बड़ी मात्रा में नाइट्राजपॉम, अल्प्राजोलम, क्लोनाजपॉम, एमडीएम, एलएसडी और नशीली दवाओं में उपयोग होने वाला घातक रसायन एसिटिक एनहाइड्राइड शामिल है।

### गृह विभाग की सख्ती से बदला तरीका

नॉरकोटिक कंट्रोल ब्यूरो के क्षेत्रीय निदेशक प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय बेहद सख्त है। इसकी ट्रैफिकिंग, मॉनिटरिंग और सीजर के लिए सभी प्रदेश में एंटी नॉरकोटिक्स फोर्स का भी गठन कर दिया गया है। इससे बड़े पैमाने पर प्रदेश में आने वाला गांजा, चरस, अफीम और इससे जुड़े नशीले उत्पादों की तस्करी कम हुई है। जिसकी वजह से अब सिंथेटिक ड्रग का चलन बढ़ता जा रहा है। खुले बाजार में बिकने वाली साइक्रेटिक दवाओं के रूप में यह ड्रग बिक रहा है। इन दवाओं की पहचान के बावजूद इनमें साइको एक्टिव पदार्थ की मात्रा तत्काल नहीं मापी जा सकती इस वजह से इस पर पूरी तरह नकेल नहीं कस पा रही है।

### वर्षवार बरामदगी और कीमत

| वर्ष | मात्रा (किग्रा) | कीमत |
|---|---|---|
| 2020 | 17834.79 | 59.42 करोड़ |
| 2021 | 33948.153 | 63.84 करोड़ |
| 2022 | 6024.916 | 194.32 करोड़ |
| 2023 | 1222.736 | 9.67 करोड़ |
| 2024 मई तक | 668.10 | 11 करोड़ |

### 6 से 10 हजार तक की एक डोज

एनसीबी के विशेषज्ञों के मुताबिक कुछ नशे बेहद मंहगे हैं जो बड़ी-बड़ी पार्टियों में परोसे जा रहे। इनमे एलएसडी और एमडीएमए ज्यादा चलन में है। उन्होंने बताया कि वैक्टिरिया के वजह के बराबर एलएसडी के एक डोज की कीमत 6 से 10 हजार रूपये है। जबकि एमडीएमए 40 से 40 हजार रूपये प्रतिग्राम की रेट से बिक रहा है। इसकी एक डोज 8 से 10 हजार रुपये तक होती है। दोनों ड्रग पाउडर फार्म में होते हैं।

### एक डोज ही ले सकती है जान

मनोचिकित्सक डॉ. आशुतोष का कहना है कि साइको एक्टिव सब्सटेंस की मात्रा अधिक होने की वजह से एक डोज लेने के बाद लोगों की मौत हो गई है। उनका कहना है कि मर्ज और रोगी की स्थित के हिसाब से दवा की डोज निर्धारित होती है। लेकिन नशे के लिए इसका सेवन करने वालों को अंदाजा नही होता कि वो कितनी मात्रा ले रहे हैं। यह उनके लिए घातक साबित हो सकता है।

# साइबर ठगी करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ को मिली सफलता कई लोगों को बनाया शिकार

**अमृत विचारः** उप्र. एसटीएफ ने फर्जी कॉल सेंटर खोलकर व विदेशी हैकरों व साइबर फ्रॉड करने गिरोह के छह सदस्यों को सफेदाबाद क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी टेलीग्राम आईडी प्राप्त कर ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार धोखाधड़ी करते थे।

एसटीएफ ने शनिवार को अंसल निवासी धीरज कुमार सिंह, इंदिरानगर निवासी तरुण पुरुषोत्तम गावरी, कोतवाली बाराबंकी निवासी अभिषेक, पिछौरी हैदरगढ़ निवासी सर्वजीत सिंह, नवाबगंज बाराबंकी निवासी रशीद खान एवं सफेदाबाद बाराबंकी निवासी अमन यादव को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही ने बताया गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आधारकार्ड, सिम कार्ड, चेक-बुक के संबंध में पूछा गया तो पता चला कि बरामद पांचों आधार कार्ड फर्जी हैं। धीरज, तरुण, सर्वजीत ने बताया की वह सभी राशिद, अमन, अभिषेक से विभिन्न बैंकों के कॉर्पोरेट बैंक अकाउंट उनकी चेक बुक, डेबिट कार्ड व सिम कार्ड खरीदते हैं, ये लोग हमसे टेलीग्राम के माध्यम से जुड़े थे। फिर हम लोगों से पिछले करीब एक वर्ष से ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से ठगी करते थे।

# रक्तदान करके लोगों को जीवन दे रहे शिक्षक

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली।


रक्तदान करता शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों के शिक्षक एक ग्रुप बनाकर रक्तदान का अभियान चला रहे हैं। ये शिक्षक अब तक सैकड़ों लोगों को रक्तदान करके उनको जीवन दे चुके है।

इसी क्रम में प्रयागराज के एक मरीज को मेदांता अस्पताल में जाकर रक्तदान किये। क्षेत्र के शिक्षक, समाज सेवक अतीस कुमार के बहुचर्चित रक्तदान महादान ग्रुप के सभी सदस्य सदैव आगे बढ़कर जरूरतमन्दों को निः स्वार्थ भाव से ब्लड डोनेट करते हैं। प्रयागराज के विनोद कनौजिया के लीवर ट्रांसप्लांट के लिए मेदांता अस्पताल लखनऊ के डाक्टरों ने ब्लड और प्लाज्मा तुरंत उपलब्ध करवाने के लिए कहा। जिससे विनोद कनौजिया का जीवन बचाया जा सके। विनोद के परिवारजन राकेश,अतीश से परिचित थे। अतीश कुमार के रक्तदान महादान ग्रुप के सदस्य बेसिक शिक्षा के एसआरजी सुनील कुमार यादव और प्राथमिक विद्यालय सावापुर नेवादा के सहायक अध्यापक आलोक रमन दीक्षित ने ब्लड और प्लाज्मा डोनेट किया, जिससे विनोद कनौजिया का आपरेशन सफल हुआ।

# पानी के संकट से जूझ रहे हैं कई गांव

संवाददाता,लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** लालगंज विकासखंड के कई गांवो के लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। लालगंज क्षेत्र के बेहटा कला, गोविंदपुर वलौली,तौधकपुर, दीपेमऊ,सोहवल,दतौली, चिमनामऊ, आदर्श नगर, जमुवावा, शेखवापुर, महमदमऊ आदि दर्जनों ऐसे गांव हैं, जहां पर पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। जबकि योगी सरकार के द्वारा हर घर को नल से पानी सप्लाई किए जाने की योजना का ढिंढोरा पीटा जा रहा है, लेकिन जल निगम के अधिकारी सरकार की योजना को पलीता लगाने में जुटे हुए हैं।

गोविंदपुर वलौली में करीब 40 वर्ष पूर्व बनी बन्ना मऊ पेयजल

**दिक्कत**

**हर घर नल योजना का नहीं है कोई अता-पता**

योजना पूरी तरह से ठप हो गई है। जबकि केवल नलकूप भ्रष्ट हुए हैं। अधिकारी चाहते तो नए नलकूप लगाकर पानी की सप्लाई कर सकते थे और बहुत ही कम खर्चे में कई गांवों को पानी मिल सकता था लेकिन अधिकारियों के द्वारा सरकारी धन के बंदरबांट की वजह से नई पानी की टंकी की योजना पर काम चल रहा है। इसके अलावा बहाई गांव में भी एक नलकूप भष्ट हो गया है जिसके कारण 15 हजार की आबादी के गांव में केवल एक बार ही पानी सप्लाई हो रहा है। गांवों के इंडिया मार्का नल पूरी तरह से खराब हो गए हैं और उनसे भी लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। इसी तरह वाजपेई पुर मजरे सोडासी गांव के लोग भी पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। गांव के बाहर एक किलोमीटर दूर एक इंडिया मार्का नल लगा है। गांव के लोग उसी से पानी लाते हैं। जल निगम के नलकूप कई वर्षों से खराब पड़े हैं। अधिकारियों के द्वारा नलकूपों को ठीक नहीं कराया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के सेक्टर संयोजक अभिषेक शुक्ला ने कहा कि जल निगम के अधिकारी सरकार की योजनाओं पर पानी फेर रहे हैं जिसके कारण जनता को भारी मुसीबत उठानी पड़ रही है। अभिषेक शुक्ला ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है।



शोपीस बनी पानी की टंकी।

> लालगंज ब्लाक के अधिकतर जगहों पर पुरानी टंकियां बनी हुई हैं, जहां पर समस्याएं हैं। क्षेत्र में कई जगहों पर जल जीवन मिशन के तहत टंकियां बन रही हैं, जिन पर तेजी से काम चल रहा है। जल्द ही पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त होगी।
>
> –सफीकुर्रहमान, अधिशाषी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

संवाददाता,बछरावां, रायबरेली


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज रेल खंड पर कन्नावा आउटर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कट कर एक युवक की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मनोज उम्र 35) पुत्र कृष्ण पाल निवासी इचौली थाना बछरावां की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटने से मौत हो गई। ग्रामीणों की माने तो मनोज मुंबई में नौकरी करता था, अभी कुछ ही दिन पूर्व घर आया था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत कोतवाली प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# टूटे दरवाजे व पान की पीक, यह है जिला चिकित्सालय की तस्वीर

## सीएमएस की पैनी नजर के बावजूद अस्पताल के शौचालयों में फैली गंदगी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के दावों की धज्जियां उड़ा रहे शौचालय के बंद पड़े दरवाजे

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला चिकित्सालय के वार्डों में बनाए गए शौचालयों के टूटे दरवाजे, सीट पर फैली गंदगी व बंद पड़े दरवाजे सीएमएस के दावों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। यहां पर गंदगी इस कदर फैली हुई है कि शौचक्रिया करना तो दूर किसी को बाथरूम तक न हो। इन शौचालयों के कई दरवाजों में लगाए गए ताले भी जंग खा रहे हैं। कुछ तो अंदर से बंद करा दिए गए हैं। जो धक्का देने के बाद भी नहीं खुल रहे हैं। अब ऐसी अव्यवस्थाओं के बीच फंसे मरीज व तीमारदारों को मजबूरन परेशानी झेलनी पड़ रही है। जबकि ऑन ड्यूटी होने पर सीएमएस प्रतिदिन अस्पताल का बारीकी से निरीक्षण करने प्रमाण दे रहे हैं इसके बावजूद भी उन्हें मरीजों व उनकी तीमारदारों को होने वाली यह समस्या आज तक नजर नहीं आई।


शनिवार को अमृत विचार के कैमरे में कैद जिला चिकित्सालय के बदहाल शौचालयों की तस्वीर देखकर आप सहज से अंदाज लगा सकते हैं कि यहां की साफ-सफाई और जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के दावों में कितना दम है। बर्न वार्ड के सामने एक ही परिसर में कुल आठ शौचालय हैं। जिसमें से क्रमशः स्नानागार व मुंह व कुल्ला करने के लिए एक वास वेसिंग है। इनमें से एक शौचालय में ताला लगा है जिसे जंग खा रहा है। इसके अलावां दो दरवाजे अंदर से बंद किये गये हैं। इसके सामने के शौचालय में एक का दरवाजा नीचे के हिस्से से टूटा है तो एक शौचालय का पूरा दरवाजा बाहर टूटा हुआ रखा है। यही नहीं यहां पर जो वास वेसिंग लगी है वह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। पाइप न लगी होने से प्रयोग में लाते समय वास वेसिंग का गंदा पानी मरीज व तीमारदारों के ऊपर ही गिरता है। यहां के स्टाफ की लापरवाही की वजह से कोने में कूड़े कचरा का ढेर लगा हुआ जिससे दुर्गंध उठ रही है। वार्डों में भर्ती मरीजों को स्वस्थ रखने के लिए चिकित्सा के साथ-साथ साफ, स्वच्छ वातावरण देना भी आवश्यक है। जो चिकित्सालय प्रशासन नहीं दे पा रहा है। जिससे मरीज व उनके तीमारदार संक्रमण जैसी बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। इसी तरह वार्ड नंबर 3 के शौचालय परिसर का भी बुराहाल है। आलम यह है कि यहां पर भी एक में ताला बंद है तो दूसरे शौचालय को लोहे के तार से बंद कर दिया गया है। इसी परिसर के अधिकांश शौचालय के सिस्टन टूटे पड़े हैं। वास वेसिंग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हैं जिसे मरीज या तीमारदार द्वारा प्रयोग किया जाता है तो पानी सीधे उनके पैरों व कपड़ों पर गिरता है। यही नहीं यूरिनल बेसिंग टूटी व गायब हैं। शौचालयों की प्रतिदिन ठीक ढंग से सफाई न होने सफेद वास वेसिंग काली नजर आती है। इतना ही नहीं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण यहां से लोग टोटियां, वास वेसिंग की पाइप, काउंटर बेसिन या चोरी कर ले जाते हैं या फिर टूटने के बाद स्वास्थ्य महकमे द्वारा दूसरा लगाए जाने का प्रयास नहीं किया जाता है। अब ऐसी अव्यवस्थाओं के बीच वार्डों में भर्ती मरीजों व तीमारदारों को भारी परेशानी से गुजरना पड़ता है। जिला चिकित्सालय में साफ-सफाई व मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ देने का दावा करने वाले स्वास्थ्य विभाग की स्वच्छ तस्वीर का यह काला पहलू है।


वार्ड नंबर 3 के शौचालय में टूटा पड़ा सिस्टन।


वार्ड नंबर 3 के शौचालय में बंद पड़े ताले और किनारे पड़ा कूड़े का ढेर। अमृत विचार


बर्न वार्ड के सामने बने शौचालय के टूटे दरवाजे।


वार्ड नंबर 3 में लगे वॉश वेसिंन से गायब पाइप, काली पड़ी फर्श। अमृत विचार


बर्न वार्ड के सामने बने शौचालय में फैली गंदगी।

### पान व गुटखा से रंगीन हैं अस्पताल की दीवारें


पीक से रंगीन डायलिसिस को जाने वाले रैम्प के बगल की दीवार।


डायलिसिस को जाने वाले रास्ते की पीक से रंगीन दीवार।

सीएमएस के निर्देश पर जिला चिकित्सालय परिसर में जगह-जगह पान खाकर थूकना मना है लिखा गया है जिसका स्वास्थ्य कर्मी पालन करा पाने में पूरी तरह से फेल हैं। डायलिसिस को जाने वाले रैम्प की दीवार पर पान खाकर थूका गया है जो दीवार पूरी तरह से पान व गुटखा की पीक से लाल हो गई है। यहीं नहीं आगे बढ़ते ही कोने-कोने वाली जगह पान व गुटखों से रंगीन है। अस्पताल परिसर में इस तरह की फैली गंदगी से साफ है कि सीएमएस का निर्देश अब बेअसर है। जिसका अमृत विचार कैमरे में कैद यह तस्वीर साक्षी है।

### पीएम मोदी का स्वच्छ भारत अभियान फेल

जिला चिकित्सालय प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान के सपने को तोड़ता दिख रहा है। अस्पताल के किसी शौचालय में गंदगी फैली हुई है तो किसी में पानी भरा हुआ है। इसके चलते अस्पताल में आए मरीज शौचालय का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। सफाईकर्मियों का सफाई को लेकर आलम ये है कि बिना सफाई किए ही शौचालय परिसर में कूड़े कचरे का ढेर लगा रहे हैं।

> प्रतिदिन जिला चिकित्सालय परिसर का औचक निरीक्षण का स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाता है। सभी जगहों पर साफ-सफाई के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल परिसर में आने वाले प्रत्येक मरीज व तीमारदार को कोई असुविधा न हो इसका भी ख्याल रखा जा रहा है। अगर ऐसी कोई अव्यवस्था है तो उसे तत्काल दूर कराई जाएगी।
>
> –महेंद्र कुमार मौर्य, सीएमएस, जिला चिकित्सालय

### बड़े मंगल पर होगा भंडारा

**शिवगढ़, रायबरेली।** जेष्ठ मास के पहले बड़े मंगल पर 28 मई को क्षेत्र के शिवगढ़ नगर पंचायत अन्तर्गत शिवली स्थित औसानेश्वर महादेव के मंदिर में प्रात :काल सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा। जिसके समापन पर भण्डारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी कार्यक्रम के आयोजन विजय कनौजिया द्वारा दी गई।

### ई-रिक्शा चालक पर हमला

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के चड़रई चौराहा निवासी उमाकांत ई रिक्शा चालक है। शनिवार की सुबह करीब सात बजे वह चड़रई से ई-रिक्शा पर सीमेंट लादकर गुरुदीन का पुरवा गांव जा रहे थे। वह जैसे ही गुरुदीन का पुरवा नहर मोड़ पर पहुंचा, वहां पर पहले से घात लगाए बैठे तीन नकाबपोश लोगों ने अचानक उस पर हमला कर दिया। उन लोगों ने ई रिक्शा चालक उमाकांत को मारने लगे। किसी तरह उसने भागकर अपनी जान बचाई है। इस बीच नकाबपोश लोगों ने उसके ई-रिक्शा को लाठी डंडों के प्रहार से तोड़ डाला है, जिससे ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

### दबंगों ने महिला को पीटा

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पूरे सुकरू मजरे अहतमाली में शनिवार को दबंगों ने एक घर में घुस कर दो महिलाओं को पीट दिया। मामले की शिकायत सरेनी थाने में की गई है। क्षेत्र के कटरी इलाके के गांव पूरे सुकरू मजरे कुटिया अहतमाली निवासी सुखरानी व उसकी नाबालिग ननद सो रही थी तभी गांव के चार दबंगों ने घर में घुसकर पहले नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की शोर मचाने पर सुखरानी पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया। दोनों के सिर पर गंभीर चोटे आई हैं। पीडिता की ओर से मामले की शिकायत की गई है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि मेडिकल कराया जा रहा है मुकदमा दर्ज कराकर कार्यवाही की जाएगी।



**हाय रे गर्मी** शनिवार रायबरेली को अधिकतम तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया। इस दौरान छाता लगाकर धूप से बचाव करतीं युवतियां। ● अमृत विचार

# चिलचिलाती धूप में छाता बना युवतियों का सहारा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मई माह से सितह ढहाने वाली गर्मी अब मुसीबत बनती जा रही है। दोपहर में चिलचिलाती धूप लोगों को झुलसा रही है। जिसके चलते दोपहर में बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है तो लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो रहे हैं। जो लोग बाहर निकल रहे हैं तो वह सिर व मुंह पर कपड़ा ढक कर निकल रहे हैं।

शनिवार को अधिकतम तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बिजली की धुआंधार कटौती को लेकर हर तरफ हो हल्ला मचा हुआ है। कारण शेड्यूल से काफी कम बिजली आपूर्ति हो रही है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को गर्मी से निजात नहीं मिल पा रही है।

वहीं पसीने से तर बतर होने के साथ ही रात को भी बिजली कटौती होने से लोगों को गर्मी का दंश झेलना पड़ रहा है। स्कूल, कॉलेज या कोचिंग को आने जाने वाले बच्चे भी इस भीषण गर्मी में परेशान होते नजर आ रहे हैं। चिलचिलाती धूप में युवतियां तो छाता लेकर ही निकल रही हैं, लेकिन फिर भी यह गर्मी अभी शांत होने का नाम नहीं ले रही है। मौसम विशेषज्ञों की माने तो अभी लोगों को मौसम से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

**समस्या** लगातार पंजाब मेल लेट होने से यात्रियों को हो रही असुविधा, कई ट्रेनें भी देरी से चल रहीं हैं

# 8 घंटे देरी से आई पंजाब मेल, गर्मी से यात्री रहे परेशान

संवाददाता,रायबरेली।

**अमृत विचार।** रायबरेली से होकर जाने वाली लम्बी रूट की गाड़ियों की लेटलतीफी बढ़ गई है। अमृतसर और हावड़ा के बीच चलने वाली पंजाब मेल दशा बहुत ही खराब है।

इस ट्रेन का संचालन कई दिनों से बिगड़ा है, जिससे यात्री परेशान हो रहे हैं। यह गाडी 18 घण्टे से अधिक लेट रही। शुक्रवार को आने वाली यह गाडी शनिवार की सुबह 8 बजे रायबरेली रेलवे स्टेशन पहुंची। वही अमृतसर से आने वाले वाली दूसरी गाड़ी भी लगभग 1 घण्टे देरी से आई। एक ही दिन में एक रुट से दो-दो पंजाब मेल गाड़ियों को देख कर सभी दंग रहे। पंजाब मेल के संचालन पर पिछले एक महीने से असर पड़ा है जो लगातार जारी है। नतीजन अमृतसर से हावड़ा जाने वाली पंजाब मेल को शुक्रवार को दोपहर 12 बजे रायबरेली पहुंचनी थी। लेकिन 18 घंटे से ज्यादा लेट होने के कारण दूसरे दिन शनिवार सुबह पहुंच सकी।शनिवार को आने वाली गाड़ी भी करीब एक घण्टे देरी से पहुंची।वहीं,हावड़ा से अमृतसर जाने वाली गाड़ी भी करीब दो घण्टे लेट रही। इसी तरीके से इस रूट से निकलने वाली जनता सहित कई गाड़िया लेट चल रही है। स्टेशन अधीक्षक रवि रंजन कुमार ने बताया कि इस समय पंजाब मेल देरी से आ रही। जल्द ही सभी गाड़ियों का संचालन सही हो जाएगा।


रेलवे स्टेशन पर पंजाब मेल ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। अमृत विचार

### स्कूलों में अवकाश के बाद बढ़ी आने-जाने वालों की भीड़

स्कूलों में बच्चों के अवकाश के बाद ट्रेनो में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार के लिए बड़ी संख्या में लोग रहते है। वहीं, इस समय हो रही भीषण गर्मी के बीच ट्रेनों की देरी लोगों के लिए और मुसीबत बनीं रहती है। ट्रेन के लेट होने से घं्टों इंतजार करना पड़ता है। जिसकी वजह से स्टेशन पर भारी भी जुट रही है। अमूमन सबसे ज्यादा भीड़ जनता और पंजाब मेल में देखने को मिल रही है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की इस कदर रहती है कि पैर रखने की भी जगह नही दिखती है। सबसे ज्यादा समस्या बच्चों को रहती है जो ज्यादा भीड़ परिजनों को परेशान करते दिखते है।

### स्टेशन पर नहीं मिलता ठंडा पानी

रायबरेली स्टेशन पर वैसे तो पेयजल के लिए कई जगह व्यवस्था है। लेकिन इस भीषण गर्मी में इन नलों से ठंडा पानी नहीं मिल रहा है। यात्रियों को मजबूरन बाहर से पानी की बोतल खरीदकर प्यास बूझानी पड़ रही है। यात्री राकेश, अजय यादव, श्रद्धा, व मनोज ने बताया कि स्टेशन में लगे फ्रीजर और नलों में पानी लेने गए लेकिन उसमे ठंडा पानी नहीं आ रहा है। इस भयंकर गर्मी में ठंडा पानी पीने के लिए बाहर से बोतल खरीदकर प्यास बुझानी पड़ी। वहीं ट्रेनों से भी उतर कर यात्री सबसे पहले बोतलों में पानी लेने भागते है लेकिन उन्हें ठण्डा पानी नहीं मिलता है। वहीं, बताया जाता है कि जब बिजली रहती है तो फ्रीजर चलाया जाता है नहीं तो सामान्य तरीके से व्यवस्था रहती है जिसकी वजह से पानी ठंडा नहीं मिल पा रहा है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### 31 लाख रुपये की स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को मसौली पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र सफदरगंज के ग्राम ग्राम सिकन्दरपुर निवासी गिरधारी उर्फ लाला को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी के पास से पुलिस ने 310 ग्राम स्मैक बरामद की। बरामद स्मैक की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 31 लाख रुपये के आसपास बताई जा रही है।

### चाकू के साथ पकड़ा गया शातिर अपराधी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को मसौली पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट का वांछित ग्राम दुर्गा रोड़ कटरा बांसा निवासी अबू जीशान कुरैशी को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। यह काफी दिनों से वांछित चल रहा था।

### दो जुआरी दबोचे गये

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेलने को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को फतेहपुर पुलिस ने सन्दीप मिश्रा व अभिषेक श्रीवास्तव को एक गड्डी ताश के पत्ते व 750 रुपये के साथ जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### 52 आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** संदिग्ध व्यक्तियों व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को अलग अलग थाना क्षेत्रों से शांतिभंग की आशंका को देखते हुए पुलिस ने 52 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। 12 वांछित आरोपियों को पुलिस रने गिरफ्तार किया।

# अघोषित बिजली कटौती से दिन का चैन और रात की नींद हराम

## शहर में रात में हो रही पांच से छह घंटे तक की कटौती, लखपेड़ाबाग में दो घंटे के दौरान 20 बार कटी बिजली, ग्रामीण क्षेत्रों की हालत और खराब

गर्मी के तेवर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती के कारण लोगों का हाल बेहाल और रात की नींद भी हराम है। पारा 43 डिग्री के पार है। मौसम विभाग ने भी अगले एक हफ्ते तक हीटवेव के साथ ही वॉर्म नाइट का कहर जारी रहने की चेतावनी जारी की है। ऐसे में झुलसाती गर्मी का असर लोगों की सेहत पर बहुत ज्यादा पड़ रहा है।

डाक्टर बच्चों, बुजुर्गो और गर्भवती महिलाओं को गर्मी से बचने की सलाह दे रहे हैं। वहीं तापमान बढ़ने के साथ जिले में अघोषित बिजली कटौती की समस्या भी बढ़ती चली जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बमुश्किल आठ से 10 घंटे ही बिजली की आपूर्ति की जा रही है तो कस्बा और जिला मुख्यालय में भी दिन और रात मिलाकर घंटो बिजली की कटौती जारी है। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी फाल्ट, ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या जारी है। हालांकि पॉवर कॉरपोरेशन के जिम्मेदार अधिकारी तय शेड्यूल के मुताबिक निर्बाध बिजली आपूर्ति का दावा कर रहे हैं।

लखपेड़ाबाग में पांच से छह घंटे की कटौती की जा रही है। शुक्रवार रात करीब साढ़े 10 बजे से बिजली कटनी शुरू हुई और देर रात कर ट्रिपिंग के साथ लो-वोल्टेज की समस्या जारी रही। अतुल ने बताया कि शुक्रवार रात 11 से एक बजे के बीच कम से कम 20 बार बिजली कटी होगी। रात में ओबरी पॉवर हाउस के कस्टमर केयर के साथ जेई और एक्सईएन तक फोन मिलाया। लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। यही हाल विकास भवन रोड, घंटाघर, कानूनगोयान, रसूलपुर, नेबलेट, बेगमगंज, लाजपतनगर, दीनदयालनगर, सत्यप्रेमीनगर, दयानंदनगर, टीवी क्लीनिक, आवास विकास, पायनियर चौराहा, तहसील कालोनी, कृष्णानगर, अभयनगर, कटरा, सत्यप्रेमी नगर, कंपनीबाग, सिविल लाइन, गुलरिया गार्दा और बंकी का भी है। कृष्णा नगर निवासी रामकुमार ने बताया कि रात में एक बार लाइट जाती है तो आधे से पौन घंटे बाद ही आती है। इस तरह से रात भर में करीब चार से पांच घंटे की बिजली कटौती की जा रही है।



चिलचिलाती धूप से बचने को चेहरा ढककर जातीं किशोरियां। अमृत विचार



जिला अस्पताल में शनिवार को उमड़ी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### सरसवा में 16 घंटे तक गुल रही बिजली

निन्दूरा के सरसवा गांव में 16 घंटे तक बिजली गुल रही। शुक्रवार की शाम ट्रांसफार्मर खराब हो जाने बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी। विजय ने बताया कि बिजली न आने से गांव की लगभग 500 की आबादी परेशान हो गई। रात भर बिजली न आने की वजह से लोगों के मोबाइल, इनवर्टर डिस्चार्ज हो गये। इस संबंध में जेई विकास शुक्ला ने बताया कि फाल्ट सही करने में लापरवाही क्यों हुई इसकी जांच कराई जाएगी।

### रोस्टरिंग के नाम पर की जा रही कटौती

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्रामीण अंचलों में रोस्टरिंग के नाम पर बिजली कटौती हो रही है। हैदरगढ़, सफदरगंज, रामसनेहीघाट, दरियाबाद और फतेहपुर के लोग भी बिजली कटौती से परेशान हैं। बनीकोडर के विद्युत उपकेंद्र देवीगंज के अंतर्गत आने वाले सैकड़ों गांवों में बिजली की अघोषित कटौती जारी है। दिन में तो बिजली की आवाजाही रहती है। रात में भी घंटों कटौती की जा रही है। पिछले कई दिनों से रोस्टरिंग के नाम पर रात दस बजे के आसपास लाइट काट दी जाती है। उपभोक्ता जब फोन करते हैं तो विभागीय कर्मी उन्हें ऊपर से कटौती का आदेश बताकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि सब स्टेशन देवीगंज के सुबेहा फीडर के अंतर्गत आने वाले मिर्चिया, जरौली, धनौली, गैरिया, बेलिया, गजपतिपुर, मवैया और पहला समेत दर्जनों गांवों की विद्युत आपूर्ति रामभरोसे चल रही है। आए दिन फीडर ठप हो जाता है। मामूली फाल्ट को भी ठीक करने के लिए रात बीतने का इंतजार करना पड़ता है। इस संबंध में एसडीओ देवीगंज शैलेंद्र गुप्त ने बताया कि लखनऊ से रोस्टरिंग कोड आने के बाद ही बिजली कटौती की जाती है।

> बिजली की मांग काफी बढ़ गई है। तमाम जगहों पर लोकल फाल्ट की वजह से दिक्कतें हो रही हैं।
>
> **-अंशुमान यादव, अधिशासी** अभियंता, बाराबंकी डिवीजन।

### देवा में 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति का दावा फुस्स

देवा में बिजली विभाग का 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति देने का दावा फुस्स साबित हो गया है। विद्युत उपकेंद्र देवा के अंतर्गत तीन फीडर हैं। बीते 24 घंटो में कस्बा फीडर में 17 मिनट, मेला फीडर में 55 मिनट जबकि विशुनपुर फीडर में 5 घंटे 22 मिनट की कटौती की गई। लोगों ने बताया कि लगातार ट्रिपिंग और और लो -वोल्टेज की समस्या से परेशान हैं। अधिकारियों का फोन तक रिसीव नहीं होता। महादेवा में बिजली की आंख मिचौली के साथ लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। बमुश्किल 12 से 15 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। एसडीओ दिलीप जयसवाल का कहना है सभी फीडरों पर विद्युत व्यवस्था सुचारु रूप से चल रही है। अधिक गर्मी की वजह से लो-वोल्टेज की समस्या आ रही है। जहां से भी फाल्ट की जानकारी मिलती है, उसे तत्काल सही कराया जाता है।

# लोगों की सेहत पर पड़ रहा भीषण गर्मी का असर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**1150** मरीज पहुंचे जिला अस्पताल में

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। उल्टी, दस्त व बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या सबसे अधिक है। लेकिन जिला अस्पताल में संसाधनों की कमी के चलते मरीजों को बेड तक नहीं मिल पा रहा है। बेंच पर ही मरीजों को लिटाकर ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा है। मरीज के परिजनों ने बताया कि एक बार ग्लूकोज चढ़ाने के बाद कोई दोबारा पूछने तक नहीं आता।

चिकित्सा अधीक्षक डा. राजेश कुशवाहा के मुताबिक ओपीडी में डायरिया, बुखार, पेटदर्द के अलावा स्किन रोग से संबंधित मरीज सबसे ज्यादा आ रहे हैं। सभी मरीजो को समुचित इलाज दिया जा रहा है। जिन्हें भर्ती करने की जरूरत लगती हैं, उन्हें बेड दिलाया जाता है। डा. कुशवाहा ने बताया कि गर्मी काफी ज्यादा है। घर से निकलने से बचना चाहिए। सूती कपड़े पहनें और धूप से बचने के लिए छाता लेकर ही घर से बाहर निकलें। इसके अलावा इलेक्ट्रॉल का सेवन करते रहें। इससे शरीर में पानी की कमी की पूर्ति हो सकेगी।

# रोज दो से तीन लोग हो रहे डाग बाइट का शिकार

दरियाबाद, बाराबंकी

**इस माह 70** लोगों को अब तक दरियाबाद इलाके में काट चुके हैं कुत्ते



**अमृत विचार :** नगर पंचायत इलाके में रोजाना दो से तीन लोग डाग बाइक का शिकार हो रहे हैं। आए दिन कुत्तों के काटने से कई लोग एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवने के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। अब तक मई माह में क्षेत्र के तकरीबन 70 लोग इन लावारिस कुत्तों के काटने से अस्पताल पहुंचे हैंजिनको डाक्टरों द्वारा रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए हैं। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से कुत्तों को पकड़वाकर कहीं दूर छुड़वाने की मांग की है। कुत्तों की दहशत के कारण बच्चों व आम नागरिकों का घर से निकलना दुश्वार हो गया है। दिन की बजाय रात में कुत्ते ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं। वे भौंकते हुए दोपहिया वाहन सवारों का पीछा कर लेते हैं।

नगर पंचायत की गलियों व सड़कों पर आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने के साथ ही क्षेत्र में डाग बाइट के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। कुत्तों के काटने का शिकार हो रहे लोग व परिजनों को इसके कारण काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इन आवारा कुत्तों के कारण क्षेत्रवासी रैबीज जैसी बीमारी का शिकार होने से भी डर रहे हैं। डाग बाइट के डर से रात को सुनसान गलियों में अकेले गुजरने से भी लोग कतराते हैं।

वहीं दिन की अपेक्षा रात के समय इन कुत्तों के झुंड ज्यादा अक्रामक और सक्रिय हो जाता हैं। इससे हादसों का भी जोखिम बढ़ जाता है लेकिन इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन की ओर से इस समस्या को दूर करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे हैं। इससे परेशानी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी शीलू अवस्थी ने बताया कि नगर पंचायत में कुत्तों और बंदरों को पकड़ने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी नहीं हैं। आचार संहिता के बाद कर्मचारी हायर कर कुत्तों को पकड़ा जाएगा। फॉर्मासिस्ट आशीष त्रिपाठी ने बताया कि मई माह में अब तक 70 लोगों को रैबीज का इंजेक्शन लगाया गया है। इस हिसाब से देखे तो प्रतिदिन दो से तीन लोग डाग बाइट का शिकार हो रहे हैं।

# मार्ग पर डंप हो रहा कूड़ा, प्लांट बना शोपीस

दीपराज सिंह, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) योजना के तहत नगर पंचायत देवा द्वारा क्षेत्र के गोपालपुर में बनाया गया मैटीरियल रिकवरी फैसलिटी प्लांट शो पीस बनकर रह गया है। प्लांट के चालू न होने से नगर पंचायत का कूड़ा सड़कों के किनारे फेंका जा रहा है। इसकी गंध से राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है।

वित्तीय वर्ष 2019- 20 में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत देवा द्वारा देवा-चिनहट मार्ग पर गोपालपुर गांव में मैटीरियल रिकवरी फैसलिटी प्लांट का निर्माण कराया गया थ। इसमें कूड़े का निस्तारण करने के लिए मशीनें भी लगाई गई थीं। बीती 18 मार्च को सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने इस प्लांट का लोकार्पण भी किया था और इसके बाद संचालन के लिए एक एनजीओ को जिम्मेदारी दी गई थी लेकिन एनजीओ ने अपना पल्ला झाड़ लिया। इसके बाद प्लांट के संचालन पर ग्रहण लग गया। नगर पंचायत से निकलने वाला कूड़ा देवा-फतेहपुर मार्ग के किनारे फेंका जा रहा है। वहीं इस संबंध में बात करने के लिए जब अधिशाषी अधिकारी मोहिनी केसरवानी को फोन किया गया तो उनका फोन स्विच ऑफ मिला। प्लांट में दो नियमित और दो आउटसोर्सिंग कर्मचारियों सहित चार लोगों की तैनाती की गई है। नाम न छापने की शर्त पर प्लांट पर मौजूद एक आउटसोर्सिंग कर्मचारी ने बताया कि यहां पर कूड़ा आता है। जिसमें से प्लॉस्टिक का कूड़ा अलग निकाल कर बाकी वापस चला जाता है। कूड़े से निकली प्लॉस्टिक का क्या होता है यह बताने में उसने अनभिज्ञता जताई।



देवा-फतेहपुर मार्ग पर डंप कूड़ा।



बंद बड़ा एमआरएफ प्लांट।

> ईओ के लापरवाह रवैये की शिकायतें मिल रही हैं। एमआरएफ प्लांट क्यों नहीं चल रहा इसकी जांच कराई जाएगी। जल्द प्लांट शुरू कराया जाएगा ।जिससे कूड़े का निस्तारण कराया जा सके और लोगों को गंदगी से भी निजात मिल सके।
>
> **- डॉ. अरुण कुमार सिंह,** एडीएम

# गोमती नदी में उतराता मिला वृद्ध का शव

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोमती नदी में एक वृद्ध का शव उतराता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा।

सतरिख थाना क्षेत्र के अंतर्गत टिकरा घाट के महमूदपुर गांव के पास गोमती नदी में चरवाहों ने शव देखा। परिजनों के अनुसार धेरई पुरवा गांव निवासी रामफेर (58) जो मंदबुद्धि थे। वह साधु के भेष में त्रिशूल लेकर इधर-उधर भ्रमण करता रहता था। उसका त्रिशूल नदी के किनारे कुछ दूरी पर पाया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमर चौरसिया ने बताया कि नदी में शव पाया गया है। जिसकी शिनाख्त हो गई है। परिजनों की ओर से कोई आरोप नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सात लाख की मार्फीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक तस्कर को फतेहपुर पुलिस सात लाख की मार्फीन के साथ गिरफ्तार कर लिया। तस्कर के खिलाफ सीतापुर व बाराबंकी में अलग- अलग थानों में लगभग एक दर्जन केस दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक फतेहपुर धीरेन्द्र सिंह व उनके नेतृत्व में बनाई गई टीम ने मुखबिरों की मदद से ग्राम ढखौली थाना क्षेत्र फतेहपुर के रहने वाले रोशन वर्मा को शनिवार गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से 65 ग्राम मार्फीन बरामद की जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में सात लाख कीमत बताई जा रही है। उसके खिलाफ फतेहपुर थाने में सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप

### अधूरी पड़ी सड़क पर उड़ रही धूल से राहगीर परेशान



सड़क पर उड़ती धूल के बीच निकलते लोग। अमृत विचार

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणधीन सफदरगंज-दरियाबाद मार्ग के निर्माण कार्य में हो रही देरी के कारण इन दिनों इस सड़क पर राहगीरों का चलना दुश्वारियों से भरा है। सड़क पर उड़ रही धूल से स्थानीय लोग परेशान हैं। सफदरगंज दरियाबाद मार्ग निर्माणधीन है । मार्ग का निर्माण कार्य ईदगाह के पास तक कर कार्य रोक दिया गया है। ठेकेदार ने सड़क निर्माण के लिए इस मार्ग पर गिट्टी व मिट्टी डालकर लगभग एक किलोमीटर सड़क पर दो माह से बीच में छोड़ दिया है। ऐसे में खोदी गई सड़क से दिनभर उड़ रही धूल से स्थानीय ग्रामीण सहित यहां से गुजरने वाले राहगीर काफी परेशान है। सड़क के निर्माण में हो रही इस देरी से वाहनों के आवागमन पर सड़क से उठते धूल के गुबार से लोग परेशान है ।इस समस्या को लेकर कार्यदायी संस्था के जिम्मेदार गंभीर नहीं हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराया है।

### एक वर्ष बाद भी पुलिया की टूटी रेलिंग की मरम्मत नहीं



पुलिया की टूटी पड़ी रेलिंग। अमृत विचार

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** एक वर्ष से माइनर की पुलिया की रेलिंग टूटी पड़ी है। इसके संज्ञान के बाद भी अधिकारी नहीं ले रहे हैं। यह पुलिया हादसे को दावत दे रही है। सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत मीरापुर जो कि हैदरगढ़ विधायक की ग्राम पंचायत है। यहां पर मदारपुर से निकली माइनर मीरापुर गांव से होते हुए गई है। यहां पर मीरापुर जाने वाली मेन सड़क पर बनी पुलिया की रेलिंग लगभग एक वर्ष पूर्व बारिश में टूटकर गिर गई थी। वहीं दूसरी और बनी रेलिंग भी आधी से अधिक टूटी है। जिससे आने-जाने वाले वाहनों सहित राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार बाइक सवार यहां माइनर में गिरकर हादसे का शिकार भी हो चुके हैं। इसकी शिकायत ग्रामीण जगदीश, जावेद, फूलचंद्र, सद्दाम, शान मोहम्मद यूनुस,अजमल, इसरार सहित कई लोगों ने उच्च अधिकारियों से की लेकिन अभी तक टूटी पड़ी रेलिंग दुरुस्त नहीं कराई गई है। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता राजीव कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली है। जल्द ही टूटी पड़ी रेलिंग को दुरुस्त कराया जाएगा।

### किसानों को बीज पर तत्काल मिलेगा अनुदान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बीजों पर अनुदान पाने के लिए किसानों को अब इंतजार नहीं करना होगा। मौके पर कृषक अंश जमा कर बीज खरीदा जा सकता है। पहले एक-एक माह तक किसानों को अनुदान के लिए इंतजार करना पड़ता था। राजकीय कृषि बीज भंडार पर मिलने वाले बीजों के अनुदान मिलने की व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। इसके तहत अब किसानों को बीजों के साथ ही अनुदान भी मिल जायेगा। उनको अनुदान के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पडेगा। पहले यह व्यवस्था थी कि किसानों को बीज लेने के लिए पूरी रकम जमा करना होती थी। इसके बाद किसानों की अनुदान की राशि उनके बैंक के खातों में पहुंचती थी। लेकिन अब व्यवस्था बदल दी गई है। किसान कृषक अंश की पचास प्रतिशत राशि जमा कर बीज हासिल कर सकते हैं। किसानों को केंद्र पर अपना आधार कार्ड साथ ले जाना होगा। इसके बाद पॉस मशीन के जरिए उनको बीज दे दिया जाएगा। इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने बताया कि खरीफ मौसम के लिए सभी बीज गोदामों पर उन्नतशील नवीन प्रजातियों के बीज उपलब्ध करा दिये गये हैं। बीज विक्रेताओं को दुकान व भंडार केन्द्रों पर नोटिस बोर्ड चस्पा करने होंगे। किसानों को प्रत्येक दशा में सुविधा और पारदर्शिता के लिए कैश मेमो लेना चाहिए। अनुदान पाने के लिए किसानों को अब इंतजार भी नहीं करना होगा। किसानों द्वारा कृषक अंश जमा कर बीज खरीदा जा सकेगा।

चिंताजनक

## लाखों के खर्च के बाद भी कुपोषित बच्चों की स्थिति में नहीं आ पा रहा है सुधार, पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती हैं आठ बच्चे

# 14,970 बच्चे कुपोषण से ग्रस्त, 3391 की हालत गंभीर

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी जिले में कुपोषण का प्रकोप खत्म नहीं हो रहा है। यह हाल तब है जब कुपोषण को खत्म करने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर चल रही हैं जो बेअसर साबित होती दिख रही हैं। उधर कुपोषण की काली छाया बच्चों की जिंदगी को बर्बाद कर रही है। यही कारण है कि जिले के करीब 14,970 बच्चे कुपोषण से जंग लड़ रहे हैं। स्थिति ये है कि 3391 बच्चे लाल श्रेणी में हैं। ये बच्चे कुपोषण की गंभीर चिकित्सीय अवस्था सैम (सीवियर एक्यूट मालन्यूट्रीशन) और 11,579 कुपोषण की चिकित्सीय अवस्था मैम (मेडिकल कंडीशन आफ मालन्यूट्रीशन) की श्रेणी में हैं।

बच्चों में कुपोषण खत्म करने के लिए जिले में 3052 आंगनबाड़ी केंद्र बने हैं। यहां पर ऐसे बच्चों की लंबाई और वजन के हिसाब से उनके स्वास्थ्य की जांच होती है। विभाग के आंकड़ों के मुताबिक आंगनबाड़ी केंद्रों पर 2,98,093 बच्चे पंजीकृत हैं।

अप्रैल माह में 96.88 प्रतिशत यानी 2,88,783 बच्चों का वजन किया गया। इनमें से 14,970 बच्चे कुपोषण से ग्रस्त मिले। इनमें से 3391 बच्चे गंभीर कुपोषित हैं, जो लाल श्रेणी में रखे गए हैं। यह आंकड़े काफी चौंकाने वाले हैं क्योंकि बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए लाखों रुपये हर माह खर्च किए जा रहे हैं लेकिन स्थिति में वह सुधार नहीं दिख रहा है जो होना चाहिए था।

वहीं गंभीर रूप से कुपोषित आठ बच्चों को जिला अस्पताल में बने दस बेड के पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती किया गया है। इन बच्चों की चिकित्सीय देखभाल के जरिए उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार होने की बात कही जा रही है।



पोषण पुनर्वास केंद्र (सांकेतिक चित्र)

### कुपोषण के लक्षण

- जन्म के समय दो किलो से कम वजन होना चाहिए।
- बच्चे में चिड़चिड़ापन और सुस्ती रहना।
- बार-बार बीमारियों की चपेट में आना।
- बच्चे में उम्र के साथ वजन न बढ़ना।
- कई बच्चे ऐसे होते हैं, जो खाया पिया नहीं पचा पाते।

### कुपोषित बच्चों के आहार

- तीन साल के बच्चे को 24 घंटे में 2 कप दूध, दो कटोरी दाल, 3-4 कटोरी मिक्स अनाज 6 से 8 बार खिलाना ठीक रहता है।
- बच्चों को साफ पानी देना चाहिए।
- कोई भी संक्रमण होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- छह माह के बच्चों को मां के दूध के अलावा दो कटोरी मसला हुआ खाना दिनभर में थोड़ा-थोड़ा कर के खिलाना चाहिए।

> अत्यंत कुपोषित बच्चों को समुचित उपचार दिलाया जाता है। सही देखभाल से बच्चा जल्दी ही कुपोषण की श्रेणी से बाहर आ जाता है। अभिभावकों को भी गंभीरता दिखानी चाहिए। विभाग समय-समय पर केंद्रों पर बच्चों वजन तौलने के अलावा चेकअप भी कराता है।
>
> **-अखिलेंद्र सिंह,** जिला कार्यक्रम अधिकारी।

| ब्लॉक | पंजीकृत बच्चे | वजन हुए बच्चों की संख्या | सैम व मैम बच्चों की संख्या |
|---|---|---|---|
| बंकी | 20022 | 19808 | 130-652 |
| बनीकोडर | 20476 | 20019 | 161-866 |
| बाराबंकी | 6696 | 6641 | 20-119 |
| दरियाबाद | 19285 | 17379 | 337-1028 |
| देवा | 19863 | 18473 | 270-753 |
| फतेहपुर | 24059 | 22916 | 166-602 |
| हैदरगढ़ | 19719 | 18938 | 182-599 |
| हरख | 15665 | 15172 | 176-546 |
| मसौली | 16697 | 16520 | 162-497 |
| निंदूरा | 22379 | 22200 | 280-988 |
| पूरेडलई | 14373 | 13994 | 92-548 |
| रामनगर | 20288 | 19965 | 331-666 |
| सिद्धौर | 22322 | 21934 | 255-752 |
| सिरौली | 18554 | 17998 | 381-1178 |
| सूरतगंज | 22800 | 22139 | 240-1045 |
| त्रिवेदीगंज | 22800 | 14687 | 208-740 |
| कुल | 298093 | 288783 | 3391-11579 |

## एक नजर

### 10 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : जहरीली शराब की बिक्री व उसके निर्माण को ध्वस्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को सुबेहा पुलिस टीम ने ग्राम जगदीशवापुर मजरे सिधियावां निवासी चुनव्वर अली को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पारिवारिक विवाद में भाई को लाठी-डंडे से पीटा

**खरगूपुर, अमृत विचार** : पारिवारिक विवाद में भाई ने अपने छोटे भाई पर लाठियों से हमला कर दिया। पिता ने अपने हमलावर बेटे पर मुकदमा दर्ज कराया है। खरगूपुर कस्बा निवासी रामशरण ने दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया है कि पारिवारिक विवाद को लेकर उसके छोटे बेटे सरवन कुमार को बड़े बेटे हरिप्रसाद ने लाठी से हमला करके घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पिता रामशरण की तहरीर पर आरोपी बेटा हरिप्रसाद के विरुद्ध हमले तथा जान से मारने की धमकी दिए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

### वसूली शिविर में जमा कराए 25 हजार रुपये

**रुपईडीह, अमृत विचार** : विद्युत केंद्र आर्य नगर के अवर अभियंता अनिरुद्ध सिंह की अगुवाई में कस्बा कौड़िया बाजार में बकाया वसूली शिविर आयोजित किया गया। अवर अभियंता ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न बकायेदारों को मिलाकर पच्चीस हजार रुपए का बकाया जमा कराया गया। अधिकारी ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार शिविर लगाया जाएगा। इस अवसर पर अमरजीत यादव, जितेंद्र तिवारी, सूर्यनारायण दुबे और रघुनाथ मिश्र उपस्थित रहे।

# छेड़छाड़ के विरोध पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

**मसौली, बाराबंकी**

**अमृत विचार** : तीन दिन पूर्व क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी की पुत्री से छेड़छाड़ का विरोध करने पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को मसौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चाकू बरामद कर लिया है।

बीते गुरुवार को एक गांव की एक किशोरी परचून की दुकान पर कुछ सामान लेने गयी थी। तभी मो. जीशान पुत्र हाजीपापा ने किशोरी के साथ छेड़खानी की। पड़ोसी की नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ देख अफसार ने विरोध किया तो मो. जीशान ने उस पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिय।

पीड़ित किशोरी की मां की तहरीर पर आरोपी जीशान के विरुद्ध मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी थी। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी जीशान को राजकीय हाईस्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर कर्बला के पास से चाकू बरामद कर पुलिस ने जीशान को जेल भेज दिया।

# तालाबों में उड़ रही धूल, पानी के लिए भटक रहे पशु-पक्षी

परेशानी

**आरएन द्विवेदी, सिद्धौर, बाराबंकी**


ग्राम पंचायत लाखूपुर का सूखा तालाब। अमृत विचार


ग्राम पंचायत कोटवा का सूखा तालाब। अमृत विचार

**अमृत विचार** : ब्लॉक की ग्राम पंचायत कोटवा, लाखूपुर, बुधनईपुर, सेमरावा, बीरपुर, डिघावां, बीरापुर आदि ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवरों और तालाबों में धूल उड़रही है। इसके कारण भीषण गर्मी में पशु-पक्षी पानी के लिए भटक रहे हैं।

जहां सरकार के लाखों खर्च के बाद भी सरोवरों में पानी नहीं है। लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से तालाबों में पानी न होने से जनमानस बेहाल हैं। यहां तक कि गांवों में भी पेयजल की समस्या आ गई है। क्योंकि इस भीषण गर्मी के कारण बोरिंगों का जल स्तर नीचे चला गया है। जिससे हैण्ड पम्प भी पानी छोड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में घुमन्तू जानवरों एवं पशु पक्षियों को भी पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

लाख दावों के बाद भी सरोवरों में पानी नहीं है। ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रशासन से अमृत सरोवरों और तालाबों में पानी भरवाने की मांग की है। एडीओ पंचायत सिद्धौर उमेश पटेल से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि तालाबों में पानी न होने की जानकारी अपने पंचायत सचिव से करें। इस संबंध में बीडीओ सिद्धौर पूजा सिंह ने बताया कि जिले से सूची लेकर संबंधित सिंचाई विभाग के अधिकारियों और प्रधानों को उपलब्ध करा दी गई है। जिससे वह अपनी ग्राम पंचायतों के अमृत सरोवरों और तालाबों को जल्द से जल्द भरवा सकें।

# बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों में जुटा प्रशासन

## 9 जून को दो पॉलियों में चार केंद्रों पर होगी परीक्षा, डीएम ने की समीक्षा बैठक, 1610 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः**


बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर बैठक में दिशा निर्देश देते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार** : मतगणना के ठीक पांचवें दिन 9 जून को होने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। इसे लेकर जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने शनिवार को सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और संबंधितों को दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि बीएड प्रवेश परीक्षा पारदर्शी तरीके से पूरी तरह नकल विहीन हो इसमें किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो। सभी संबंधित अधिकारी इसे गंभीरता से लेंगे। लापरवाही पर कार्रवाई भी होगी। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा जिला समन्वयक एवं जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीताराम सिंह ने बताया कि आयोजित होने वाली इस परीक्षा में 1610 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिये जिले में जनेस्मा के साथ शहर के अजीमुद्दीन अशरफ़ इस्लामिया इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तथा राजकीय इंटर कॉलेज बरौली जाटा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा की निगरानी की जाएगी। साथ ही परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शिता से कराने के लिए प्रत्येक केन्द्र पर 2-2 ऑब्जर्वर की तैनाती भी की गई है और प्रत्येक दो परीक्षा केंद्र पर एक प्रतिनिधि भी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखेंगे। हर केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा 9 जून को दो पालियों में प्रथम पाली प्रातः 9 से 12 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए तैयारी पूरी कर ली गईं है। इस अवसर पर एसडीएम नवाबगंज विजय त्रिवेदी, डीआईओएस ओपी त्रिपाठी सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# पड़ोसियों ने एक ही परिवार के 3 लोगों पर किया हमला

दबंगई

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार** : सुबेहा थाना क्षेत्र के जमीन मजरे जमीन हुसैनाबाद गांव में मामूली बात को लेकर दबंगों ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों को हमला कर लहूलुहान कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला सहित दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

गांव निवासी संतराम व रामदीन के घर अगल-बगल स्थित हैं। शनिवार दोपहर संतराम के परिजन अपनी दीवार पर मिट्टी लगा रहे थे। इसी बात से नाराज होकर रामदीन के परिजनों ने लाठी-डंडों से लैस होकर संतराम के परिजनों पर हमला बोल दिया। आरोप लगाया कि वे लोग हमारी भूमि पर कब्जा कर रहे हैं।

पड़ोसियों के हमले में गुड़िया पत्नी रामहेत (38), संतोषकुमारी पत्नी संतराम (50) व संतराम पुत्र भगवान दीन (55) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी हैदरगढ़ लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गुड़िया व संतराम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# बेतरतीब खड़े वाहनों से लगता है जाम

**देवा, बाराबंकी**


देवा में जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार** : कस्बा देवा में सड़कों के किनारे खड़े बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों के कारण प्रतिदिन लगने वाले जाम से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है, लेकिन स्थानीय पुलिस इसको लेकर गंभीर नहीं दिखाई दे रही। पुलिस फोर्स के चुनाव ड्यूटी में जाने का हवाला दिया जा रहा है।

स्थानीय पुलिस के शिथिल रवैये के चलते कस्बा देवा में सड़क के किनारे दर्जनों वाहन अवैध रूप से खड़े रहते हैं। स्थानीय पुलिस द्वारा उक्त वाहनों का न तो चालान किया जाता है और न ही कोई कारवाई की जाती है। इसके चलते कस्बे में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। भीषण गर्मी के दौरान जाम में फंस कर लोगों का बुरा हाल होता है। कस्बे के कौमी एकता गेट व कुर्सी तिराहे पर जाम की विकट समस्या हमेशा बनी रहती है। यातायात व्यवस्था के नाम पर स्थानीय पुलिस द्वारा कुछ होमगार्ड की तनाती कर महज खानापूर्ति कर दी गई है।

कुछ दिन पूर्व कस्बा देवा में तैनात यातायात उपनिरीक्षक धीरेंद्र सिंह का स्थानांतरण बाराबंकी मुख्यालय हो जाने के बाद कस्बे की यातायात व्यवस्था और ज्यादा खराब हो गयी है।

इस संबंध में जब कस्बा इंचार्ज विशेष कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि चुनाव के चलते फोर्स ड्यूटी पर बाहर गयी है। वह अकेले जाम की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। फोर्स आने के बाद मुख्य चौराहों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# वन माफिया ने काटे जामुन के हरे पेड़, हुई कार्रवाई

**हैदरगढ़, बाराबंकी**


काटे गये जामुन के पेड़ का ठूंठ।

**अमृत विचार** : स्थानीय कोतवाली अंतर्गत लालपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय के पीछे काटे जा रहे जामुन के हरे भरे तीन पेड़ों की सूचना पर पहुंचे वन क्षेत्रधिकारी द्वारा कार्रवाई की गई।

गांव निवासी शिवकुमार पांडे द्वारा विद्यालय के पीछे स्थित जामुन के तीन हरे पेड़ वन माफिया के हाथ बेच दिए गए। जिसके बाद वन माफिया द्वारा इन हरे भरे वृक्षों पर आरा चला दिया गया। इसकी सूचना वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार तिवारी को मिल गई। सूचना मिलते ही दल बल के साथ उन्होंने छापा मारा। उन्होंने बताया कि इस मामले में काश्तकार शिवकुमार पांडे के अलावा ठेकेदार कोतवाली क्षेत्र के बसवा गांव निवासी श्याम बहादुर पर जुर्माना लगाया गया है और वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा भी पंजीकृत किया गया है।

## सार-संक्षेप

### कर्मडीह कला ने जीती क्रिकेट स्पर्धा


ट्राफी के साथ विजेता व उप विजेता टीम।

**संवाददाता, इटियाथोक, अमृत विचार** : इटियाथोक विकासखंड के ग्राम पंचायत अहरौलिया में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच कर्मडीह कला व बेलभरिया की टीमों के बीच आयोजित हुआ, जिसमें कर्मडीह कला की टीम विजय रही। विजेता टीम को ट्रॉफी व उपविजेता टीम को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण विनोद मिश्र व शैलेंद्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर शैलेंद्र तिवारी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलना भी स्वास्थ्य के लिए जरूरी होता है। उन्होंने युवाओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आप सभी शिक्षा संस्कार के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लें। हार जीत पर ध्यान न देकर खेलने पर ध्यान दें।

### गोवंश पालकों को भेजी गई धनराशि

**रुपईडीह, अमृत विचार** : मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत ब्लॉक के विभिन्न गो आश्रय केंद्रों से गोवंश प्राप्त कर चुके 76 गो पालकों को मिलाकर आठ लाख 92 हजार 630 रुपए की धनराशि खाते में भेज दी गई है। पशु चिकित्साधिकारी डॉ निशांत यादव ने बताया कि अब गो आश्रय केंद्र से प्राप्त कर चुके गोवंश के पालकों को भरण पोषण की धनराशि बकाया नहीं रह गया है।

### बालिका को भेजा वन स्टॉप सेंटर

**रुपईडीह, अमृत विचार** : तीन दिन पहले कौड़िया के एक गांव से लापता हुई बालिका को परिजनों ने पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया बालिका के लापता होने के मामले में उसके भाई ने अपहरण का केस दर्ज कराया था। बालिका की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही थी। इसी क्रम में परिजनों ने बालिका को पुलिस को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि बालिका को पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी प्रशांत कुमार गुप्त द्वारा जिला बाल कल्याण समिति न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे वन स्टाप सेंटर भेज दिया गया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि वन स्टाप सेंटर से अगले दिन बालिका को न्यायालय में बयान के लिए पेश किया जाएगा।

### कर्ज माफ कराने के नाम पर लिखा ली तीन बीघा जमीन

**संवाददाता, कटरा बाजार, अमृत विचार** : क्षेत्र के एक गांव में बुजुर्ग को धोखे में रखकर गांव के ही व्यक्ति ने बैंक का कर्जा माफ कराने के लिए तीन बीघा जमीन को बैनामा करा लिया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। इससे पूर्व उन्होंने कौड़िया थाने व कोतवाली करनैलगंज में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

मामला क्षेत्र के मोहन टेपरा का है जहां के निवासी राम कुबेर पुत्र राम छबीले ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में लिखा है कि उसने कुछ वर्ष पहले बैंक से कर्ज लिया था जिनकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं है। प्रार्थी कुछ दिनों से गांव के ही विनोद कुमार पुत्र श्याम बिहारी लगातार मिलते रहते थे। विनोद ने एक दिन प्रार्थी से कहा कि तुम्हारा कर्ज माफ नहीं होगा सबका माफ हो जाएगा। जिसको लेकर प्रार्थी परेशान था। विनोद ने प्रार्थी से कहा कि कर्ज माफी का एक उपाय है यदि अपनी जमीन हमारे नाम एग्रीमेंट कर दो। प्रार्थी की मानसिक हालत ठीक न होने पर वह विनोद के झांसे में आकर तहसील करनैलगंज चले गए जहां विनोद ने प्रार्थी की जमीन को बैनामा करा लिया। दो दिन बाद दाखिल खारिज का कागज जब गांव पहुंचा तो उसे पता चला कि प्रार्थी की जमीन को उन्होंने बैनामा करा लिया है।

### फाइनेंस कंपनी की वसूली टीम से मारपीट

**संवाददाता, परसपुर, अमृत विचार** : ट्रैक्टर लोन की वसूली करने गये फाइनेंस कम्पनी के वसूली टीम के साथ मारपीट करने की सूचना पर पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना कौड़िया के पूरे बदल निवासी जितेन्द्र कुमार तिवारी ने पुलिस को सूचना दी कि वह एचडीबी फाइनेंसियल सर्विसेज लि0 के गोण्डा शाखा में सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उपरोक्त कम्पनी वाहन क्रय के लिए ऋण की सुविधा प्रदान करती है। इसी क्रम में बंशीलाल पुत्र भगौती प्रसाद निवासी ग्राम गलिबहा मधईपुर खाण्डेराय थाना परसपुर ने ट्रैक्टर क्रय के लिए ऋण लिया था। जिसका भुगतान बंशीलाल को मासिक किस्तों के रूप में करना था। परन्तु बंशीलाल द्वारा कभी भी कम्पनी के किस्तों का भुगतान समय पर नहीं किया गया। भुगतान के लिए अपनी सेल्स टीम के सदस्य दिलीप कुमार मैनेजर अजीत कुमार सिंह तथा प्रशांत तिवारी के साथ जब बंशीलाल के घर उक्त ऋण के भुगतान के सम्बन्ध में बातचीत करने गए तो बात चीत के दौरान ही बंशीलाल व उसके पिता भगौती ने भद्दी-भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की गयी है।

### दुष्कर्म के आरोपी के सात हमलावरों पर मुकदमा

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : दुष्कर्म के आरोपी की पिटाई किए जाने वाले सात लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के साथ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत किया गया। घायल युवक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मोहम्मदपुर खाला की एक गांव निवासिनी किशोरी बीते शुक्रवार की सुबह खेत गई थी। तभी गांव के अशोक ने उसका हाथ पकड़ लिया। यह देखकर किशोरी के घरवालों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पिटाई कर अशोक को मरणासन्न कर दिया था। पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल के लिए भेज दिया था। वहीं मरणासन्न अवस्था देख पुलिस ने अशोक को सूरतगंज सीएचसी में भर्ती कराया। हेड इंजरी के कारण उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया जहां अशोक जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। शुक्रवार देर शाम सीओ फतेहपुर कार्यलय पहुंचे पिता राम प्रकाश ने एससी-एसटी व हत्या का प्रयास किए जाने की तहरीर दी थी। सीओ डॉ. बीनू सिंह ने मोहम्मदपुर खाला थाने में मुकदमा पंजीकृत किए जाने के आदेश दिया। देर शाम युवक के पिता की तहरीर पर सुनील यादव, कल्याण उर्फ कल्लू एवं नीलू, रामसिंह, शिवपाल यादव, श्यामू, नीरज यादव पर एससी-एसटी, हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सात लोगों के विरूद्ध एससी-एसटी और हत्या के प्रयास जैसी अन्य धाराओं पर केस दर्ज हुआ है। जबकि किशोरी के पिता की तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा लिखा गया है।

# प्रधान पर मजदूरी हड़पने का आरोप

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**


शिकायती पत्र के साथ मनरेगा मजदूर। अमृत विचार

**अमृत विचार** : मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों ने प्रधान पर मजदूरी की धनराशि हड़पने का आरोप लगाया है। नगर पंचायत रामनगर के मोहल्ला रानी तीन के रहने वाले मजदूरों ने जिले के उच्चाधिकारियों को पत्र भेज कर आरोप लगाया है कि भरसवां प्रधान सभाजीत सिंह फर्जी तरीके से जाब कार्ड बनवाकर खाते से मनरेगा मजदूरों का पैसा निकाल लेते हैं। आरोप लगाने वाले हंसराज, रामेश्वर, किशोरी पाल, असगर अली, मुन्ना, पंचम आदि ने न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित मजदूरों का कहना है कि उन लोगों के मकान पहले भरसावा में थे। नगर पंचायत की सीमा विस्तार के बाद गांव का कुछ हिस्सा कस्बे में आ गया। इस वजह से उनके मकान कस्बा में सम्मिलित हो गए। लेकिन हम लोगों के जाब कार्ड पहले ही से बने हुए थे। मजदूरों का आरोप है कि में प्रधान सभाजीत सिंह द्वारा फर्जी हाजिरी चढ़ाकर उनके खातों में मजदूरी भेजी जा रही थी और दबाव बनाकर सभी के खातों से पैसा निकाल लिया जाता है। विरोध पर प्रधान द्वारा धमकी दी जाती है। मजदूरों ने मुख्यमंत्री, सहित विकास खंड व जिले के उच्चधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर न्याय की गुहार लगाई है और दोषी ग्राम प्रधान पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मामले में डीसी मनरेगा बृजेश त्रिपाठी ने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। अगर फर्जी तरीके के मनरेगा मजदूरी निकाली गई है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

प्रतियोगिता

**ध्रुव क्रिकेट अकादमी की टीम लक्ष्य 260 के बजाय 141 रन ही बना सकी, रितेश राय को बेस्ट बैट्समैन व अंशुल कपूर को बेस्ट बॉलर का खिताब**

# मानस क्रिकेट अकादमी ने 119 रनों के विशाल अंतर से दर्ज की जीत

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**


विजेता मानस क्रिकेट अकादमी टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार


रितेश राय, बेस्ट बैट्समैन। अमृत विचार

**अमृत विचार** : बाराबंकी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रहे प्रथम बालाजी डेज क्रिकेट स्टेट चैंपियनशिप के पांचवें मैच के दूसरे दिन शनिवार को लक्ष्य का पीछा करने उतरी ध्रुव क्रिकेट अकादमी की टीम पर मानस क्रिकेट अकादमी ने 119 रनों से जीत दर्ज की।

शुक्रवार को मैच के पहले दिन मानस क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 71 ओवर्स में 260 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ध्रुव क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम सिर्फ 52.4 ओवर में 141 रन ही बना सकी। ध्रुव क्रिकेट अकादमी की तरफ से 53 रन अभिषेक कौशल, अंश यादव 28 रन और 26 रन अनमोल आनंद ने बनाए।

मानस क्रिकेट अकादमी की तरफ से अंशुल कपूर ने 5 विकेट, अनिकेत सिंह ने 4 व आकाश यादव ने 1 विकेट प्राप्त किए। अंशुल कपूर को इस मैच का प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। जिन्होंने पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए 66 रन और गेंदबाजी में 5 विकेट प्राप्त किए। इस मैच में रितेश राय बेस्ट बैट्समैन 77 रन व अंशुल कपूर 5 विकेट बेस्ट बॉलर रहे। इस मौके पर बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अख्तर अजीज खान, सचिव डॉ चौधरी अहमद जावेद, संयुक्त सचिव अंकुर माथुर, आयोजक सचिव गौरव तिवारी, मुकेश, अदभुत सिंह और रंजीत उपस्थित रहे।

### गोदहा ने झंझरा को चार विकेट से और फिरोजपुर ने फतेहपुर को दो विकेट से हराया

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : जिगनी गांव में तीन दिवसीय खालसा क्रिकेट टूर्नामेंट लीग शनिवार से शुरू हुई। टूर्नामेंट का उद्घाटन भाजपा कार्यकर्ता उमाकांत गोस्वामी ने किया। पहले दिन गोदहा व फिरोजपुर की टीम ने जीत हासिल की। पहला मैच गोदहा और झंझरा के मध्य खेला गया।में झंझरा टीम 67 रन बनाकरआउट हो गई। लक्ष्य हासिल करने उतरी गोदहा की टीम ने छह विकेट के नुक़सान पर 68 रन बना लिए। गोदहा ने चार विकेट से मैच जीत लिया। दूसरा मैच फतेहपुर और फिरोजपुर गांव के बीच खेला गया। इसमें फतेहपुर की टीम ने आल आउट होकर 107 रन बनाए। वहीं फिरोजपुर टीम ने आठ विकेट खोकर 108 रन बना लिए। उधर जीत दर्ज करने में खिलाड़ी फुरकान का विशेष योगदान भी रहा। फुरकान ने टीम के लिए पचास रनों का योगदान दिया। आयोजक हरजिंदर सिंह, धीरज, पिन्दर सिंह, गोलू और शिवम सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### भाजपा एजेंट ने बूथ पर फेंका बस्ता

प्रयागराज, अमृत विचार : कौंधियारा क्षेत्र के जोखनई पोलिंग बूथ पर बीजेपी के एजेंट ने पार्टी का बस्ता फेक दिया। जिसके बाद मौके पर हंगामा मच गया। वही पुलिसकर्मी और बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने तत्काल एजेंट को वहां से हटा दिया। हालांकि चुनाव का बस्ता फेंकने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। बूथ पर गहमा-गहमी का माहौल बना रहा।

### मम्मी-पापा के साथ बच्चे भी मतदान करने पहुंचे

प्रयागराज, अमृत विचार : मतदान केंद्र पर अपने माता-पिता के साथ छोटे बच्चे भी मतदान करने के लिए बूथ पर पहुंचे थे। जहां बच्चे मतदान करने की जिद पर अड़े हुए थे। वही बूट पर मौजूद मतदान कार्मिक ने बच्चों की उंगली पर स्याही लगाकर उन्हें मतदान करने की तसल्ली दी। जिसके बाद बच्चे उंगली पर स्याही लगाकर खुश नजर आए।

### आम के बाग में डाल से लटका मिला युवक का शव

रुदौली/मवई, अयोध्या। अमृत विचार : पटरंगा थाना क्षेत्र स्थित एक आम के बाग़ में शनिवार सुबह एक युवक का शव गमछे के फंदे के सहारे डाल से लटका मिला है। मृतक की शिनाख्त मवई थाना क्षेत्र के दुल्लापुर गांव निवासी अंकुल साहू (23) पुत्र श्रीपत साहू के रूप में हुई है। वो यहां अपने नाना के घर आया था। आशंका जताई जा रही है कि पैतृक जमीन चाचा के नाम कर दिए जाने के चलते मानसिक रूप से परेशान युवक ने आत्महत्या कर ली। पटरंगा थानाध्यक्ष ओम प्रकाश का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट होगी। अभी मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

# इलाहाबाद में 51.75 व फूलपुर में 48.94 प्रतिशत हुई वोटिंग

## 29 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद, बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता इंतजाम, सुबह से ही मतदाताओं में दिखा उत्साह

लोकसभा चुनाव 2024

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीटों इलाहाबाद - फूलपुर में वोटिंग शाम 6 बजे समाप्त हो गई। इलाहाबाद में दोपहर 6:00 बजे तक 51.75 और फूलपुर में 48.94 प्रतिशत फीसदी मतदान हुआ। दोनों सीटों पर कुल 29 प्रत्याशी मैदान में खड़े है। वोटिंग के बाद ईवीएम मशीनों की सील कर उन्हें मुंडेरा मंडी स्ट्रांग रूम भेज दिया गया।

25 मई शनिवार को छठवें चरण का मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच शाम छह बजे समाप्त हो गया। इलाहाबाद 51.75 और फूलपुर 48.94 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह से ही भीषण गर्मी में मतदाताओं में जोश देखने को मिला। हालांकि कई बूथ पर मतदाताओं की लंबी कतार तो कहीं सन्नाटा पसरा रहा। मतदान को लेकर सुबह नौ बजे तक लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। वहीं तेज धूप और गर्मी के चलते 12 बजे के बाद मतदान केंद्र में सन्नाटा दिखाई देने लगा। शाम चार बजे के बाद एक बार फिर से मददाताओ को हुजूम वोटिंग करने के लिये मतदान केंद्र पहुंचा और शाम छः बजे तक वोटिंग की। मतदान का समय पूरा होने के बाद कड़ी सुरक्षा में ईवीएम मशीनों को मुंडेरा मंडी में बने स्ट्रांग रूम में भेज दिया गया।

**22000 जवानों ने संभाली थी पूरी:** चुनाव को लेकर मतदान के एक दिन पहले ही रात में पूरी सीमाएं सील कर दी गयी थी। प्रयागराज में 25 मई को किए गए मतदान से पहले सुरक्षा को देखते हुए शहर और देहात के इलाकों को पूरी तरह से छावनी में तब्दील कर दिया गया था। शहर से लेकर देहात क्षेत्र तक सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ आईटीबीपी, आरएएफ की तैनाती की गई थी। करीब 22000 सुरक्षा कर्मी कमान संभाले हुए थे। प्रयागराज के अलावा दूसरे जिले और राज्यों की सीमाओं को सील कर दिया गया था। चेक पोस्ट बना कर लगातार चेकिंग की जा रही थी।

**इन्होंने भी किया मतदान:** पूर्व सांसद डॉक्टर रीता जोशी, शहर उत्तरी विधायक हर्ष बाजपेयी, शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी, कविता यादव त्रिपाठी, प्रवीण पटेल, प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद रेवती रमण सिंह, प्रत्याशी, रमेश सिंह पटेल, प्रत्याशी जगन्नाथ पाल पूर्व विधायक नीलम करवरिया, विधायक राजमणि कोल, विधायक संदीप पटेल ने मतदान किया।


मतदान करने के बाद स्याही दिखाती महिला।


मतदान खत्म होने के बाद ईवीएम लेकर जाते मतदान कार्मिक। अमृत विचार


वोट डालने के लिए लगी मतदाताओं की लाइन। अमृत विचार

### डिप्टी सीएम बोले- मतदान है जरूरी

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अपने परिवार के साथ पहुंचकर बूथ पर मतदान किया। उन्होंने लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा लोकतंत्र के महत्वपूर्ण पर्व पर हमारा अधिकार है, हमारा कर्तव्य है कि हम मतदान करें। मैं फूलपुर लोकसभा का मतदाता हूं। इसलिए अपने परिवार के साथ मतदान करने आया हूं। मैं सबसे अपील करता हूं कि सभी लोग मतदान अवश्य करें।

### मातम मनाएगा विपक्ष : नंदी

नंदी बोले चार जून के बाद मातम मनाएगा विपक्ष कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने अपने परिवार के साथ मतदान किया। उन्होंने बताया कि विपक्ष को चार जून के बाद मातम मानना पड़ेगा। क्योंकि नरेंद्र मोदी की अगुवाई में तीसरी बार एनडीए सरकार बनाने जा रही है। उनका दावा है कि जनता इस बार जाति धर्म से हटकर सिर्फ विकास के मुद्दे पर मतदान करेगी। इस चुनाव में विपक्ष पूरी तरह से साफ हो जाएगा।

### इलाहाबाद में 18.5 लाख मतदाता

इलाहाबाद और फूल संसदीय क्षेत्र में 12 विधानसभा सीट हैं, लेकिन इसमें से दो विधानसभा सीट प्रतापपुर और हंडिया है। यह दोनों भदोही लोकसभा क्षेत्र में आते हैं। इलाहाबाद में कुल 18, 25,730 मतदाता है। जिसमें 988343 पुरुष और 837149 महिलाएं व 238 ट्रांजेस्डर मतदाता है।

### फूलपुर में 20 लाख मतदाता

फूलपुर संसदीय क्षेत्र में कुल 2067043 मतदाता है। इसमें 11220 पुरुष 9448 27 महिला और 196 ट्रांजेस्डर मतदाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चाहल ने बताया कि सकुशल मतदान कराया गया है। इसके लिए पूरी टीम सुबह से लगी रही। जिसमे 21000 मतदान कार्मिक लगाए गए थे। जिसमें 386 संवेदनशील बूथ थे। जहां विशेष निगाह रखी गयी इसके अलावा पांच मॉडल बूथ व प्रत्येक विधानसभा में एक-एक पिंक बूथ भी बनाए गए थे।


मतदान करने पहुंचे कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी।

### मतदान के बाद फ्री में मिली रसमलाई

प्रयागराज के राजपुर स्थित एक मिष्ठान भंडार हीरा हलवाई ने मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए अनूठी पहल चलाई। कहा कि मतदान करने के बाद आए और यहां रसमलाई फ्री में खाएं। इसके बाद मतदान करने वाले मतदान कर वापस दुकान पहुंचे और रसमलाई का आनंद लिया।

### जिलाधिकारी ने किया मतदान

जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चाहल ने मेरी लूकस स्कूल एंड कॉलेज में पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक किया। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। हमें अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए और मतदान जरूर करना चाहिए।






# 102 साल के बुजुर्ग को बूथ तक पहुंचाया

संवाददाता, कोरांव

**अमृत विचार:** चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुबह से ही डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय खीरी मेजा शंकरगढ़ कोरांव थाना क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं मतदान पहुंचा पर पहुंचे एक वृद्ध निवासी को रामगढ़ ग्राम पचेड़ा में इंद्रमणि पाल 102 वर्ष मतदान करने के लिए पहुंचे थे। जहां वह चलने मे असमर्थ थे। वहीं चौकी प्रभारी ने तत्काल पहुंचकर वृद्ध को गोद में उठाकर मतदान केंद्र तक पहुंचाया। चौकी प्रभारी के इस कार्य को सभी ने सराहा है।


मतदान के लिए 102 साल के इंद्रमणि पाल को लेकर जाता पुलिसकर्मी।

### ओवर ब्रिज की मांग को लेकर मतदान का किया बहिष्कार

प्रयागराज, अमृत विचार : मांडा के उमापुर कला गांव में रेलवे ओवरब्रिज की मांग को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए मतदान का बहिष्कार कर दिया। वहीं ग्रामीणों के मतदान बहिष्कार की सूचना पर स्थानीय प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। अधिकारियों के काफी प्रयास के बाद भी बूथ पर सन्नाटा छाया रहा। मतदान बहिष्कार की सूचना पर मतदाता को मनाने के लिए उमापुर कला गांव स्थित पोलिंग बूथ 176 पर तहसीलदार मेजा प्रभात पांडेय तत्काल पहुंचे और आरोपी निर्माण की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार पर अड़े गांव के 989 मतदाताओं को मतदान करने के लिए मनाने का प्रयास करने लगे। लेकिन वह किसी भी कीमत पर माननीय को तैयार नहीं थे। करीब 1:00 बजे तक पोलिंग बूथ पर एक भी मतदान नहीं हुआ। मतदान केंद्र पर किसी भी प्रत्याशी के पोलिंग एजेंट तक मौजूद नहीं थे। मतदान बहिष्कार की सूचना पर एसडीएम मेजा पहुंची। उनके प्रयासों के बाद भी ग्रामीण मतदान को तैयार नहीं हुए।

# दिव्यांग श्रीओम ने पहली बार किया मत का प्रयोग

**नैनी, अमृत विचार:** नैनी थाना क्षेत्र के पीडीए कॉलोनी में रहने वाले दिव्यांग ने पहली बार अपने मत का प्रयोग करते हुए मतदान किया। मत देने जाते समय दिव्यांग काफी खुश नजर आया। आपको बता दे कि शनिवार को हुए लोकसभा की चुनाव में अपने मत का प्रयोग पीडीए के रहने वाले दिव्यांग श्री ओम पुत्र जितेंद्र सिंह ने पहली बार किया जिससे कि उसके चेहरे पर मतदान करने की खुशी झलक रही थी। वह पिता जितेंद्र व चाचा देवेंद्र संग व्हीलचेयर से सबसे पहले बाल भारती इंटर कॉलेज के मतदान केंद्र पहुँचे और मताधिकार का प्रयोग किया पहली बार अपने मत का प्रयोग कर श्रीओम काफी खुश रहा।


दिव्यांग श्रीओम ने किया मतदान।

# राम मंदिर परिसर में शुरू होगा अस्पताल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन शनिवार को राम जन्मभूमि परिसर के 70 एकड़ के निर्माण योजना पर अंतिम मुहर लग गई। ट्रस्ट के मुताबिक राम मंदिर के साथ परकोटा, सप्त मंदिर और शेषावतार मंदिर निर्माण किया जा रहा है। राम मंदिर में विराजमान रामलला के बराबर ऊंचाई पर शेषावतार का मंदिर बनेगा। मंदिर परिसर में अपोलो हॉस्पिटल अपना एक ब्रांच खोलने जा रही है। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ अनुबंध किया गया है। दो महीने के अंदर कार्डियक व इमरजेंसी सुविधाओं से युक्त अस्पताल शुरू हो जाएगा। इसके अलावा तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कार्यालय, ऑडिटोरियम, अतिथि निवास गृह का निर्माण किया जाना है। परिसर में लैंडस्कैपिंग का कार्य भी किया जाएगा।

निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने दूसरे दिन बैठक से पूर्व राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्य में यात्री सुविधा केंद्र सहित मंदिरों के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। बैठक के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि निर्माणाधीन यात्री सुविधा केंद्र अगस्त तक तैयार होकर एलएंडटी को हैंडओवर कर दिया जाएगा। सप्त मंडपम व शेषावतार मंदिर को कैसे दिव्य-भव्य बनाया जाए इसकी चर्चा हुई। इसका निर्माण भी राममंदिर की तर्ज पर किया जाएगा। जिसके लिए आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा ड्राइंग बना रहे हैं। वहीं परिसर में ट्रस्ट का कार्यालय, एक गेस्ट हाउस व 500 लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम का निर्माण भी दो महीने में शुरू हो जाएगा। ड्राइंग व डिजाइन पर मंथन किया गया है। बैठक में सुरक्षा के इंतजामों की भी समीक्षा की गई। ट्रस्ट कार्यालय और ऑडिटोरियम के साथ आने वाली अतिथियों के लिए एक विश्राम गृह के निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को सौंपी गई। आने वाले दो महीने में ट्रस्ट के 70 एकड़ परिसर में निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने मंदिर के कार्यों की प्रगति देखी। उन्होंने बताया कि शेषावतार मंदिर का महत्व वैज्ञानिक दृष्टि से भी है। जिसकी एक निश्चित ऊंचाई होनी चाहिए। मंदिर की तुलना में भगवान की मूर्ति के बराबर में होनी चाहिए। इन सभी चीजों पर अंतिम निर्णय लिया गया है। इसके अलावा कोई नया निर्माण नहीं जोड़ा जाएगा।


श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण कार्य का निरीक्षण के दौरान दिशा-निर्देश देते निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र। अमृत विचार

### दो अन्य मूर्तियों पर ट्रस्ट लेगा निर्णय

प्राण प्रतिष्ठा के लिए बनाई गईं तीन अलग-अलग मूर्तियों में से दो अन्य मूर्तियों को राम मंदिर में स्थान दिए जाने की संभावनाओं को चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने साफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रथम तल पर रामलला का दरबार और द्वितीय तल अनुष्ठान के लिए है। रामलला की जो दो अन्य मूर्तियां हैं उसके सदुपयोग के लिए ट्रस्ट निर्णय लेगा। मंदिर में चार प्रवेश द्वार बने हैं जल्दी इसका कार्य शुरू होगा।

**▸▸ अपोलो अस्पताल से हुआ अनुबंध, कार्डियक व इमरजेंसी सेवाओं की मिलेगी सुविधा**

# पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह को थाने ले जाया गया

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ रहे उज्जवल रमण सिंह के पिता पूर्व राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह को करेली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि बूथ पर प्रत्याशी के पिता रेवती रमण पहुंचे थे। जहां बूथ पट कुछ नोक झोंक की सूचना पर पहुंची करेली पुलिस ने उन्हें गाड़ी सहित गिरफ्तार कर थाने उठा ले गई है।

इंडी गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के पिता रेवती रमण सिंह पूर्व राज्यसभा सांसद हैं। शनिवार को मतदान के दौरान वह करेली क्षेत्र में अपने कुछ समर्थकों के साथ पहुंचे थे। जहां पर बूथ पर कुछ कहा सुनी और विवाद होने की जानकारी पर करेली पुलिस पहुंची और कुंवर रेवती रमण सिंह को गिरफ्तार कर गाड़ी सहित थाने उठा ले गई। फिलहाल पुलिस रेवती रमण सिंह से पूछताछ कर रही है।



पूर्व सांसद को गिरफ्तार कर ले जाती करेली पुलिस।

### पूर्व सांसद समेत 50 लोगों पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार : प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीट इलाहाबाद और फूलपुर में शाम 6 :00 बजे वोटिंग समाप्त हो गई। इलाहाबाद में शाम 6 :00 बजे तक 51.75 और फूलपुर में 48 .94 प्रतिशत मतदान हुआ दोनों सीटों 51 29 प्रत्याशी मैदान में थे। प्रयागराज में कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल अमर सिंह के पिता और पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह को करैली पुलिस ने शाम को हिरासत में ले लिया था। करीब दो घंटे थाने पर रखने के बाद उन्हे छोड़ दिया गया। लेकिन हंगामा करने के मामले में करेली थाने के दरोगा मनीष कुमार की तारीख पर रेवती रमण समेत 50 समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बतादेंकि करैली में बूथ के बाहर कुछ अराजक तत्व हंगामा कर रहे थे। जिसके बाद मौके पर मौजूद रही पुलिस ने उन्हे हटाने में जुट गई। पुलिस ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भी वहां से हटा दिया। जिसके बाद कांग्रेसी हंगामा करने लगे। सूचना मिलने पर रेवती रमण सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बूथ से हटाने का विरोध किया। जिसके बाद पुलिस ने उनकी काफी नोकझोंक हो गयी जिसके बाद पुलिस ने उनको ही गाडी सहित हिरासत में लेकर करेली थाने उठा लाई। इस मामले में करेली थाने के दरोगा मनीष कुमार की तहरीर पर पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह समेत 50 लोगों पर केस दर्ज किया गया है।

# एंबुलेंस में रोगी, नशे में धुत चालक सो गया

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जान बचाने की गारंटी लेने वाली 108 एंबुलेस सेवा के चालक की बड़ी लापरवाही सामने आई है। नशे की हालत में गांव से बुजुर्ग हृदय रोगी को मवई सीएचसी पहुंचाकर सो गया। चिकित्सकों ने बुजुर्ग की हालत गंभीर देख राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मरीज को ले जाने के लिए चालक को जगाया तो वह बेसुध पड़ा था। एक घंटे तक सीएचसी पर हंगामे की स्थिति बनी रही। उसके बाद मौके तक पहुंचे दूसरे चालक ने रोगी को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। बुजुर्ग की हालत ठीक बताई जा रही है। इस पूरे मामले का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है।

पटरंगा के नबीपुर गांव निवासी अंशु गुप्ता ने बताया कि उनके बाबा बनवारी लाल गुप्ता (65) हृदय रोगी हैं। उनकी शुक्रवार रात तबीयत बिगड़ गई। 108 एंबुलेंस से बाबा को मवई सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर आदित्य वर्मा ने बाबा की हालत गंभीर देख उन्हें अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बाबा को एंबुलेंस में बैठाने के बाद जब एंबुलेंस चालक को जगाने गए तो नशे में बड़बड़ाने लगा। इसके बाद 108 पर फोन कर मामले की शिकायत की गई। एंबुलेंस केंद्र की तरफ से एक नंबर 6306738356 भेज मामले की वीडियो मंगवाया। इसके बाद दूसरे चालक को भेजकर मरीज को मेडिकल कॉलेज भेजवाया गया। अंशु ने बताया कि रात करीब 12 बजे उसने अपने बाबा को मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में भर्ती कराया है।

**मवई सीएचएसी से रेफर बुजुर्ग को मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए बुलाना पड़ा दूसरा चालक**


ड्राइवर सीट पर सोता एंबुलेंस चालक का स्क्रीन शॉट।

### वायरल वीडियो में बुजुर्ग एंबुलेंस में और चालक नींद में

मवई सीएचसी पर हुए इस पूरे मामले की तीन वीडियो वायरल हुए हैं। पहला वीडियो नौ सेकेंड, दूसरा 59 सेकेंड व तीसरा आठ सेकेंड का है। वीडियो में साफ दिखाई पड़ रहा है कि एक बुजुर्ग एंबुलेंस में ऑक्सीजन मास्क लगाकर कराह रहा है, जबकि दूसरे में एंबुलेंस की चालक सीट पर एक व्यक्ति लेटा हुआ नजर आ रहा है। तीसरे वीडियो में कुछ लोग एंबुलेंस के पास खड़े होकर फोन लगाते दिख रहे हैं। हालांकि इस वीडियो की प्रमाणिकता पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

लोगों ने बताया कि एंबुलेंस चालक ने शराब पी रखी थी। इसके बाद दूसरा चालक मरीज को मेडिकल कॉलेज ले गया। एंबुलेंस प्राइवेट होती है। हम कार्रवाई नहीं कर सकते। सीएमओ को सोमवार को एक पत्र लिखा जाएगा। **-डॉ. पीके गुप्ता, अधीक्षक, मवई सीएचसी**

वायरल वीडियो और मामले की मुझे कोई जानकारी नहीं है। अगर किसी भी तरह की लिखित शिकायत आती है तो निश्चित ही कार्रवाई की जाएगी। **-डॉ. दीपक पांडेय, 108 एंबुलेंस के नोडल अफसर व डिप्टी सीएमओ**


# काश ! तपोवन को मिल जाता पर्यटन स्थल का दर्जा

**▸▸ महंत के प्रयास व तत्कालीन डीएम के तबादले से अटक गई फाइल**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार।** आठ किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले तपोवन सिद्ध आश्रम में पीपल, बरगद, खिरनी समेत अनेक दुर्लभ वृक्षों का बियाबान जंगल है। इस जंगल में पाए जाने वाले प्राकृतिक जल स्रोत महाभारत काल के जुड़ाव को दर्शाते हैं। इस आश्रम को बनाने वाले सिद्ध पुरुष तारेश्वरानंद के शिष्य महंत स्वामी नारायणानंद वर्तमान में आश्रम के विकास में जुटे हैं। उनके प्रयास से तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने न सिर्फ यहां सौंदर्यीकरण कराया, बल्कि इसे पर्यटन स्थल घोषित कराने के लिए भी काफी प्रयास किया, लेकिन उनके तबादले से फाइल आगे नहीं बढ़ पाई। आश्रम के महंत कहते हैं कि कुछ महीने उनका तबादला और न हुआ होता तो पर्यटन स्थल घोषित होने से इस आश्रम का कायाकल्प हो चुका होता। उन्होंने प्रदेश सरकार से एक बार फिर तपोवन सिद्धाश्रम को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की है।

**16 फुट के नर कंकाल के मिलने का भी है अद्भुत रहस्य :** महंत नारायणानंद के मुताबिक वह आश्रम में 1973 से सेवारत हैं। वर्ष 1982 में खुदाई के दौरान यहां 16 फुट का नरकंकाल मिला। ऐसी मान्यता है कि यह कंकाल धौम्य ऋषि का हो सकता है। इस मान्यता पर नर कंकाल को समाधिस्थ कर यहां पर स्थान बना दिया गया, जो सिद्ध बाबा के नाम से प्रसिद्ध हुआ। यहां दूरदराज से लोग आते हैं और तमाम धार्मिक आयोजन होते रहते हैं।


प्राकृतिक जल स्रोतों से मिलकर बना नाला।



आश्रम परिसर में लगा शिलापट। अमृत विचार

### नहीं मिल सका पर्यटन स्थल का दर्जा

महंत नारायणानंद को इस बात की पीड़ा है कि महाभारत काल से इस स्थान को जुड़ाव होने के बाद भी आज तक इसे पर्यटन स्थल का दर्जा नहीं मिल पाया। हालांकि उन्होंने पर्यटन मंत्रालय को अनेक प्रस्ताव भी भिजवाए। वह बताते हैं कि धोबिया का नाम कभी धौम्या था, जो अपभ्रंश होकर धोबिया हो गया। पांडवों के कुल पुरोहित धौम्य ऋषि बनवास के दौरान वनवास के दौरान भी पांडवों के साथ थे। लोक मान्यता है कि वनवास के दौरान पांडव यहां विचरण करते हुए आए तो यहां के रमणीय जंगल को देखकर यहां रुक गए। धौम्य ऋषि ने यहां तपस्या की थी, इसलिए इस तपोवन का नाम धौम्य आश्रम पड़ा, जो आगे चलकर बोलचाल की भाषा में बदलकर धोबिया आश्रम हो गया। कहा जाता है कि प्यास लगने पर एक बार अर्जुन ने बाण चलाकर इस धरती से जलस्रोतों की उत्पत्ति की थी।


महंत नारायणानंद।



### ऐसे पहुंचें तपोवन

लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाइवे-24 पर स्थित मैगलगंज से 16 किलोमीटर दूर बरगांवा होते हुए तपोवन सिद्धाश्रम पहुंच सकते हैं। लखनऊ से दूरी 130 किलोमीटर है। वहीं हरदोई जिला मुख्यालय से वाया पिहानी 35 किलोमीटर, सीतापुर से वाया महोली होते हुए 42 किमी, शाहजहांपुर से वाया पिहानी होते हुए 52 किमी पर स्थित है।

अमृत विचार www.amritvichar.com

# पारा बढ़ा और मतदान घटा, जिले में 55.60 प्रतिशत हुई वोटिंग

## सुबह लगी मतदाताओं की कतार, दोपहर में सन्नाटा, शाम को फिर लगी लाइन, आए फर्स्ट डिवीजन से चूके, युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं में खूब दिखा उत्साह

जिला संवाददाता, सुलतानपुर


शहर के एक बूथ पर वोट डालने के लिए लगी महिलाओं की लाइन।


दोस्तपुर के पलिया गोलपुर गांव के बूथ पर मतदान के लिए लगी कतार।

**अमृत विचार:** जिले में लोकसभा के चुनावी तपिश के बीच गर्मी का पारा भी 43 डिग्री पार रहा। नतीजतन आयोग व प्रशासन की लाख कवायदों के बाद भी मतदान प्रतिशत करीब ढाई फीसदी घट गया। प्रशासन की ओर से दिए गए आंकड़ों के मुताबिक जिले में 55.60 प्रतिशत मतदान हुआ है। जबकि, 2019 लोकसभा के चुनाव में जिले का मतदान 58.1 प्रतिशत था।

छठे चरण में शनिवार को लोकसभा चुनाव में मतदान हुआ। कुल नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमाने के लिए उतरे है। मतदान के संपन्न होने के साथ ही प्रत्याशियों के किस्मत का फैसला भी ईवीएम में कैद हो गया है। अब चार जून को मतगणना के बाद नतीजों पर सबकी निगाह टिक गई है। मतदान को लेकर जिला प्रशासन की ओर से आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार लगातार जागरूकता अभियान समेत अन्य कार्यक्रम चलाए जा रहे थे। शनिवार की सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ तो उसके पहले ही कई बूथों पर कतार लग गई थी। करीब 11 से 12 बजे तक ज्यादातर बूथों पर कतार लगी रही, लेकिन इसके बाद धीरे-धीरे बूथों पर सन्नाटा पसर गया। फिर शाम चार बजे बूथों पर अचानक लाइन लग गई। कई बूथों पर शाम सात बजे तक मतदान कराया गया। शाम छह बजे तक लाइन लगा लेने वाले मतदाताओं को वोट दिलाया गया। जिला सूचना अधिकारी डा. धीरेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में कुल 55.6 प्रतिशत मतदान हुआ है। हालांकि, पिछले चुनाव 2019 में कुल 58.1 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस लिहाज से करीब ढाई प्रतिशत मत कम हो गए।

### इस तरह बढ़ता गया मतों का प्रतिशत

| विधानसभा | 9 बजे | 11 बजे | 01 बजे | 03 बजे | 05 बजे | अंतिम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 187 इसौली | 14.09 | 27.96 | 38.10 | 44.40 | 52.41 | 54.33 |
| 188 सुलतानपुर | 14.18 | 28.01 | 38.99 | 46.09 | 54.25 | 56.37 |
| 189 सदर | 14.36 | 28.20 | 38.68 | 45.68 | 53.90 | 55.74 |
| 190 लम्भुआ | 14.29 | 28.20 | 38.57 | 45.19 | 53.38 | 55.28 |
| 191 कादीपुर | 13.68 | 28.04 | 37.77 | 45.18 | 54.00 | 56.21 |
| टोटल | 14.01 | 28.05 | 38.42 | 45.31 | 53.60 | 55.60 |

### पुरुषों से 16 हजार ज्यादा महिलाओं ने दिया वोट

शनिवार को मतदान के बाद जारी किए गए प्रशासनिक आंकड़ों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत ज्यादा रहा। जिले की पांचों विधानसभा में कुल 5,23,002 महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि, 5,07,074 पुरुषों ने वोट दिया है। तीन अन्य वोटर्स (थर्ड जेंडर) ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इस हिसाब से पुरुषों की तुलना में 15,928 अधिक महिलाओं ने वोट दिया है। इसमें भी सुलतानपुर विधानसभा में सबसे ज्यादा 1,10,948 तो सबसे कम इसौली विधानसभा में 99,297 महिलाओं ने ईवीएम की बटन दबाई है।

### अपने लिए वोट नहीं कर पाए भाजपा व सपा कैंडिडेट

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के चुनाव में भाग्य आजमाने वाले नौ प्रत्याशियों में से सात प्रत्याशी जिले के 38 लोकसभा क्षेत्र के वोटर हैं। एनडीए गठबंधन से प्रत्याशी मेनका संजय गांधी और इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी रामभुआल निषाद यहां वोटर नहीं हैं। भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी दिल्ली और सपा प्रत्याशी रामभुआल निषाद गोरखपुर जिले के वोटर हैं। ऐसे में ये दोनों प्रमुख प्रत्याशी खुद के लिए वोट नहीं कर पाए। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मेनका संजय गांधी नई दिल्ली के अशोका रोड की वोटर हैं। पांच साल तक जिले की सांसद रहने के दौरान उन्होंने अपना ठिकाना नहीं बदला। हालांकि उनका दौरा जिले में हर महीने होता रहा है।

### कई जगह ईवीएम खराब होने से बाधित हुआ मतदान

**सुलतानपुर :** जिले में कई मतदान केंद्रों पर ईवीएम मशीन में फाल्ट आने से मतदान प्रभावित रहा। लम्भुआ विधानसभा के प्राथमिक विद्यालय अमरुपुर पर बने मतदान केंद्र के बूथ संख्या 300 पर मशीन आठ बजे खराब हो गई। जिससे 30 मिनट तक मतदान प्रभावित रहा। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने ईवीएम मशीन की बैटरी बदलने के बाद मशीन चालू हो गई। जिससे मतदान फिर से शुरू हो गया। इसी तरह बूथ संख्या 301 की मशीन में फाल्ट आने से सुबह 30 मिनट देर से मतदान शुरू हो पाया। जिससे सुबह साढे नौ बजे दोनों बूथो पर 601 वोटो में 269 वोट पड़ पाया था। कोइरीपुर बूथ संख्या 404 जो नगर पंचायत कार्यालय परिसर में स्थित था। उस पर वीपी पैड व कंट्रोल यूनिट के खराबी के कारण दोनों बदलना पड़ा। सेक्टर मजिस्टेट के पास रिजर्व मशीन लगा कर उसे बदलवाया गया। सेक्टर मजिस्टेट अभिनव सिंह द्वारा मशीन का बदलाव किया गया। लगभग 45 मिनट के बाद वोटिंग शुरू हुई। सदर विधान सभा में लोकसभा चुनाव के दौरान वोटिंग मशीन में आई खराबी के कारण दो बूथों पर मतदान प्रभावित हुआ। यहां मतदाताओं को परेशानी उठानी पड़ी। उपाध्यायपुर बूथ संख्या 97 पर मॉक पोल के दौरान वीवीपैट मे खराबी आ गई। जिससे मतदान बाधित हो गया। सूचना पर पहुंचे सेक्टर मजिस्ट्रेट ने जब वीवीपैट जब बदला तो 7 .49 बजे मतदान शुरू हुआ।

### चार जून को आएंगे नतीजे, अब शुरू होगा कयास

**सुलतानपुर :** सुलतानपुर संसदीय क्षेत्र में कुल नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सभी की भाग्य शनिवार को ईवीएम में कैद हो गई। भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी, कांग्रेस गठबंधन के सपा प्रत्याशी रामभुआल निषाद और बसपा के प्रत्याशी उदराज मौर्य मुख्य मुकाबले में हैं। इसके अलावा चुनाव मैदान में अपना देश पार्टी से अब्दुल माबूद, मोस्ट बैकवर्ड क्लासेज आफ इंडिया से डॉ. शिवशंकर इंडियन, आजाद पार्टी से गिरीश लाल, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से जय प्रकाश, निर्दल मो. आसिफ और उदयराज वर्मा चुनाव मैदान में हैं। अब इन सबके भाग्य का फैसला चार जून को मतगणना के बाद होगा। रविवार से अब हार-जीत के कयास का दौर शुरू हो जाएगा।

### गणमान्य लोगों ने भी निभाई जिम्मेदारी


वोट डालकर निकलीं डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना ने महिलाओं के साथ खिंचवाई सेल्फी।


जिपां अध्यक्ष उषा सिंह, ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह दोनों बेटियों के साथ।


बसपा प्रत्याशी उदराज वर्मा ने परिवार के साथ किया मतदान। अमृत विचार


परिवार के साथ वोट डालकर निकले चेयरमैन प्रवीन कुमार अग्रवाल।


कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक राणा ने पैतृक गांव में दिया वोट। अमृत विचार


अखंडनगर में मतदान कर बाहर निकले सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय।


पूरे लेदई में भाजपा नेता रामचंद्र मिश्र ने पुत्र शुभम के साथ किया मतदान।


सपा नेता एवं पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू वोट डालकर निकले। अमृत विचार


कादीपुर के पूर्व विधायक भगेलू राम ने किया मतदान। अमृत विचार


सुलतानपुर विधायक व पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने अपनी पत्नी के साथ किया मतदान।


पूर्व विधायक अरुण वर्मा ने पत्नी व मां के साथ तिंदौली बूथ पर किया मतदान।

### मतदान का वीडियो वायरल करने पर मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र स्थित वैदहा बूथ पर मतदान करने का एक युवक का वीडियो सोशल साइट पर वायरल होने पर सनसनी फैल गई। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर पुलिस ने पीठासीन अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सुलतानपुर के प्राथमिक विद्यालय वैदहा के कक्ष संख्या दो बूथ संख्या 396 पर लोकसभा चुनाव की वोटिंग चल रही थी। वहां एजेंट के रूप में शुभम द्विवेदी मौजूद था। पुलिस का कहना है कि इस बीच जब वह मतदान करने गया तो उसने उसका वीडियो बना लिया। वीडियो को उसने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे मतदान की गोपनीयता भंग करने का अपराध माना गया है। पुलिस ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार तिवारी ने शुभम पर चुनाव प्रक्रिया में अनुचित प्रभाव डालने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करवाया है।

### भाजपा को वोट देने पर व्यापारी को पीटा

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के इनायतपुर बूथ पर वोट डालकर लौट रहे महेश कुमार को रास्ते में रोक कर मोहम्मद कैफ पुत्र बबलू और दो अज्ञात लोगों ने पहले पूछा कि आपने किसको वोट दिया है। महेश ने गमाया के जैसे ही उसने बताया कि मैं भाजपा को वोट किया है। कैफ और उसके दो साथी हाथापाई करने में लग गए। शोर गुहार सुनकर रास्ते के लोग बीच बचाव करने पहुंच गए। भीड़ होते इकट्ठा देख दबंग प्रवृत्ति के लोग फरार हो गए। इसकी सूचना भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी को किसी ने दूरभाष केंद्र से बताया तो फौरन घटना स्थल का जायजा लेने संसद मेनका गांधी घटनास्थल पर पहुंची और उचित कार्रवाई करने का दिशा निर्देश दिया। स्थानीय चौकी प्रभारी से पूछने पर बताया गया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। जानकारी मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित महेश कुमार ने बताया है कि डायल 112 को सूचना किया गया था जो मौके पर पहुंची थी और चौकी पर अभी लिखित सूचना जाकर दूंगा।

### पहली बार वोट देने वाले युवाओं में दिखा गजब उत्साह

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** लोक सभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। बिनोवा पूरी निवासी खुशी तिवारी ने बताया की उन्होंने पहली बार मतदान किया है।मतदान करने के बाद उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा की देश के विकास को ध्यान में रखते हुए सभी को मतदान करना चाहिए।सीताकुंड निवासी आरती कसौधन ने पहली बार वोट करने के बाद बहुत खुश दिखी।उन्होंने कहा की पहली बार मतदान करने पर बहुत खुशी हो रही है।कुरेभार विकास खण्ड के जफरापुर गांव निसावी दर्जनों युवाओं में पहली बार वोट करने वाले युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला।सभी युवाओं का एक ही मुद्दा था की देश का विकास होना चाहिए।इसी तरह से दर्जनों नए युवाओं ने पहली बार मतदान करने की खुशी का अनुभव साझा किया। दोस्तपुर विकास खंड के पलिया गोलपुर बूथ से वोट देकर निकली अनामिका पांडेय ने कहा कि वह पहली बार मतदान करके काफी उत्साहित हैं। विकास और युवाओं के लिए काम करने वाला नुमाइंदा चुना है। हमें स्थानीय स्तर पर अच्छी शिक्षा व रोजगार का प्रबंध करने वाला सांसद चाहिए।

### बूथों पर टेंट व सुराही का रहा प्रबंध

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए बने मतदान केन्द्रों पर धूप से बचाव के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर टेन्ट लगे दिखाई दिए लेकिन गर्मी अधिक होने से लोगों को राहत नहीं थी। पानी की सुविधा के लिए सुराही ने सभी कर्मियों की प्यास बुझाया। मतदान कराने गए कार्मिको की सुविधा के लिए पंखे लगे थे लेकिन पुलिस कर्मियों को तेज धूप में डयूटी करनी पड़ी। तातोमुरैनी प्राथमिक विद्यालय बूथ के पास एक भी छायादार बृक्ष नही होने से टेन्ट भी धूप नही रोक पाया। जिससे वोटरों को कक्ष में लाइन लगाकर मतदान करना पड़ा। पिंक व मॉडल बूथ पर विशेष सुविधाएं थी।

# इसौली के कई बूथों पर भाजपा प्रत्याशी की रही नजर

धनपतगंज, सुलतानपुर


धनपतगंज के मॉडल बूथ देहली का जायजा लेने पहुंचीं मेनका गांधी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आज छठे चरण का मतदान शुरू हुआ। तेज धूप से बचने के लिए मतदाताओं की मतदान को लेकर लम्बी लाइन बूथों पर लगी। चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच 10बजे तक 24 प्रतिशत मतदान 142 बूथों पर देखने को मिला। सबसे धीमा मतदान मायंग के तीन मतदान केंद्रों पर रहा। तेज धूप होते ही मतदान की गति काफी धीमी हो गयी जिसके चलते 4बजे तक महज 40 प्रतिशत ही मतदान हो सका। वहीं 4 बजे के बाद एक बार फिर बूथों पर मतदाताओं की आमद शुरू हुई और मतदान 53 प्रतिशत तक पहुंच गया।

मतदान के दौरान भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी भी उन बूथों पर पहुंचे जो बूथ पिछले चुनाव में उनके लिये चुनौती बने थे। मायंग , मझवारा, कुट्टा, लोहंगी, पीपरगांव ,खारा, जैसे संवेदनशील बूथों पर मेनका गांधी पंहुची और वहां मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर काफी आश्वस्त हुई। मझवारा बूथ पर प्रेस से मुखातिब उन्होंने कहा कि भयमुक्त होकर लोग मतदान कर रहे है। जनता का आशीर्वाद मेरे साथ है । निःसंदेह भारी मतो से हमारी जीत होगी। और जनता जिस भरोसे पर हमको चुनकर लोक सभा भेज रही है।मै उसके भरोसे को टूटने नही दूंगी।हालांकि मतदान के दौरान अफवाहों को चलते पुलिस हलकान रही। महमूदपुर बूथ और अमऊ बूथ के साथ मायंग पर मतदान प्रभावित करने की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई के लिये थानाध्यक्ष पंडित त्रिपाठी मौके पर पहुंचे तो वहां की शिकायत महज अफवाह ही रही। फिलहाल क्षेत्र की संवेदनशीलता के मद्देनजर पुलिस कप्तान सोमेन वर्मा के साथ क्षेत्राधिकारी सौरभ सामंत भी संवेदनशील बूथों की निगरानी के लिये पहुंचे।

### मतदाता पर्ची की गड़बड़ी स्वीकार कर दोनों भाइयों से डलवाया गया वोट


कादीपुर में दो भाइयों को घर से बुलवाकर दिलवाया गया वोट।

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मतदाता पहचान पत्र और मतदाता पर्ची में हुई गलती को स्वीकार करते हुए निर्वाचन आयोग के कर्मचारियों ने दो भाइयों को घर से बुलाकर वोट दिलवाया।मामला कादीपुर विधानसभा के भाग संख्या 100 प्राथमिक विद्यालय कादीपुर कला बूथ का है। इस बूथ के दो सगे भाइयों के मतदाता पहचान पत्र व मतदाता पर्ची में नाम पिता के नाम और फोटो में गड़बड़ी थी। शनिवार को जब समाचार पत्रों में यह मामला उछला तो अधिकारियों ने इसे संज्ञान में लिया। निर्वाचन आयोग के कर्मचारी ने शाम को ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि को फोन किया और गलती स्वीकारते हुए उनसे अपने भाई ध्यानेन्द्र विक्रम सिंह के साथ उन्हीं गलत कागजातों के आधार पर वोट करने का आग्रह किया। जिसे स्वीकारते हुए दोनों भाइयों ने बूथ पर जाकर अपना मतदान किया । निर्वाचन आयोग के कर्मचारियों ने बताया कि मतदाता परिचय पत्र में जो भी गड़बड़ी है वह चार जून के बाद सही कर दी जायेगी।

### राष्ट्रीय सेवा भारती ने चलाया मतदान सेवा रथ व स्वास्थ्य कैंप


सेवा भारती की तरफ से बूथों पर चलाया गया सेवा रथ।

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सेवा भारती ,आरोग्य भारती एवं सक्षम के संयुक्त तत्वाधान में मतदान दिवस के दिन नगर के केश कुमारी विद्यालय के मतदान स्थल पर चिकित्सा स्वास्थ कैंप व मतदाताओं को लाने ले जाने के लिए 2 मतदान सेवा रथ चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा सभी मतदान केन्द्रों पर शुद्ध जल एवं गुड़ की व्यवस्था की गई ।दो दिन पूर्व मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई थी जिसमें शहर के भीड़ भाड़ वाली मुख्य स्थानों पर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया ।डॉक्टर सुनील त्रिपाठी ने बताया की सुबह से शाम तक मतदान सेवा रथ चलाया गया जिससे मतदान बूथ तक वृद्ध व दिव्यांग मतदाताओं को वोट देने जाने में कोई असुविधा न। स्वस्थ कैंप में लोगों का नि :शुल्क स्वास्थ्य चेकअप हुआ और दवाएं दी गई। स्वास्थ्य कैंप के दौरान राष्ट्रीय सेवा भारती कुशभवनपुर के महामंत्री डॉ सुनील त्रिपाठी , आरोग्य भारती काशी प्रांत सह सचिव डॉ अभिषेक पाण्डेय , आरोग्य भारती काशी प्रांत कार्यकारिणी सदस्य/जिला अध्यक्ष डॉ घनश्याम अग्रहरि, सचिव डॉ प्रदीप मिश्रा ,सहसचिव डॉ अजय कुमार दुबे, पूर्व सचिव डॉ अजय कुमार शर्मा , कोषाध्यक्ष डॉ दीपक दुबे, डॉ अनिल कुमार पाण्डेय , डॉ अमित कौशल , राष्ट्रीय सेवा भारती जिला सह कोषाध्यक्ष डॉ मनीष श्रीवास्तव , सक्षम के संयोजक डॉ देवी रमण त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# मतदाताओं को छुड़ाने कोतवाली पहुंचे पूर्व विधायक

- विधायक के थाने पहुंचने पर पुलिस प्रशासन के फूले हाथ-पांव

लंभुआ, सुलतानपुर


लंभुआ कोतवाली पहुंचे पूर्व विधायक संतोष पांडेय की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने सरकार के विरोध में की नारेबाजी।

**अमृत विचारः** लंभुआ विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 206 व 207 मदनपुर पुर पर अज्ञात लोगों ने बूथ पर पुलिस से फर्जी मतदान की शिकायत करते हुए मोबीन अहमद, तहसीम बानो व उसके पति अब्दुल माजिद को मतदान करने से रोक दिया। आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने भी बगैर जांच पड़ताल किए तीनों मतदाताओं को हिरासत में ले लिया। जिसकी शिकायत सपा कार्यकत्ताओं ने लंभुआ के पूर्व विधायक संतोष पांडेय से की। जिस पर विधायक ने कोतवाल अखंडदेव मिश्रा से फोन पर बात हुई। कोतवाल ने शीघ्र छोड़ने की बात भी कही, बावजूद इसके दो घंटे गुजर जाने के बाद भी जब मतदाताओं को छोड़ा नहीं गया तो पूर्व विधायक अपने दर्जनों समर्थकों के साथ कोतवाली का घेराव कर मतदाताओं की रिहाई की मांग पर अड़ गये। विधायक के कोतवाली पहुंचते ही पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गये। इस दौरान पुलिस कार्यशैली से नाराज समर्थकों ने नारेबाजी भी की।

कोतवाल अखंड देव मिश्रा ने बताया कि हिरासत मे लिए गये तीन लोगों के मतदाता पर्ची और आधार कार्ड में भिन्नता होने के कारण थाने लाया गया था। उन्हें छोड दिया गया है। वहीं पूर्व विधायक का आरोप है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन मौजूदा सरकार के दबाव में काम कर रहा है। सुबह से ही सपा के चिन्हित मतदाताओं को वोट डालने से रोका जा रहा था। बिना किसी गुनाह व सबूत को चुनाव के दिन मतदाता को हिरासत में लेकर बैठाना गलत था। इसलिए मैं कोतवाली गया था। कोतवाल से हमारी बात हुई फिर मैं वापस आ गया। वहां मौजूद कार्यकर्ता आ गये थे। घेराव की बात गलत है।

### संदिग्ध परिस्थिति में लटका मिला युवक का शव

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में गांव नरही पूरे कोलाहल निवासी मनोज कुमार (26) पुत्र सुदामा प्रसाद का अपने ही गांव से कुछ दूरी पर दहलवा गांव के पास खेत में पीपल के पेड़ में फंदे से लटका हुआ शव मिला। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष तरूण कुमार पटेल ने बताया कि मृतक के भाई अयोध्या प्रसाद के द्वारा तहरीर दी गई है। पुलिस मामले में जांच्-पड़ताल कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पायेगा। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जायेगी।

### मेला देख कर लौट रही किशोरी से छेड़छाड़

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में शुक्रवार शाम को लगे गाजी मियां का मेला देख कर लौट रही चौदह वर्षीय किशोरी के साथ अशरफ निवासी बेलवारे ने छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी है।

### बुलेट से गिरने से घायल युवक की मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर ,अमृत विचार :** कस्बे के किराना दुकानदार सूरज लाल के इकलौते पुत्र अंशू कसौधन (32)की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। वह सोमवार को कस्बे शाहगंज रोड पर सोमवार को अपनी बुलेट बाइक से गिरकर घायल हो गया था। अंशु की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### पुलिस ने दो दंपति जोड़ों में कराया सुलह समझौता

**तिलोई, अमेठी।** थानाध्यक्ष ममता रावत और माहिला रिपोर्टिंग चौकी मोहनगंज उपनिरीक्षक सुधा वर्मा ने दो दंपति जोड़ों के बीच चल रहे विवाद में आपसी सुलह समझौता कराया। जिसके बाद पति-पत्नी साथ रहने को राजी हो गए। इसके अलावा सिंहपुर ब्लॉक के इन्होंना थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान, एंटी रोमियो अभियान चलाया गया। मनचलो और शोहदों से पूछताछ करते हुए हिदायद दी गई।

### पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना मोहनगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान शनिवार को पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त मो. आसिफ (20) निवासी पूरे फकीर शाह मजरे जमुरवा को हरिहरपुर तिराहा नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### गोमती नदी में नहाते समय युवक डूबा

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** थाना भालेसुलतान क्षेत्र के गाजनपुर निवासी युवक अपने साथियों सहित गोमती नदी में स्नान करते समय डूब गया। थाना भालेसुलतान क्षेत्र के गाजनपुर निवासी पीयूष सिंह (18) अपने साथियों सहित गोमती नदी में स्नान करने गया था। नदी में नहाते समय युवक डूबने लगा। सूचना पर पहुंचे लोग और पुलिस ने बड़ी कोशिश के बाद नदी से शव बरामद कर लिया गया है। थानाध्यक्ष भाले सुल्तान राज कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पति सहित सास-ससुर ननद पर पिटाई का आरोप

**फुरसतगंज, अमेठी।** शनिवार को दीपू पत्नी अरविन्द निवाशी पुरे जालिम मजरे जमालपुर रामपुर ने अपने पति अरविन्द ससुर जंग बहादुर व सास और ननद पर आरोप लगाया की यह लोग बिना किसी कारण के हमें आये दिन मारा पीटा करते है। शुक्रवार को इन लोगों ने हमें बुरी तरह पीटा।

# कांग्रेस प्रत्याशी सहित 13 नामजद व कई अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

## चौराहे पर भीड़ जमा करने पर आचार संहिता उल्लंघन के तहत हुई कार्रवाई

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव का मतदान सम्पन्न होने के बाद भी अमेठी में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा का कार्यकर्ताओं से जनसम्पर्क जारी है। शनिवार को थाना बाजार शुक्ल अंतर्गत मंगरौली चौराहा पर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को चौराहे पर भीड़ इकट्ठा कर संवाद करना महंगा पड़ गया। जिले में आदर्श आचार संहिता क्रम में बाजार शुक्ल थाने में तैनात दरोगा की तहरीर पर कांग्रेस प्रत्याशी सहित 13 नामजद व 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा बाजार शुक्ल थाने में दर्ज किया गया है।



कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता करते कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा। अमृत विचार

पूरा मामला बाजार शुक्ल थाना क्षेत्र के मंगरौली चौराहा का है जहां शनिवार की सुबह कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा लोगों से चुनाव को लेकर जनसंवाद करने लगे, देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों की भारी भीड़ इक्कट्ठा हो गई। आचार संहिता लागू होने के कारण कांग्रेस प्रत्याशी को महंगा पड़ गया। बाजार शुक्ल थाने में तैनात हल्का दरोगा वीरेंद्र कुमार पांडे की तहरीर पर थाना बाजार शुक्ला में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें नामजद आरोपी में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के साथ मजहर अहमद, इकरार अहमद, बेचू खान, इराफ, सलमान अहमद पुत्र गुलाम नबी, रईस अहमद निवासी पूरे कुदावन, वासिफ निवासी मंगरौली, शाहिद, इसराइल हक उर्फ़ कलूट बाबू निवासी कासिमपुर, दानबाबू निवासी बलापुर, मेराज निवासी पुरे तालेबन, इब्राहिम गुर्जर निवासी मंगरौली समेत 20 से 25 लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

थानाध्यक्ष तनुज पाल ने बताया कि बिना उपजिलाधिकारी की अनुमति के अधिक संख्या में लोगों का इकट्ठा होना धारा 144 का उल्लंघन है अतः विधि विरुद्ध मामले को संज्ञान में लेते हुए अभियोग पंजीकृत किया जाएगा उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर अज्ञात लोगों की पहचान की जाएगी। इस मामले में कांग्रेस के मीडिया प्रभारी अनिल सिंह ने बाजार सुकुल पुलिस की कार्रवाई की निंदा की है। उन्होंने कहा कि जिले की पुलिस सत्तारुढ़ दल के इशारे पर विपक्षी दलों के साथ भेदभाव पूर्ण कार्रवाई कर रही है।

## किशोरी को भगा ले जाने में मुकदमा दर्ज

**फुरसतगंज, अमेठी अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी नाबालिग बेटी 18 मई की शाम बाजार जाने को घर से निकली थी। लेकिन वापस घर नहीं लौटी। दो दिन तक तलाश किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। कुछ लोगों से पता चला है कि बेटी को रास्ते में मिले वीरेंद्र प्रजापति (20) निवासी कुम्हारन का पुरवा पिंडारी खुर्द और ओम शर्मा (19) निवासी रसेहता जिला रायबरेली अपने साथ ले गए हैं। कई दिनों तक बेटी को साथ रखा। मौका पाकर बेटी वापस घर लौटी तो पूरी घटना बताई। जिसके बाद महिला ने फुरसतगंज पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी फुरसतगंज प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। लड़की का मेडिकल कराया जा रहा है।

## दूध कारोबारी पर जानलेवा हमला करने में तीन गिरफ्तार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** बीते बुधवार की देर शाम मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के नेवादा किशुनगढ़ गांव के पास दूध कारोबारी अमर बहादुर यादव पर दबंगों ने सरिया व लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल दूध कारोबारी को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घायल के भाई राजकुमार की तहरीर पर मुसाफिरखाना पुलिस ने गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सचिन तिवारी निवासी पूरे शंकर तिवारी मजरे नेवादा किशुनगढ़, योगेश तिवारी निवासी बभनगांव मजरे कुण्डा नेवादा थाना मुंशीगंज और निगम तिवारी निवासी महिमापुर थाना गौरीगंज को नगेसरगंज हाइवे ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि सचिन तिवारी व योगेश तिवारी ने बताया कि हमलोगों के रिश्तेदार व अमर बहादुर यादव के बीच विवाद चल रहा था जिसको लेकर अमर बहादुर यादव तंज कसा करता था। जिसका बदला लेने के लिए तीनों ने अमर बहादुर को सबक सिखाने की योजना बनाई।

हमलोगों ने शिवम पाठक, शुभम पाठक पुत्रगण रामदर्शन पाठक निवासी पूरे शंकर तिवारी मजरे नेवादा किशुनगढ थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी, शैलेन्द्र व महेन्द्र के साथ मिलकर अमरबहादुर यादव से मारपीट करने की योजना बनाई थी। योजना के अनुसार 22 मई को शाम को जब अमर बहादुर यादव डेयरी से दूध लेकर आ रहे थे, तभी जगईपुर टावर के पास उसे रोककर लोहे की सरिया व डण्डा से हमला कर दिया। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डण्डा व लोहे की सरिया बरामद कर लिया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुकतों को जेल भेज दिया।

# पांच लाख की फिरौती के लिए अगवा युवक बरामद

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** मोहनगंज पुलिस द्वारा अपहरण कर फिरौती मांगने वाले अभियुक्तों में से एक को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया है। अपहरणकर्ता के पास से पुलिस ने एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पूछताछ के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

मोहनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह मुखबिर सूचना मिली थी कि वांछित अभियुक्त हारून निवासी पूरे भट्ठा मजरे आजादपुर थाना इन्हौना अपहृत युवक के साथ चांदगढ़ नहर की पटरी के पास मौजूद है। जिसके बाद घेराबंदी कर अभियुक्त को गिरफ्तार करने के साथ अपहृत युवक को बरामद कर लिया गया। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार को शाहमऊ बाजार से हारून व इमरान ने उसे अगवा कर लिया था।

जिसके बाद आरोपी उसे छोड़ने के बदले उसके भाई से पांच लाख रुपये मांग रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त हारुन को जेल भेजने के साथ पुलिस दूसरे अभियुक्त इमरान की तलाश कर रही है।

## बिजली न रहने से गर्मी में तिलमिलाए लोग

**फुरसतगंज, अमेठी अमृत विचार।** शनिवार सुबह छ बजे से फुरसतगंज विद्दयुत उपकेन्द्र से निकलने वाली आपूर्ति रही बाधित जिसके चलते उपकेन्द्र से निकलने वाले फीडर डीघिया, फुरसतगंज, ओदारी, टेकरी दांदू के विध्युत हजारो उपभोक्ता दिन भर रहे गर्मी से बेहाल हैं। कारखाने भी बंद रहे। बताया कि दोपहर में लगभग 11 बजे दो घंटे के लिए बिजली आई थी उसके बाद शाम 5 बजे तक गुल रही। अवर अभियंता महेश पाण्डेय ने बताया कि 33 हजार लाइन के खम्भों से तार उतर जाने के कारण अवरोध पैदा हुआ है। मरमत का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल होगी।

# गृहस्थ जीवन में राम नाम का भजन ही उपयोगी

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** गृहस्थ जीवन यापन करने वालों को राम नाम का भजन करना चाहिए। उन्हें तपस्या आदि से बचना होगा। यह बातें रोहसी में आयोजित एक दिवसीय सत्संग कार्यक्रम में देवरहा आश्रम से आए देवरहा बाबा कृपा पात्र शिष्य देवदास जी महराज ने कहा।

शनिवार को रोहसी बुजुर्ग निवासी राजदेव सिंह उर्फ गब्बर सिंह, इन्द्रदेव सिंह ने एक दिवसीय सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें वृंदावन धाम स्थित देवरहा बाबा आश्रम के निकटस्थ संत देवदास जी महराज ने आये हुए श्रद्धालुओं को सत्संग का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन मे रहने वाले लोगों को जपतप के चक्कर मे न पड़कर राम नाम का भजन मार्ग सबसे उत्तम होता है। पांच पांच मिनट सुबह शाम राम नाम का भजन करने पर 10 गुना लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि माता पिता की निष्ठा के साथ कि गई सेवा सबसे उत्तम है। उन्होंने बताया कि इस आश्रम में बहुत जिम्मेदारी होने के कारण सुबह शाम किया गया भजन बहुत उपयोगी है। उन्होंने कई उदाहरण भी प्रस्तुत किया।



सत्संग में प्रवचन सुनाते देवदास जी महराज व मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण व भोजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, सत्यदेव सिंह, शिव नायक पांडेय, बसंत लाल चौहान, सदानंद पांडेय, दिवाकर पांडेय, राजेन्द्र सिंह, दिनेश तिवारी, नन्हे तिवारी, पप्पू श्रीवास्तव व गोपाल सिंह, इन्द्रदेव सिंह सहित बड़ी संख्या में मौजूद महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने सत्संग का लुफ्त उठाया।

# बुद्ध के शांति संदेश समय की जरूरत: शमशेर

## आयोजन

▸▸ त्रिविध पावनी पूर्णिमा महोत्सव के कार्यक्रम जारी, किटियांवा में हुआ बुद्ध चरित चन्द्रोदय पाठ

संवाददाता, शाहगंढ, अमेठी

**अमृत विचार।** जिले में त्रिविध पावनी पूर्णिमा महोत्सव के कार्यक्रम जारी हैं। शनिवार को किटियांवा में बुद्ध चरित चन्द्रोदय पाठ के समापन के बाद बच्चों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध चरित मानस के अखंड पाठ का समापन शनिवार को सुबह हुआ। दोपहर बाद आयोजक रमेश कुमार बौद्ध के संयोजन में बहुजन महापुरुषों के जीवन दर्शन पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में 56 बच्चों ने प्रतिभाग किया। सामाजिक कार्यकर्ता शमशेर कुमार बौद्ध ने कहा कि इस समय दुनिया के कई देश युद्ध की विभीषिका से जूझ रहे हैं, ऐसे में भगवान बुद्ध के शांति संदेश ही मानवता की रक्षा कर सकते हैं। पूर्व प्रधान हरिनाथ बौद्ध, धर्मेंद्र कुमार राम यश मौर्य, राम केवल मौर्य, प्रभावती बौद्ध, राजू आदि ने बौद्ध धर्म की शिक्षाओं पर संवाद किया।



वैवाहिक कार्यक्रम में उपस्थित बौद्ध धर्म के अनुयायी। अमृत विचार

## रामदयपुर में बुद्ध पूर्णिमा पर हुआ वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन

**मुंशीगंज।** बुद्ध पूर्णिमा के पर्व पर रामदयपुर में एक वैवाहिक आयोजन सम्पन्न हुआ। बसपा नेत्री ज्योति वर्मा और दया राम बौद्ध ने अपनी बेटी की शादी रचाई। कम्पोजिट विद्यालय नेवढ़िया के शिक्षक राजेंद्र कुमार, शारदा बौद्ध के साथ परिणय सूत्र में बंधे। वैवाहिक आयोजन में बड़ी संख्या में बौद्धाचार्य, सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। वरिष्ठ बौद्धाचार्य शिवनाथ बौद्ध ने संस्कार कराया। वीरांगना झलकारी बाई की धरती झांसी से आए मनीष बौद्ध ने कहा कि बौद्ध धम्म वैज्ञानिक धर्म है और मानवता के हितकारी है। फतेहपुर से आए आशीष सिंह ने कहा कि आज दुनिया में अशांति है और मानवता कराह रही है, भगवान बुद्ध का मार्ग ही दुनिया को शांति और सौहार्द कायम कर सकता है।

अवर अभियंता शांति स्वरूप ने कहा कि बौद्ध धर्म मानवता के लिए कल्याणकारी है। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने कहा कि बौद्ध धर्म को मानने वाले दुनिया के सभी राष्ट्र प्रगति के मामले में आगे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी जब विदेश दौरे पर जाते हैं तो अपनी पहचान बुद्ध की धरती के लाल के रूप में प्रस्तुत करते हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाठक, पूर्व मा. वि. संघ के कोषाध्यक्ष इन्द्र पाल गौतम, सेवानिवृत्त प्र अ गया प्रसाद सिंह,प्र अ ललित नारायण त्रिपाठी, विजय शंकर सिंह, निपुण भारत मिशन में पुरस्कृत संकुल शिक्षक रोहित प्रताप सिंह, बौद्धाचार्य मनोज कुमार,राम भजन बौद्ध,राम कुमार, फूलचंद, पूर्व प्रधान कल्प नाथ यादव, एडवोकेट , विजय कुमार,भीम सागर बौद्ध, एडवोकेट कुल रोशन, प्रमोद कुमार, बृजेश कुमार, रामनरेश, प्रमोद कुमार मिश्र, ध्रुव राज सिंह, अवर अभियंता योगेन्द्र कुमार, अवधेश मिश्रा, केश कुमार, जितेन्द्र जायसवाल, सोहन कुमार, ओम प्रकाश, हरिकेश पांडे, राजीव रंजन, साधू राम, राकेश कुमार आदि ने भगवान बुद्ध को नमन करते हुए नव दंपति को मंगल कामनाएं दी हैं।

## शौचालय घोटाले में रिकवरी का आदेश

**भादर, अमेठी।** विकास खंड भादर की ग्राम पंचायत खानापुर में हुएशौचालय घोटाले के एक पुराने मामले में वसूली की कार्रवाई न करने के लिए अपर निदेशक पंचायती राज राजकुमार ने पटल सहायक संतोष विश्व कर्मा को दोषी माना है। अपर निदेशक ने डी पी आर ओ को पत्र लिखकर पटल सहायक के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2015-16, में स्वच्छ भारत मिशन -ग्रामीण के अन्तर्गत खानापुर में 825980 रुपये शासकीय धन के दुरुपयोग का मामला जांच कमेटी की रिपोर्ट में साबित हुआ था। जांच समिति की रिपोर्ट आने के बाद तत्कालीन सी डी ओ ने ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी से 50-50 फीसदी धनराशि की रिकवरी करने के निर्देश दिए थे। तत्कालीन सचिव नंद लाल यादव से 412990 रुपये की वसूली की गई, परन्तु तत्कालीन ग्राम प्रधान के हिस्से की 50 फीसदी धनराशि विभाग अभी तक नहीं रिकवरी करा पाया है। पटल सहायक संतोष विश्व कर्मा की मिली भगत से तत्कालीन ग्राम प्रधान ने अपना बचाव कर लिया, आज तक रिकवरी की धनराशि जमा नहीं हो पाई है। अपर निदेशक राजकुमार ने डीपीआरओ को पत्र लिखकर पटल सहायक के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।


## वर्ग पहेली-81

**बाएं से दाएं**

3. 1. पानी गिरने की ध्वनि 2. ज़ोर से उछाला हुआ पानी का छींटा 3. धारा के किसी वस्तु से टकराने के बाद उत्पन्न होने वाला शब्द, छपाछप।
4. 1. चुभना, पीड़ा देना, गड़ना 2. किसी दुखद घटना का बार-बार स्मरण होना 3. टीस उठना 4. किसी की याद में तड़पना।
5. 1. कंघा, कंघी 2. कंधा, भुजबल।
6. 1. ऐसे वर्ण या अक्षर जिनके उच्चारण में मुंह के अतिरिक्त नाक से अनुस्वरात्मक ध्वनि निकलती है 2. नाक के योग से बोलने या गाने वाला।
8. 1. पत्रभाग 2. स्तंभ 3. पंक्ति 4. हाशिया।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. भोग करने वाला, भोगी 2. खाने वाला, भक्षक 3. भोजन पर आमंत्रित अतिथि।
2. 1. किसी को दबाना 2. रस्सी या सूत के दो टुकड़ों को बटकर जोड़ना।
3. 1. किसी भार या धक्के से वस्तु का वेग से दूर जाना 2. दूर या अलग रहना 3. बंधन से निकल जाना 4. कूदना, उछलना 5. किसी व्यक्ति या जंतु का अपने नमिता
5. 1. साग-सब्ज़ी 2. हरी पत्तियों वाली छोटी वनस्पति से बनी सब्ज़ी 3. तरकारी।
7. ज्योतिष, तारे, सितारे।



### वर्ग पहेली -80 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | शी | ■ | 2 आ | ■ | ■ | 3 फ़े |
| ■ | ■ | 4 म | न | ब | सि | या |
| 5 ए | ■ | ■ | न | ■ | ■ | ज़ी |
| 6 की | श | ■ | फा | ■ | 7 फ | ■ |
| क | ■ | 8 अ | न | भ | ला | ■ |
| 9 र | ह | मा | न | ■ | दे | ■ |
| ण | ■ | न | ■ | 10 सं | श | य |

## सुडोकू -160

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 2 | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | 6 | | | | | | | |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| | | | | | | | | 9 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | | | | |
| | | 8 | | | | | | |

### सुडोकू -159 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 18.06 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 10.36 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** — आज वैवाहिक जीवन को आपको पर्याप्त समय देना चाहिए। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ा सकता है। आपको ज्यादा काम में व्यस्त होने के बजाय अपनों को समय देना चाहिए। उत्तम भोजन का आनंद ले सकते हैं। रिश्तेदारों से लंबे समय के बाद बात हो सकती है।

**वृष** — आज व्यापार को लेकर कुछ परेशानियां सामने आ सकती हैं। हीनता की भावना से आपको बचना चाहिए। मन में किसी नकारात्मक विचार को लेकर परेशानी हो सकती है। सेहत को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही न करें।

**मिथुन** — आज दिन की शुरुआत किसी अच्छी खबर से हो सकती है। विदेश यात्रा पर जाने की योजना भी बना सकते हैं। आप गृहस्थ सुख का भरपूर आनंद लेंगे। जिन लोगों का विवाह तय नहीं हो रहा था, उनके लिए दिन काफी शुभ है।

**कर्क** — आज किसी अच्छी खबर को लेकर मन में आशा रहेगी। बड़े भाई-बहनों और मित्रों से आपको अच्छा सहयोग मिल सकता है। नया घर या वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपनी जॉब बदलने के लिए प्रयासरत हो सकते हैं।

**सिंह** — आज आपको कई सारे कार्य एक साथ करने पड़ सकते हैं। दिखावे के लिए आप धन खर्च करेंगे। बजट का ध्यान अवश्य रखें। संतान के व्यवहार को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा के अनुसार परिणाम मिलने की संभावना कम है।

**कन्या** — आज आप अपनी गलतियां पहचान पाएंगे। अधिकारी वर्ग से आपको सावधान रहना चाहिए। कुछ लोग आपका अपमान करने का प्रयास कर सकते हैं। आप कई लोगों के साथ मिलेंगे। इससे आपके अनुभव में वृद्धि होगी।

**तुला** — आज नई नौकरी के ऑफर मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। आपको काफी सावधानीपूर्वक लोगों से बातचीत करनी चाहिए। ऐसा न हो की लोग आपकी बातों का मतलब गलत निकाल लें। धन की समस्या दूर होगी। किसी पर भी आंख मूंदकर विश्वास न करें।

**वृश्चिक** — आज यदि आप पार्टनरशिप में कोई कार्य कर रहे हैं तो आपको सावधान रहना चाहिए। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें। नए कपड़े और आभूषणों में धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में लोग आपको धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत अच्छी खबरों से होगी। कार्यक्षेत्र में सब काम आसानी से होते रहेंगे। उच्च पद पर आसीन लोग आपका सम्मान करेंगे। किसी आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। गुप्त शत्रुओं से छुटकारा मिल सकता है।

**मकर** — आज आप घर पर कुछ बोरियत महसूस करेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण रखें। विवाह को लेकर कुछ परेशानी झेलनी पड़ेगी। दूसरों के काम पर ज्यादा ध्यान न दें। संतान को लेकर परेशानी दूर होने से मन कुछ शांत होगा।

**कुंभ** — आज पारिवारिक जीवन काफी सुखद रहेगा। लोग आपसे सलाह की अपेक्षा रखेंगे। नौकरी में पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी बातों से आप काफी लोगों को प्रभावित करेंगे। नई संपत्ति में निवेश करने के लिए दिन बेहद शुभ है।

**मीन** — आज दांपत्य जीवन रोमांटिक रहेगा। जिन लोगों की पदोन्नति लंबे समय से रुकी हुई थी,उनके लिए दिन भाग्यशाली रहेगा। छोटे भाई-बहन को लेकर शुभ खबर मिल सकती है। आप नया काम शुरू करने के लिए काफी उत्सुक रहेंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
आर या पार — सुबह : 11.14
बागी : ए रिबेल फॉर लव — शाम : 05.53

Sony Pix
जॉन रैम्बो — दोपहर : 12.03
स्पाइडर मैन — शाम : 06.44

&pictures
थोली प्रेमा — सुबह : 09.18
खिलाड़ी 786 — रात : 07.30

Zee Cinema
फ्रीकी अली — सुबह : 09.35
शादी में जरूर आना — शाम : 05.00

Colors Cineplex
डेंजरस खिलाड़ी 3 — सुबह : 10.32
भेड़िया — रात : 07.05

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट पर बैठी लड़की पर पड़ी।
लड़का- पहचाना मुझे!
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे, हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी, तू तो रोज मुर्गा ही बनता था।

पति के जन्मदिन पर पत्नी- क्या गिफ्ट दूं?
पति- तुम मुझे इज्जत दो, कहना मानों यही काफी है।
पत्नी- तुम्हें भी फिर यही देना चाहिए। मैं तो गिफ्ट ही दूंगी

# आनंद से भरी पूरी है सृष्टि



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीन काल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है, लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है।

सत्य, शिव और सौंदर्य अस्तित्व का प्रसाद हैं। प्रसन्न होने के लिए यह सब पर्याप्त है। मनुष्य ने प्रत्यक्ष रूप में बड़ी उन्नति की है। भौतिक ज्ञान व्यापक हुआ है। विज्ञान के क्षेत्र में आश्चर्यजनक शोध हुए हैं। भारतीय दर्शन में आनंदमय चिंतन के शाश्वत सूत्र हैं। कला और सौंदर्यबोध भी शिखर पर हैं। सुख, स्वस्ति और आनंद भी अविरल प्रवाहमान हैं, लेकिन पश्चिम प्रेरित आधुनिकता ने जीवन को प्रतिस्पर्धी बनाया है। प्रतिस्पर्धी जीवन के प्रभाव में आनंद के स्रोत व्यक्ति को आश्वस्ति नहीं देते। प्रसन्न रहना और प्रसन्न होना सभी व्यक्तियों का मौलिक अधिकार है। प्रसन्नता सहज सुलभ है, लेकिन प्रसन्नता के सूचकांक में दुनिया के तमाम देशों की स्थिति चिंताजनक है। पश्चिम प्रेरित आधुनकिता में धन और भौतिक संसाधनों को संग्रह करने की प्रतिस्पर्धा है। व्यक्तिवाद बढ़ा है। सामाजिक उल्लास के लिए सामूहिक जीवन की आवश्यकता होती है। सामाजिक उल्लास की परम्परागत व्यवस्था का नाम उत्सव है। अकेला व्यक्ति प्रसन्न नहीं हो सकता। एकाकी व्यक्ति उत्सवों का आयोजन भी नहीं कर सकता। उत्सवों के आनंद घटे हैं।

जीवन में प्रसाद का अभाव है और अवसाद का प्रभाव। अवसाद वस्तुतः पराजित मानसिकता का परिणाम है। मित्रता सुख देती है। मित्र परस्पर सुख-दुख बांटते हैं,लेकिन मित्रता भी स्वार्थ निरपेक्ष नहीं है। एकाकी होने में दुख है। एकाकी अनुभव होने में और ज्यादा दुख है। बृहदारण्यक उपनिषद में सृष्टि के विकास का सुंदर वर्णन है। ऋषि कहते हैं, ''पहले वह अकेला था। अकेला होने के कारण उसे आनंद नहीं मिला। उसे अकेले में आनंद नहीं आया।'' आकार में सबसे बड़ी वृहदारण्यक उपनिषद् शतपथ ब्राह्मण का एक हिस्सा है। इसका अध्ययन विचारोत्तेजक है। इसमें सृष्टि सृजन के सम्बंध में कहते हैं, ''पहले केवल आत्मा था। वह अकेला था-अह्मस्मि। बताते हैं कि वह भयभीत हुआ। उसने चारों ओर देखा। दूसरा कोई नहीं था। दूसरा कोई नहीं तो डर कैसा। वह निर्भय हो गया।'' इसका संदेश सुस्पष्ट है। आत्मबोध निर्भय बनाता है। आगे बताते हैं, ''उस अकेले को आनंद नहीं आया-स वै नैव रैमे तस्मात् एकाकी न रमते।'' वैसे भी अकेले को आनंद नहीं आता। एक कोई और हो तो अच्छा लगता है। उसने एक और की इच्छा की। उसने स्वयं को विभाजित कर दिया। वह एक से दो हो गया। आत्मविश्वास का संकट भी अंतर्मन को आहत करता है। तनाव भी दुख के लिए उत्तरदायी है। अवसाद से अनेक बीमारियां भी बढ़ती हैं। इसका उल्टा भी होता है। लंबे समय की बीमारी भी अवसाद बढ़ाती है। अवसाद एक विशेष प्रकार की मनोदशा है। इस मनोदशा में स्वयं पर विश्वास नहीं रह जाता। आत्मविश्वास की कमी अवसाद को और भी बढ़ाती है। इसके प्रभाव की गंभीरता को देखते हुए 2021 में जापान में मिनिस्ट्री ऑफ लोनलिनेस मंत्रालय बनाया गया। इस मंत्रालय का उद्देश्य लोगों को अवसाद की दशा से मुक्त करना था, लेकिन इस सरकारी विभाग के द्वारा किए गए काम कोई परिणाम नहीं दे सके। दरअसल अवसाद जैसी खतरनाक मनोदशा को दूर करने के लिए सरकारी विभाग बना देना पर्याप्त नहीं है। निराशा विशेष प्रकार की मनोदशा है। आशा अभावग्रस्त व्यक्ति को भी दुखी नहीं होने देती। आशा का सीधा अर्थ है कि भविष्य में सब कुछ अच्छा ही होगा। आशा भविष्य पर विश्वास है। निराशा अपने कर्मों पर भी विश्वास नहीं करने देती। मनोचिकित्सकों के लिए यह एक बीमारी है। उनका कहना है कि मस्तिष्क का एक हिस्सा मनुष्य को अपनी सुरक्षा के लिए सावधान करता है और उसके निर्णय लेने की विधि को भी प्रभावित करता है। ऊंचाई से डर लगना या लिफ्ट में घबराहट का अनुभव करना दुख है। अवसाद की स्थिति में मस्तिष्क का यह हिस्सा व्यवस्थित काम नहीं करता। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत अवसाद के मरीजों के मामलों में अग्रणी देशों में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीन काल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है, लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है। भारतीय दर्शन परंपरा में परम सत्ता को समूचे अस्तित्व के लिए कर्ता धर्ता बताया गया है। भारतीय संस्कृति में यथार्थवाद की अनेक धाराएं हैं।

चार्वाक मत न ईश्वरीय सत्ता मानता है और न पुनर्जन्म। उसकी घोषणा मजेदार है, "जब तक जियो सुख से जियो। उधार लो और घी खाओ-यावत् जीवेत्, सुखम् जीवेत्। ऋणम् कृत्वा, घृतम् पीवेत्।" इस देह और संसार के परे कुछ भी नहीं है। इसे नास्तिक दर्शन माना जाता है। लेकिन यह दर्शन सुख की गारंटी देता है। ऋग्वेद से लेकर समस्त वैदिक साहित्य में आनंद प्राप्ति का दर्शन है। मनुष्य निराशा में आनंदित नहीं होता और दुख में भी नहीं। जीवन दृष्टि को आनंदमार्गी बनाना जरूरी है। आशा में आश्चर्यजनक ऊर्जा होती है। छान्दोग्य उपनिषद की कथा के अनुसार सम्पूर्ण वैदिक साहित्य और भौतिक विज्ञान की सभी शाखाएं पढ़ लेने के बाद भी नारद अशांत थे। वे उस समय के प्रतिष्ठित विद्वान सनत् कुमार के पास गए। सनत् कुमार ने उनके द्वारा पढ़ी सम्पूर्ण विद्या को अपर्याप्त बताया है और कहा कि आशा में बल है। इसमें सुख है। नारद ने पूछा, यह सुख क्या है? सनत् कुमार ने बताया, "जो पूर्ण है, वही सुख है। जो अपूर्ण है वही दुख है।" ऋषि ने अन्य उपनिषद में पूर्ण का अस्तित्व समझाते हुए कहा है, "यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। उस पूर्ण से यह पूर्ण प्रकट हुआ है। पूर्ण से पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है।" पूर्णता पूर्ण अनुभूति देती है। ब्रह्म पूर्ण है। ब्रह्मविद ब्रह्म अनुभूति पाते हैं। ब्रह्म अनुभूति में ब्रह्मानंद है।

सृष्टि आनंद से भरी पूरी है। देखने की सकारात्मक दृष्टि होनी चाहिए। नदी तट पर खड़े होकर जल प्रवाह देखना आनंद है। नदी की लहरों का नाद संगीत सुनना आनंद है। आकाश में चमकते तारों को प्रीतिपूर्ण ढंग से देखना भी आनंद है। वायु का स्पर्श आनंददायी है। मित्र का साथ विशेष आनंददाता है। विद्वान आचार्य के पास बैठना आनंद है। गीत या कविता सुनना आनंद है। संगीत के सात सुरों को ध्यान से सुनना भी आनंददायी है। कलाओं का दर्शन आनंददाता है। प्रकृति बहुरुपिया है। सर्वत्र रूप ही रूप हैं। पेड़ों पर बैठे चहकते गीत गाते पक्षियों को देखना सुनना आनंद है। पक्षियों के छोटे बच्चों को सहलाना विशेष आनंद है। बच्चे बिल्ली के हों या कुत्तों के अथवा अन्य किसी जानवर के, उनको सहलाना, उनके प्राकृतिक व्यवहार को ध्यान से देखना भी आनंद है। सूरज उगने से पहले लालिमा से भरी पूरी ऊषा को देखना विशेष आनंद है। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त करना भी आनंद है। स्वयं को प्रकृति सृष्टि का अविभाज्य अंग जानना भी आनंद है। प्रकृति में यत्र तत्र सर्वत्र आनंद के प्रोत्साहक रूप हैं। उन्हें देखना सुनना भी आनंद है। आनंद रस आपूरित जीवन दृष्टि में समूचा ब्रह्माण्ड आनंद से भरा पूरा छलकता अमृतघट होता है। यह सहज सुलभ है। तब विषाद की कोई स्थिति नहीं होती। आनंदमयता में जीवन प्रसाद से भर जाता है।

# अफसर साहित्यकार और हिंदी जगत



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

आजकल अफसर लेखक को हिन्दी साहित्य वाले बहुत सम्मान देते हैं। अफसर लेखक की भूमिका को वे गंभीरता से विश्लेषित नहीं करते, जन सरोकारों के संदर्भ में उसकी भूमिका को खोलकर नहीं देखते। उसे सिर्फ संसाधनों के संदर्भ में देखते हैं। इसने साहित्य के जन सरोकारों को प्रदूषित किया है,संघर्षशील कतारों को कमजोर किया है।

एक जमाना था हिन्दी में जन सरोकारों से जुड़े साहित्यकार महत्वपूर्ण माने गए, बाद में ऐसा दौर आया कि अफसर साहित्यकार ही साहित्य के सितारे बन गए। आज साहित्यकारों में अफसर साहित्यकारों के इर्द-गिर्द जमघट रहता है, ये अफसर साहित्यकार साहित्य को कुछ नहीं दे पाए हैं। हां, एक काम जरूर हुआ है कि साहित्यकार में अफसरों की आदतें आ गई हैं। साहित्यकारों में वे सारी तिकड़में आ गई हैं, जो अफसर में होती हैं। तिकड़मी और ऊपर के कनेक्शन वाला मजेदार साहित्यकार पैदा हुआ है, जो साहित्य में मजे ले रहा है और साहित्य को मजमे की तरह इस्तेमाल करके विनिमय कर रहा है। अफसर साहित्यकारों के पास एक अच्छी खासी जमात सरकारी तंत्र और राजनेताओं की है। इसने साहित्य को सत्ता के तंत्र का पुर्जा बनाकर रख दिया है। सवाल यह है कि साहित्यकार की भूमिका को समग्रता में देखें या अंश में देखें? कहां से देखें?

साहित्यकार को समग्रता में देखना सही होगा। इससे साहित्य में आए अफसरों और प्रशासनिक अधिकारियों, कुलपति, कुलाधिपति आदि की बीमारियों से साहित्य को बचाने में मदद मिलेगी। एक जमाना था लेखक हुआ करता था। बाद में कार्यकर्ता लेखक आया,लेकिन इसके बाद अफसर लेखक ने साहित्य के क्षितिज को अपने कब्जे में ले लिया है। अफसर लेखक आज महान लेखक है। यह वह व्यक्ति है जिसके सामाजिक सरोकार सत्ता से अभिन्न रूप से जुड़े हैं और यह अपनी संगत, शोहरत, संपर्क आदि के जरिए साहित्य जगत को प्रभावित कर रहा है। इसे साहित्य में करप्शन का गोमुख भी कह सकते हैं। साहित्य की प्रतिवादी भूमिका, नागरिक की प्रतिवादी भूमिका आदि को विकृत करने में अफसर साहित्यकार की विगत 60 सालों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हिंदी जगत का एक अन्य पहलू है। यहां पाखंडी किस्म के अ-लेखक बहुत हैं। ये लिखते नहीं हैं, साहित्यकारों की गप्पें ज्यादा हांकते हैं।

नामी लेखकों की चाटुकारिता करना, उनकी आवभगत करना और उनसे संपर्क रखना। इस तरह के अ-लेखकीय प्राणी अमूमन कॉलेज -विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में पाए जाते हैं। ये साहित्य के गप्पी हैं, इनकी न तो पढ़ने में रूचि है और न संसार को जानने में रूचि है। वे तो साहित्य में लंबी हांकने में माहिर हैं।

सोशल मीडिया पर हिंदी में फैशनेबुल नॉनसेंस लिखने वालों की अच्छी खासी संख्या है। इसके दायरे में सतही लेखन, अप्रासंगिक कृत्रिम रूप में अवधारणाओं का प्रयोग और उन पर हमला, अर्थहीन शब्दों का प्रयोग आदि आते हैं। इसमें वे लोग शामिल हैं, जो शब्दों को मेनिपुलेट करने में माहिर हैं और विज्ञानसम्मत चीजों तथा पदबंधों का निषेध करते हैं। इसमें वह लेखन भी शामिल हैं, जो ज्योतिष, अंधविश्वास और बहुलतावाद का निषेध करता है। इस तरह का लेखन सोशल मीडिया के सामान्य चिंताधारा वाले मित्रों को अपील करता है और उत्तेजित करता है। मजेदार बात यह है कि हिन्दी के अधिकांश लेखक गुदड़ी के लाल होने के गुमान में रहते हैं।

# तीर्थ स्थलों को न बनाएं पर्यटन का अड्डा



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

मैदान में ऐसा माना जाता है कि इन महीनो में पहाड़ पर बहुत ठंड पड़ती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता उस समय मौसम पूरी तरह से साफ रहता है और ठंड भी ज्यादा नहीं होती है।



तेईस हजार फीट की ऊंचाई पर एक तरफ बर्फ से ढकी चोटियां साफ दिखाई देती हैं तो दूसरी ओर नंगी पठारी शिखर श्रेणियां छाती ताने खड़ी रहती हैं। हिमशिखरों से समय-समय पर हिमनद का हिस्सा टूटा रहता है। काले कबरे पहाड़ों से पत्थर गिरते हैं। इस बीच नागिन की तरह बलखाती पगडंडी पर होता है, एक आम आदमी। मंदाकिनी के तट पर स्थित पवित्र केदारनाथ धाम के मार्ग का कोई यात्री यही वर्णन कर सकता है, लेकिन केदारनाथ की यात्रा अब पहले जैसी नहीं रही।

पहले इस यात्रा में केवल बड़े-बुजुर्ग लोग ही जाया करते थे और तब जब कोई बुजुर्ग चार धाम की यात्रा पर निकलता था तो सारा गांव मिलकर उन्हें विदा करता था। लोग आशीर्वाद लेते थे। गांव के सभी लोग अपने घरों से भेंट (पैसा) लाकर उन्हें देते और कहते थे कि लौट के आओ तो उन्हें मंदिर का प्रसाद अवश्य दें। तब यात्रा श्रद्धा, विश्वास और मर्यादा से जुड़ी थी। यात्रा के दौरान यात्री इस बात का ध्यान रखते थे कि उनसे कोई भूल न हो, कोई अपराध न हो, लेकिन आज अधिकतर यात्रियों में न श्रृद्धा है और न ही विश्वास। यदि श्रद्धा होती तो शिव के धाम को रील बनाने और नाचने की जगह न बनाते। यदि विश्वास होता तो जानते की हर तीर्थ स्थल की कुछ अपनी मर्यादाएं होती हैं जिनका स्वतः पालन करना जरूरी है। आज से ढाई तीन दशक पहले तक हिंदू जनमानस में बद्री-केदार की यात्रा जीवन की अंतिम यात्रा मानी जाती थी। यह गृहस्थ धर्म निभा लेने के बाद कि वो यात्रा थी कि मृत्यु भी हो जाए तो मोक्ष की प्राप्ति हो, पर आज जो लोग महज घुम्मकड़ी तथा वीडियो और रील बनाकर अपने लाइक्स और कमेंट्स बढ़ाने के लिए यात्रा कर रहे हैं,वे उन यात्रियों के लिए भी परेशानी का सबब बनते हैं, जो सच में श्रद्धा भाव के साथ दर्शन को निकले हैं।

केदारनाथ जाने वाले सभी यात्रियों को तीर्थाटन और पर्यटन के अंतर को समझना चाहिए। यह कोई पर्यटन स्थल नहीं है और न ही कोई पिकनिक स्पॉट कि आप वहां ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंच जाए जोर-जोर से वाद्य यंत्र बजाकर मंदिर परिसर में नृत्य करने लगे। केदारनाथ करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। हिमालय की इस अलौकिक भूमि पर तपस्वी और साधक अखंड शांति के लिए ध्यान लगाते हैं। इसलिए यहां पर किसी भी प्रकार का शोर करना सांस्कृतिक और पारंपरिक मान्यताओं पर अतिक्रमण है। साथ ही यह वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के नजदीक होने के कारण भी मान्य नहीं है। इसे ध्वनि प्रदूषण के लिहाज से भी देखा जाना चाहिए। केदारनाथ के कपाट खुलते ही जितनी भीड़ इस बार पहुंची इतनी शायद ही पहले कभी रही होगी। अब सवाल यह उठता है कि लोग मई-जून के महीने में ही यहां क्यों आना चाहते हैं, जबकि यहां वर्ष के बाकी दिनों में मौसम ज्यादा अच्छा रहता है। जाने क्यों लोगों में यह धारणा बैठ गई है कि इन धामों की यात्रा गर्मियों में ही की जानी चाहिए। इसके चलते यात्रियों का सारा दबाव मई से लेकर जुलाई तक रहता है, जबकि देखा जाए तो यात्रा के लिए सितंबर-अक्टूबर से बेहतर कोई और वक्त नहीं है।

मैदान में ऐसा माना जाता है कि इन महीनो में पहाड़ पर बहुत ठंड पड़ती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता उस समय मौसम पूरी तरह से साफ रहता है और ठंड भी ज्यादा नहीं होती है। पहाड़ का होने के नाते मेरी यही सलाह है कि यदि आपने इन्हीं दिनों आने की जिद न पाली हुई हो तो आप अपनी यात्रा को सितंबर-अक्टूबर तक टाल दीजिए। आज की तुलना में उन महीना में आपकी यात्रा कम खर्चीली, ज्यादा सुविधावाली और पर्याप्त मानसिक सुकून देने वाली होगी। एक सवाल यह भी है कि केदारनाथ की यात्रा को पिकनिक के रूप में लेने, शॉर्ट वीडियो और रील बनाने की यात्रा समझने वाले कितने लोगों को केदारनाथ का असल महात्म्य पता है। भगवान शिव के 11 ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रसिद्ध केदारनाथ को स्कंद पुराण और शिव पुराण में केदारेश्वर भी कहा गया है। मान्यता है कि महाभारत युद्ध के बाद पांडव गोत्र वध पाप से मुक्ति के लिए भगवान शिव के दर्शन हेतु यहां आए थे। पांडवों की परीक्षा देने के लिए भगवान शिव ने महिष का रूप धारण किया, लेकिन पांडवों ने उन्हें पहचान लिया।

पांडवों के छूते ही भगवान का महिष रूप पांच भागों में विखंडित हो गया। खंडित शरीर के भाग जहां-जहां गिरे वे सभी पंच केदार तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित हुए। कहते हैं केदारनाथ में शरीर का पृष्ठ भाग गिरा। यहां मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग न होकर एक टेढ़ी चट्टान के रूप में स्थित प्रस्तर प्रतिमा की पूजा अर्चना की जाती है। उच्च हिमालय पहाड़ी पर स्थित केदारनाथ भूकंपीय दृष्टि से एक अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। यहां होने वाली कोई भी गतिविधि यहां के पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता को प्रभावित करती है। हमें 2013 की आपदा को नहीं भूलना चाहिए जब मुख्य मंदिर को छोड़कर पूरे परिसर को नुकसान पहुंचा था। मुख्य मंदिर के पीछे स्थित अन्य सभी छोटे मंदिर और शंकराचार्य का समाधि स्थल पूरी तरह से मलबे में दब गया था। ईश्वर करें ऐसी आपदा दोबारा न आए। इसके इसके लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन को कुछ कड़े नियम बनाने होंगे। सरकार ने ऐसा किया भी है, लेकिन अधिक जिम्मेदारी उन लोगों की है,जो यहां पहुंचते हैं।

# मतदान के लिए जागरुकता बनाम लोलुपता



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लोकसभा चुनाव में अपेक्षित मतदान नहीं होने से लोकतंत्र की मजबूती के हिमायती लोगों में चिंता है। कोशिश यही होती रहती है कि मतदान पिछले चुनाव से अधिक हो। मतदान बढ़ाने के लिए शासकीय और गैर शासकीय प्रयास लगातार किए जाते रहते हैं। वैसे भी आधुनिक संचार क्रांति के दौर में जब अधिकांश लोगों के हाथों में चलती, फिरती और घूमती दुनिया के रूप में एंड्रायड फोन (मोबाइल) है तब तो मतदान का प्रतिशत स्वतः ही बढ़ना चाहिए, लेकिन अभी भी मतदान की महत्ता बतानी पड़ रही है। यह कोई सुखद स्थिति नहीं कही जा सकती।

इस बीच मतदान बढ़ाने के लिए कामर्शियल फर्म्स, कंपनियों तथा दुकानदारों द्वारा मतदान करने के बाद विशेष छूट की घोषणा की जा रही है। उंगली पर निशान दिखाने पर इस तरह के व्यापारी अपने उत्पाद में छूट देने का प्रचार कर रहे हैं। इस छूट के पीछे क्या मतदान बढ़ाने का उद्देश्य है या ग्राहक तलाश की कोशिश है, यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता,लेकिन दौराने चुनाव मंचों से मुफ्त सामग्री देने की राजनीतिक दलों की घोषणा के बाद मतदान के लिए इस तरह का ऑफर प्रथम दृष्ट्या प्रलोभन ज्यादा लग रहा है। कहीं-कहीं प्रशासन ने अपने खर्च पर वोट दिलाने का काम किया।

किसी एक को हवाई जहाज के टिकट की व्यवस्था भी की बात सामने आई। इस तरह की व्यवस्था की जाने लगेगी तब इसका भविष्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। फिर तो वोट के लिए बहुतेरे मुफ्त हवाई यात्रा का ख्वाब पालने लग जाएंगे। इस पर गहराई से चिंतन किया जाना चाहिए तथा चुनाव आयोग को मतदान के लिए किस तरह की सुविधा दी जाए, यह भी स्पष्ट नियम बनाना चाहिए। अन्यथा इस तरह के प्रलोभनों की आड़ में प्रत्याशी भी यदि लग जाएंगे तो फिर आदर्श आचार संहिता का क्षरण भी होने लग सकता है।

# याद आई ठुकाई



वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

हमारी शिक्षा-दीक्षा का प्रारंभ एक मिशनरी स्कूल से हुआ था। क्रिसमस डे को हम बरसों तक 'बड़े दिन' की छुट्टी के तौर पर मनाते रहे। खूब केक खाया और ढेर सारी छुट्टियों में ठंड के बावजूद खूब मस्ती लूटी। बाद में उस मिशन स्कूल ने हमारा नाम काट दिया।

दरअसल हमारी अंग्रेजी बहुत कमजोर थी और मैथ भी और ये अभी तक कमजोर है। अब वो बात दूसरी थी कि मां अपनी पड़ोसनों को स्पष्टीकरण देती रही कि हमने खुद ही नाम कटा दिया है। हम भी अपने सखाओं से यही कहते रहे। पिताजी जी ने हमारा दाखिला हिंदी मीडियम के सरकारी जनता स्कूल में लिखवा दिया, जहां सारे त्योहार बड़े जोश-खरोश से मनाए जाते थे। छुट्टियां भी खूब मिलती थीं, लेकिन पिटाई भी जम कर हुई। याद आता है कि पीटी वाले मास्टर जी मुर्गा भी बनाते थे। मैथ वाले मास्टर जी को पीठ पर मुक्का ठोंकने में बहुत आनंद मिलता था। उनके सामने हम लोग बिना कहे पीठ करके खड़े हो जाते थे।

अंग्रेजी वाले मास्टर साहब के सामने हम हथेली खोल खड़े हो जाते, मार लो जितनी छड़ी मारनी है। यानी यूं समझिए कि कक्षा नौ तक मास्टरों ने हमें लेफ्ट-राइट इतना ठोका कि इतना तो घर वालों और बलशाली सखाओं ने भी मिलाकर नहीं ठोका होगा। ठुकाई करने वाले मास्टरों के बारे में हमारा धारणा ये था कि ये भी अपने छात्र जीवन में खूब ठुके होंगे तभी तो हम लोगों से बदला ले रहे हैं। आज एक मास्टर जी जैसी शक्ल वाला दिखा तो याद आई ठुकाई।

# राष्ट्र की उन्नति के लिए आवश्यक है सामाजिक एकीकरण



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर,बरेली

राष्ट्रीयता या राष्ट्रीय एकीकरण किसी भूगोल या राजनीति की उपज नहीं है, बल्कि शक्तिशाली और समृद्ध बनने के लिए राष्ट्रीयता को नागरिकों के मस्तिष्क में एक ठोस आधार प्राप्त होना चाहिए।

राष्ट्रीय एकीकरण भारतीय समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, क्योंकि भारत विभिन्नताओं का देश है और स्वतंत्रता के 77 वर्ष बाद भी भारत में राष्ट्रीय एकीकरण की समस्या निरंतर बनी हुई है। विभिन्न धर्म, मत, पंथ, संप्रदायों के लोग भारत में रहने के बावजूद भी अपनी अलग संस्कृति एवं अलग-अलग नियम, विधि-विधान के अनुसार कार्य एवं व्यवहार करते हैं जिससे भारत की अखंडता को हानि पहुंच रही है। हालांकि कहने के लिए भारत विभिन्नताओं में एकता का देश है और यही विभिन्नता में एकता भारत को विश्व के समस्त राष्ट्रों में अलग पहचान दिलाती है। कहा जाता है कि भारत इंद्रधनुष के सतरंगी रंगों के समान है।

यहां पर विभिन्न धर्म, संप्रदाय, जाति एवं जनजाति के लोग निवास करते हैं और सभी की अपनी विभिन्न प्रकार की बोली, भाषाएं, रीति-रिवाज और परंपराएं हैं जिसके कारण लोगों में जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, प्रांतीयता, सांप्रदायिकता, विषमता आदि असमानताएं देखने को मिलती हैं, जो कहीं न कहीं भारत के एकीकरण में बाधा बनकर विकराल समस्या उत्पन्न कर रही है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने स्वार्थ पूर्ति के कारण भी राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने में बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न करते हैं, जिन्होंने अपने स्वार्थ के कारण भारतीय समाज को अलग-अलग जाति और धर्म के स्वार्थ के रूप में विभाजित कर रखा है, जो भारत के राष्ट्रीय एकीकरण में घातक साबित हो रहा है। समय रहते राष्ट्रीय एकीकरण की समस्याओं को दूर करना आवश्यक है जिससे भारत का विकास सुचारू रूप से हो सके। एक समाज या राष्ट्र का निर्माण अनेक परिवारों, समूह, समितियों, संस्थाओं, समुदायों (यहां तक की विभिन्न भूखंडों जिनमें समाज के सदस्य निवास करते हैं) के द्वारा होता है।

इस समाज में अनेक धर्म, जाति, मत, पंथ, संप्रदाय आदि के लोग भी निवास करते हैं और उन लोगों में अपनी भाषा, धर्म और क्षेत्र आदि को लेकर विभिन्न प्रकार की विभिन्नताएं पाई जाती हैं। जिस प्रकार वह सभी लोग एक राष्ट्र में रह रहे हैं तो उनके धर्म, विचार, भाषाएं भी एक ही होनी चाहिए, परंतु ऐसा नहीं है और यही राष्ट्रीय एकीकरण के लिए समस्या उत्पन्न कर रहे हैं। इतनी विभिन्नताओं के बावजूद राष्ट्रीय एकता बनाए रखने एवं विभिन्न प्रजाति, धार्मिक, भाषा-भाषी, भौगोलिक समूहों को एक सूत्र में बंधे रहने की स्थिति को ही राष्ट्रीय एकीकरण कहते हैं। राष्ट्रीय एकीकरण विभिन्नताओं के बीच में समाज के लोगों में एक होने की दृढ़ भावना की अभिव्यक्ति है ताकि उनमें राष्ट्रीयता की भावना पनप सके और वह स्वयं की सामान्य सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक जीवन में सक्रिय हिस्सेदारी समझ सके। राष्ट्रीय एकता या एकीकरण विभिन्नताओं के बीच एकता के सूत्र को ढूंढने और इस सूत्र में जन-जीवन को पिरोने की प्रक्रिया है।

राष्ट्रीयता या राष्ट्रीय एकीकरण किसी भूगोल या राजनीति की उपज नहीं है, बल्कि शक्तिशाली और समृद्ध बनने के लिए राष्ट्रीयता को नागरिकों के मस्तिष्क में एक ठोस आधार प्राप्त होना चाहिए। एक प्रजातंत्र में केवल प्रजा के होने से ही काम नहीं चलता, बल्कि समाज के सदस्यों को नागरिक भी बनना होगा और नागरिकता केवल तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति यह अनुभव करे कि उसकी राष्ट्र के एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका है और वह राष्ट्र का अभिन्न हिस्सा है। इससे राष्ट्रीय एकीकरण में सहायता प्राप्त होगी और भारत के निवासियों में सद्भावना का भाव उत्पन्न होगा। राष्ट्रीय एकीकरण की आवश्यकता राष्ट्र की एकता अखंडता और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अत्यधिक आवश्यक है। राष्ट्र के प्रति, संपूर्ण समाज के प्रति नागरिकों के कर्तव्य एवं उन कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देने के लिए भी राष्ट्रीय एकीकरण की महती आवश्यकता है। सोशल मीडिया ने भी राष्ट्रीय एकीकरण को बहुत क्षति पहुंचाई है। सोशल मीडिया के माध्यम से छोटी सी न्यूज को बड़ा मुद्दा बनाकर सांप्रदायिकता के रूप में परिवर्तित कर दिया जाता है, जो राष्ट्र के लिए घातक सिद्ध हो रहा है।

आज मीडिया राष्ट्रीय एकीकरण में बाधा बन रही है। भारत के विभिन्न प्रदेशों या क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में परस्पर विरोध, तनाव एवं संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। उसे दूर करने के लिए भी राष्ट्रीय एकीकरण की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। देश में सांप्रदायिक एकता का वातावरण उत्पन्न करने के लिए राष्ट्रीय एकीकरण अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। लोगों को एक-दूसरे की भाषा से प्रेम करने की भावना को प्रोत्साहित किया जाए। इसीलिए किसी भी भाषा और धर्म के प्रति सम्मान और सद्भावपूर्ण व्यवहार राष्ट्रीय एकीकरण के लिए सहायक सिद्ध होगा।

# परिवर्तन की उम्मीद



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यह बात करीब नौ महीने पहले की है। इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति ने एक बयान दिया था कि कर्मचारियों को सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। इसके ठीक विपरीत अंग्रेजी के एक राष्ट्रीय अखबार ने छापा है कि कंपनियां प्रतिभा को बनाए रखने के लिए चार दिवसीय कार्य सप्ताह, कौशल और मानसिक कल्याण की शुरुआत कर रही हैं। यह अब कर्मचारियों के लिए सिर्फ पैसे के बारे में नहीं है।

यह बहुत समय पहले की बात नहीं है जब आदर्श कार्यस्थल वह हुआ करता था, जो प्रतिस्पर्धी वेतन प्रदान करता हो। युवा सहस्त्राब्दी और जेन जेड कर्मचारियों (जेन जेड वो है, जो 1997 से 2012 के मध्य पैदा हुए) का बढ़ता अनुपात अब वित्तीय सुख-सुविधाओं से परे दिखता है। यह अधिक समग्र कार्य जीवन की मांग करता है, जो उन्हें अन्य गतिविधियों का आनंद लेने और काम पर सीखने का मौका दे। पिछले चार वर्षों में, कार्यस्थल में महामारी के कारण आवश्यक बड़े बदलाव देखे गए हैं जिसने वर्क फ्रॉम होम को आदर्श बना दिया है। इन परिवर्तनों ने अधिकांश भारतीय कंपनियों में भर्तीकर्ताओं को नीतियों में बदलाव करने के लिए मजबूर कर दिया है, क्योंकि वे युवा कर्मचारियों की महत्वाकांक्षाओं से मेल खाते हैं और प्रतिभा को बनाए रखते हैं।

एक बार इसे पश्चिमी अवधारणाओं, हाइब्रिड कार्य, एक अधिक समावेशी और न्यायसंगत कार्य संस्कृति और अधिक महत्वपूर्ण रूप से देखा जाता है। तकनीकी प्रगति (जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग) के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को बेहतर कौशल प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है और नेतृत्व पाठ्यक्रम अब एचआर प्रतिभा खोज मॉड्यूल का एक अभिन्न अंग बन रहे हैं। ऐसे में देश में निजी क्षेत्र में काम करने की स्थिति में परिवर्तन की उम्मीद महसूस होने लगी है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के प्रभावी होने में वैसे अभी कुछ समय हैं, लेकिन यह सिर पर खड़ी है। इसके आते ही कपनियों में काम काज अप्रत्याशित रूप से बदलने वाला है।



विश्वनाथगंज के बाबूपुर पोलिंग बूथ पर वोट देने के बाद अमिट स्याही दिखातीं महिलाएं। अमृत विचार

# पहली बार किया मतदान, चेहरे पर दिखी मुस्कान

## युवा मतदाताओं में दिखा उत्साह, मतदान के बाद ली सेल्फी, किया प्रेरित

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदाता बने युवाओं में चुनाव को लेकर जबरदस्त उत्साह नजर आया। लोकतंत्र के उत्सव में देश का जिम्मेदार नागरिक बनने के बाद युवा मताधिकार का प्रयोग करने के लिए तैयार रहे। युवाओं ने शिक्षा, विकास, रोजगार, भ्रष्टाचार के साथ कानून व्यवस्था को मुद्दा मानते हुए मतदान किया। पोलिंग बूथ से बाहर निकलने के बाद चेहरे पर खुशी दिखी।

विश्वनाथगंज विधानसभा के पूरे बसावन की दो बहनें प्रत्यूषा सिंह व श्रद्धा सिंह ने मतदाता सूची में पहली बार नाम शामिल होने पर पहले पूजन किया। उसके बाद पोलिंग बूथ पर मतदान कर फोटो क्लिक करवाई। मानधाता के रामनगर पोलिंग बूथ पर वोट देकर बाहर निकले आदित्य और आदित्य पांडेय ने कहा कि पहली बार वोट दिया है। अपना मत देने के बाद मैंने मतदान के लिए सभी को प्रेरित भी किया। लाखूपुर की अंजली सरोज ने कहा कि पहली बार वोट देकर अच्छा लगा। जमुआ के अभिनव सिंह ने कहा कि किसी के बहकावे में न आकर मतदान से लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य किया। मतदान को लेकर उत्साहित था। पहली बार मतदान का अवसर मिला बहुत अच्छा लगा। प्राथमिक विद्यालय रामपुर मुश्तर्का में अपने बूथ पर पहली बार वोट देने पहुंची तीनों बहनें आंचल यादव, आरुषि यादव व आस्था यादव ने कहा कि पहली बार मतदान करने का अवसर मिला, बहुत अच्छा लगा। पाण्डेय का पुरवा की श्रेया सिंह, रावतपुर की सुनैना पाण्डेय व गायत्री नगर की हिमांशी पाण्डेय ने कहा कि मतदान को लोकतंत्र का पहला कार्य मानते हुए मतदान किया, अच्छा अनुभव रहा।



पूरे बसावन की दो बहनें प्रत्यूषा सिंह व श्रद्धा सिंह ने पूजन कर किया मतदान।



श्रेया सिंह



आदित्य



रामपुर मुश्तर्का बूथ पर वोट देने पहुंची तीन बहनें आंचल यादव, आरुषि यादव व आस्था यादव।



पहली बार वोट देकर उत्साहित चमरुपुर शुक्लान की दो बहनें श्वेता मिश्रा व नेहा मिश्रा।



आदित्य पांडेय

# प्रतापगढ़ में 51.81 प्रतिशत मतदान

## 26 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद, पिछली बार हुआ था 53.46 प्रतिशत मतदान


संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के छठवें चरण में शनिवार को प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र में वोटिंग हुई। कुल 51.81 प्रतिशत मतदान हुआ। पिछले चुनाव में हुए 53.46 फीसदी मतदान का रिकार्ड नहीं टूटा। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सुबह से ही प्रशासन अलर्ट रहा। सकुशल चुनाव सम्पन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र के 1902 बूथों पर मतदाताओं ने वोट डाले। सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चली मतदान प्रक्रिया में संसदीय क्षेत्र में 51.81 फीसदी वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

प्रतापगढ़ लोकसभा में कुल 18,33,312 वोटर हैं। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 9,70, 013, जबकि 8,63,294 महिला मतदाता हैं। पांच थर्ड जेंडर वोटर हैं। सभी विधानसभाओं को मिलाकर कुल 51.81 फीसदी मतदान हुआ है।


इसमें रामपुर खास विधानसभा में 49.35 प्रतिशत, विश्वनाथगंज विधानसभा में 51.80 प्रतिशत, सदर विधानसभा में 52.36 प्रतिशत, रानीगंज विधानसभा में 51.79 प्रतिशत और पट्टी विधानसभा में 53.79 प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे अधिक मतदान पट्टी विधानसभा में हुआ है। जबकि सदर विधानसभा दूसरे नंबर पर रहा। चुनाव संपन्न होने के साथ ही सभी 26 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। प्रतापगढ़ संसदीय सीट से एनडीए भाजपा से संगम लाल गुप्ता, इंडिया गठबंधन सपा से डॉ.शिव पाल सिंह पटेल, बसपा से प्रथमेश मिश्र सहित कुल 26 प्रत्याशी चुनाव मैदान उतरे थे। अब कौन जीता, कौन हारा, इसे लेकर अनुमान लगाने का दौर शुरू हो गया है। अब सही परिणाम तो नतीजा तो 4 जून को ही आएगा।



राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने रामपुर खास के लालगंज बूथ पर किया मतदान।

### प्रतापगढ़ में भाजपा और सपा में कांटे की टक्कर

प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर वोटिंग प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं से बातचीत की गई। भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता व सपा के डॉ.एसपी सिंह पटेल के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिला। मतदान में जातिवाद का मुद्दा विशेष रूप से हावी रहा। कहीं कमल खिलता नजर आया, तो कहीं साइकिल रफ्तार भरती दिखी। कुछ क्षेत्रों में हाथी भी चलता नजर आया।



प्रतापगढ़ से भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता ने नगर पंचायत कार्यालय कटरा मेदनीगंज में बने बूथ पर किया मतदान।



प्रतापगढ़ से सपा उम्मीदवार डॉ.एसपी सिंह पटेल ने चिलबिला रंजीतपुर बूथ पर किया मतदान। अमृत विचार

# मतदान शुरू होते ही आने लगीं ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायतें

## कंट्रोल रूम की मदद से समय से करा दिया गया निस्तारण

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** सुबह 7 बजे मतदान शुरू होने के साथ ही ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायतें आने लगीं। हालांकि कंट्रोल रूम की मदद से इनका समय से निस्तारण करा दिया गया। इसके बाद लोगों ने मतदान किया।

प्रतापगढ़ लोकसभा सीट पर मतदान शुरू होते ही सबसे पहले सदर विधानसभा से फोन आया। यहां पोलिंग बूथ संख्या 37,40, 362 और 265 पर ईवीएम का पूरा सेट ही खराब हो गया था। सदर क्षेत्र में आठ ब्लाक यूनिट, चार कंट्रोल यूनिट, सात वीवीपैट में खराबी की शिकायतें आईं। बूथ संख्या 21, 213 और 278 पर केवल वीवी पैट खराबी की शिकायत आई। रामपुर खास में पोलिंग बूथ संख्या 64 पर दो बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट, दो वीवीपैट खराब होने से मतदान शुरू होने के कुछ मिनट बाद ही ईवीएम बंद हो गई। सूचना पर दूसरी ईवीएम यहां भेजी गई। इस कारण करीब आधे घंटे मतदान प्रभावित हुआ। विश्वनाथगंज विधानसभा के बूथ संख्या 321 पर एक वीवीपैट खराब होने की शिकायत आईं। इसके बाद सूचना पर भ्रमणशील कर्मियों ने पहुंचकर उसे बदल दिया। रानीगंज विधानसभा में बूथ संख्या 23 पर वीवीपैट खराब हो गई। सूचना पर कुछ देर बाद उसे बदल दिया गया। पट्टी विधानसभा से ईवीएम को लेकर कोई शिकायत नहीं आई। कंट्रोलरूम प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य ने बताया कि ईवीएम सम्बंधित जो भी शिकायतें आईं, उसका निस्तारण समय से कर दिया गया।



सदर ब्लाक में बने कंट्रोलरूम से बूथों की अपडेट लेटे ड्यूटी में लगे आधिकारी।

### 1102 बूथों पर हुई वेबकास्टिंग

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन सतर्क रहा। बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान और उपद्रवियों से निपटने के लिए संवेदनशील बूथों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। पांच विधानसभा क्षेत्रों के 1102 बूथों पर वेबकास्टिंग और 524 बूथों पर माइक्रोऑब्जर्वर की तैनाती रही। संवेदनशील बूथों की पल-पल निगरानी होती रही। क्रिटिकल मतदान केंद्र 524 जबकि वर्नेबल 248 मतदान केंद्र रहे। प्रशासन ने 1102 बूथों पर वेबकास्टिंग कराया। क्रिटिकल 524 मतदान केंद्रों पर माइक्रोऑब्जर्वर तैनात रहे। जो बूथ की गतिविधियों से सीधे प्रेक्षक को अवगत कराते रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया कि सकुशल मतदान सम्पन्न हुआ। सदर ब्लाक में बने कंट्रोलरूम से पल-पल की निगरानी होती रही। मतदान केंद्रों पर ईवीएम के खराब होने पर अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ा। समय से दूसरी मशीन पहुंचाई गई।



हिमांशी पांडेय



सुनैना पांडेय



**प्रेरणादायक :** यह लोकतंत्र की सबसे खूबसूरत तस्वीर प्रतापगढ़ के रूपापुर की है। जहां दोनों पैर से दिव्यांग भारत लाल ने दोनों आंख से दिव्यांग पत्नी छब्बा देवी और अपने पुत्र नितिन के साथ पोलिंग बूथ पर सबसे पहले पहुंच कर मतदान किया।
● रवि प्रकाश सिंह चंदन



विश्वनाथगंज के विधायक जीतलाल पटेल ने मिश्रपुर तरौल बूथ पर अपनी पत्नी विमलेश के साथ किया मतदान। अमृत विचार



पूर्व एमएलसी कांति सिंह पटेल ने चिलबिला रंजीतपुर बूथ पर अपने परिवार संग किया मतदान।



वोट देने के बाद अमिट स्याही का निशान दिखाते नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के चेयरमैन अशोक यादव मुन्ना।



सरायदेवराय पोलिंग बूथ पर वोट देने के बाद विजय का निशान दिखाते रानीगंज विधायक डॉ.आरके वर्मा।



राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने चमरुपुर शुक्लान बूथ पर किया मतदान।



अमिट स्याही का निशान दिखाते परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह साथ में पत्नी कवयित्री डॉ.अंजना सिंह सेंगर।

# अधिकारियों ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

## जिलाधिकारी ने जिला पंचायत के मतदान केंद्र में वोट देकर किया पौधरोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में अफसरों ने भ्रमण कर पोलिंग बूथों का जायजा लिया।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल, सामान्य सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति, पुलिस प्रेक्षक महेश चन्द्र जैन, सीडीओ नवनीत सेहारा, एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा, सीआरओ राकेश कुमार गुप्ता, समस्त सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट निरन्तर भ्रमणशील रहते हुये मतदान को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया। इसके अलावा एडीजी प्रयागराज जोन प्रयागराज भानु भास्कर, मण्डलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पन्त व आईजी प्रयागराज प्रेम कुमार गौतम ने भी भ्रमणशील रहकर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने जिला पंचायत मतदान केन्द्र पर वोट दिया।पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। पोलिंग पार्टियों के महुली मण्डी स्थल पर बने स्ट्रांग रूम में ई.वी.एम मशीन व अन्य निर्वाचन सम्बन्धी कागजात के जमा कराने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।



एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, आईजी प्रयागराज प्रेम कुमार गौतम, डीएम संजीव रंजन व एसपी सतपाल अंतिल ने भ्रमण कर बूथों का किया निरीक्षण। अमृत विचार



वोट देने के बाद स्याही का निशान दिखाते डीएम संजीव रंजन। अमृत विचार

# पौधशालाओं का किया निरीक्षण लापरवाही पर दी चेतावनी

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

▶▶ **प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग तापस मिहिर ने दिए दिशा निर्देश**

**अमृत विचार :** प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग तापस मिहिर ने शनिवार को हलिया रेंज के अंतर्गत पौधरोपण के लिए पौधशालाओं में तैयार किये जा रहे पौधों का निरीक्षण कर वन क्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग ने हलिया रेंज के गुर्गी पौधशाला, पहुंचकर पौधरोपण के लिए तैयार कराए जा रहे पौधों का निरीक्षण किया। पौधशाला प्रभारी राजकुमार को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पौधों की नियमित रूप से देखभाल कराएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके बाद कवलझर पौधशाला पहुंचकर तैयार कराए जा रहे पौधों को देखा। इसके बाद पिपरा पौधशाला पहुंचकर निरीक्षण किया। रेंज कार्यालय दिघिया के परिसर में बनाई गई पौधशाला का निरीक्षण किया। प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग ने कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी माह में होने वाले पौधरोपण के लिए पौधों को पौधशाला में तैयार करा लें, जिससे पौधरोपण का कार्य कराया जा सके।

### बोलेरो की टक्कर से टूटा बिजली का खंभा, गांव में पसरा अंधेरा

**अमृत विचार, हलिया (मिर्जापुर) :** विद्युत उप केंद्र हलिया से संचालित अदवा फीडर के अतरी दक्षिण गांव में पुल के पास ब्रेक फेल होने से असंतुलित बोलेरो की टक्कर से बिजली का एक खंभा तीन दिन पहले टूट कर गिर गया। ग्रामीणों उपभोक्ताओं की सूचना के बाद भी बिजली विभाग की लापरवाही के कारण अभी तक ठीक नहीं कराया गया, जिसके कारण बस्ती के लोगों को पेयजल की भी समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिजली विभाग के अवर अभियन्ता को तत्काल दी, इसके बावजूद भी अभी तक बिजली के एक खंभे को खड़ा नहीं कराया गया। शुक्रवार को ग्रामीणों ने बिजली विभाग के एसडीओ से शिकायत कर तत्काल दुरुस्त करने की मांग की है। इस संबंध में अवर अभियंता सलमान अहमद ने बताया कि विद्युत पोल टूटने की जानकारी मिली है, जल्द ही पोल बदलवाकर विद्युत आपूर्ति शुरू करा दी जाएगी।

# सपा नगर कार्यालय का उद्घाटन

संवाददाता, अहरौरा (मिर्जापुर)

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत टिकरा खरंजा चौमुहानी के निकट स्थित समाजवादी पार्टी व इंडी गठबंधन के तहत कार्यालय का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया। सपा नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद के नेतृत्व में मुख्य अतिथि राकेश पाल मड़िहान विधानसभा चुनाव प्रभारी व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आगरा एवं विशिष्ट अतिथि शैलेश यादव प्रदेश प्रवक्ता सपा द्वारा उद्घाटन किया गया।

संचालक विजय यादव जमालपुर ब्लॉक अध्यक्ष के द्वारा किया गया। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व मड़िहान प्रत्याशी रविंद्र बहादुर पटेल, विधानसभा अध्यक्ष शैलेश पटेल, सदानंद यादव, प्रशांत अग्रहरि, प्रमोद केसरी, अमर चौहान, कांग्रेस नेता आनंद गुप्ता, जमीला बेगम, अशरफुद्दीन अंसारी, तौफीक आलम, मिंटू खान, कमलेश श्रीवास्तव ,चुलहन बिंद, सुशीला वर्मा, सुजिंद्र सिंह, कमरुद्दीन, शमशेर अली, रमजान अली, किस्मत कुशवाहा, प्रदीप कसेरा, बाबूलाल प्रजापति, मुरारी यादव, रजायत खान, डॉ. मो. इस्लाम, मो. अलीम, गोपाल सोनकर, इरफान अंसारी, बच्चा जायसवाल, सोनू मोदनवाल, सदई चौरसिया, मिजान अंसारी, फैजुल हसन, गोपाल चौरसिया, मोहन सिंह,राम जी त्रिपाठी, पप्पू कुरैशी, पंकज विश्वकर्मा आदि रहे।



सपा कार्यालय का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार



लोकसभा चुनाव के लिए हो रहे मतदान में मुस्लिम समुदाय की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा। अमृत विचार



मतदान के लिए लंबी कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करती महिलाएं। अमृत विचार

# जौनपुर में सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद

● जिला व पुलिस प्रशासन की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था में हुआ मतदान ● प्रेक्षक, डीआईजी, डीएम, एसपी लगातार निरीक्षण करते नजर आए

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के छठवें चरण में शनिवार को जौनपुर एवं मछलीशहर सुरक्षित लोकसभा सीट का चुनाव सकुशल सम्पन्न हो गया। दोनों सीट पर कुल 26 प्रत्याशी मैदान में रहे, जिनके भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मतदान सायं 6 बजे तक चला, जिसके बाद सभी ईवीएम पुलिस की चौकस व्यवस्था में स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया। प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आगामी 4 जून को होगा।

जनपद के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में बनाये गये 2138 मतदान केन्द्रों पर 3510 मतदान स्थलों में 610 क्रिटिकल, 160 मॉडल एवं 9 पिंक बूथ बनाये गये थे, जहां कुल 39 लाख 17 हजार 842 मतदाताओं द्वारा मतदान करना था, लेकिन अधिकांश लोगों द्वारा मतदान नहीं किया गया, जिसके चलते मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण 17937 पुलिस पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती रही। साथ ही 610 क्रिटिकल बूथों पर अतिरिक्त सुरक्षा की व्यवस्था की गयी थी। मतदान के समय सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षकों के अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र मांदड़, पुलिस अधीक्षक डॉ. अजयपाल शर्मा सहित तमाम प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते नजर आये। वहीं मतदान को लेकर 261 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 31 जोनल मजिस्ट्रेट और 9 एआरओ लगाये गये थे, जिनके साथ भारी मात्रा में पुलिस बल भी तैनात रहा।

पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र वाराणसी डॉ ओपी सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन मतदान सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद में भ्रमण कर मतदान का जायजा लिया। गोवर्धन इंटर कॉलेज मुफ्तीगंज एवं पब्लिक इंटर कॉलेज मनियरा केराकत के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने आदर्श प्रावि त्रिलोचन, अभिनव इंग्लिश मीडियम स्कूल हर्जुपुर सिरकोनी, अभिनव प्रा. स्कूल सुल्तानपुर जफराबाद, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुर, टीडी कॉलेज, पूर्व माध्यमिक विद्यालय धनीपुर आदि केन्द्रों का भी भ्रमण किया। इसी क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक जोन वाराणसी पीयूष मोर्डिया ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये जनपद में भ्रमण करके मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। साथ ही सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश भी दिये। समाचार लिखे जाने तक मिली अपुष्ट जानकारी के अनुसार जौनपुर एवं मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र में लगभग 55 प्रतिशत मतदान के साथ चुनाव सकुशल सम्पन्न हो गया। धर्मापुर संवाददाता के अनुसार, डीआईजी ओम प्रकाश सिंह ने क्षेत्राधिकारी केराकत प्रतिमा वर्मा व थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर बृजेश गुप्ता के साथ धर्मापुर बाजार स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर बने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई मतदाताओं से उनकी पर्ची व परिचय प्रमाण पत्र को देखकर चेक किया। साथ ही व्यवस्थाओं को देखते हुए क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मतदान करने वाले हर मतदाताओं पर कड़ी नजर रखें, ताकि कोई फर्जी मतदान न कर सके।

धर्मापुर संवाददाता के अनुसार, जफराबाद विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश नारायण राय ने अपने गांव कबीरूद्दीनपुर प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। वोट डालने के बाद उन्होंने मतदाताओं से कहा कि देश के निर्माण व लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक-एक वोट कीमती और जरूरी है। मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी को मतदान करना चाहिए। लोकतांत्रिक देश में एक आम आदमी की सबसे बड़ी ताकत होती है उसका मताधिकार।

### राष्ट्रहित में पहले मतदान, फिर मां का अंतिम संस्कार

**जौनपुर।** श्री दुर्गा पूजा महासमिति जौनपुर के संरक्षक एवं सामाजिक संस्था 'गीतांजलि' के पूर्व अध्यक्ष चन्द्र प्रताप सोनी (सेवानिवृत्त लेखाकार सामाजिक वानिकी प्रभाग जौनपुर) की मां बिट्टन देवी 95 वर्ष का बीती रात्रि निधन हो गया। शनिवार की सुबह सोनी राष्ट्रहित सर्वप्रथम को वरीयता देते हुए परिवार के सभी सदस्यों के साथ नगर के शाहगंज पड़ाव पर बने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान किया। इसके बाद मां के अंतिम संस्कार हेतु शवयात्रा राम घाट के लिये प्रस्थान किया।

### 101 साल की मोहिनी ने राम मंदिर के नाम पर किया मतदान

**अलीगंज, जौनपुर।** जनपद के ढेरापुर (अलीगंज) निवासी मोहिनी मिश्रा जिनकी उम्र 101 साल है, ने शनिवार को अभयचन्द्र पट्टी मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि "मतदान हमारा अधिकार है, इसलिए वह सभी चुनाव में मतदान करने बूथ पर जरूर आती हैं। सालों से उनकी इच्छा थी कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण हो जो पूरी हो गयी। हमने इस बार राम मंदिर के नाम अपना वोट किया। बता दें कि चुनाव आयोग ने बुजुर्गों को घर पर ही वोट दिलाने इंतजाम किया था लेकिन इन्होंने बूथ पर जाकर मतदान देने का विकल्प चुना था, ताकि उन्हें देख लोग जागरूक हों और मतदान के लिए प्रेरित हों। इनके बेटे संजय मिश्रा एडवोकेट कहते हैं कि कोई ऐसा चुनाव नहीं होगा जिसमें वह मतदान न करती हों।

### ऋषि यादव ने गोद में लेकर विकलांग को कराया मतदान



**धर्मापुर, जौनपुर।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के दिव्यांग राकेश यादव 35 वर्ष ने बूथ संख्या 68 ग्राम मोहिउद्दीनपुर में मतदान किया। विकलांग होने के नाते मतदान केन्द्र पर मौजूद समाजवादी पार्टी के बूथ अध्यक्ष ऋषि यादव एडवोकेट ने राकेश को अपनी गोद में लेकर मतदान करवाया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि 1195 में से 791 मत पड़े।

### चौकियां धाम के मतदान केंद्र की ईवीएम हुई खराब

**चौकियां धाम, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के अभिनव प्राथमिक विद्यालय पर बने बूथ संख्या 212 पर ईवीएम चालू न होने पर सुबह के निर्धारित समय 7 बजे मतदान शुरू नहीं हो सका। महिला-पुरुष मतदाता कतारबद्ध होकर ईवीएम चालू होने का इंतजार करते रहे। लगभग 40 मिनट तक मतदान शुरू न होने पर लाइन में लगे महिला-पुरुष मतदाता वापस लौट गये। लगभग पौने 8 बजे ईवीएम चलने पर मतदान शुरू हुआ। लौटे मतदाता कुछ घण्टे बाद वापस आकर मतदान किये।

### पैर से विकलांग व नेत्रहीन बुजुर्ग ने भी दिया वोट

**थानागद्दी, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के ग्रामसभा छतरीपुर, टुसौरी, मई, भड़ेहरी, कुसिया आदि ग्राम पंचायत में तपती धूप में भी मतदाता उत्साहपूर्वक मतदान किये। साथ ही आपसी भाईचारा एवं सामंजस्य को भी बनाये रखे। ग्राम प्रधान छतरीपुर द्वारा विद्यालय परिसर में छाया की व्यवस्था के साथ मतदाताओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। वहीं ग्रामसभा कुसियां बारिया में समाजसेवी रिंकू सिंह ने मतदाताओं के लिये जलपान की व्यवस्था किया था। देखा गया कि लगभग 95 वर्ष के बुजुर्ग जो पैर से विकलांग एवं नेत्रहीन हैं, ने बूथ पर जाकर उत्साहपूर्वक मतदान किया। श्याम केसरी चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक भी किया।

### खटिया पर लिटाकर मतदान केंद्र ले गए परिजन

**धर्मापुर, जौनपुर।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय उत्तरगावां के प्रांगण में बने मतदान केन्द्र पर एक ऐसी मतदाता देखी गयी जिसे खटिया पर लिटाकर मतदान करने के लिये परिजन लाये थे। यह देख लोगों के लिये आकर्षण का केन्द्र बना रहा। इस बाबत दिनेश यादव फौजी ने बताया कि उक्त मतदाता का नाम खेतला देवी 80 वर्ष है जिनकी इच्छा थी कि वह मतदान अवश्य करें। तबियत एवं उम्र हाबी होने के चलते वह इस समय अस्वस्थ चल रही थीं जिस पर परिजन उन्हें खटिया पर लिटाकर मतदान केन्द्र गये जहां उन्होंने अपनी इच्छा पूरी करते हुये मतदान किया। वह क्षेत्र के पैना गांव की निवासी हैं जो इस समय काफी बीमार चल रही हैं।

### फिजीशियन ने परिवार के साथ किया मतदान

**जौनपुर।** जिला चिकित्सालय में फिजीशियन के पद पर तैनात डा. प्रभात सिंह ने अपनी पत्नी के साथ मतदान किया। साथ ही अपने दोनों बच्चों को भी साथ ले गये जिन्हें डा. सिंह ने बताया कि मतदान करना हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। इसका प्रयोग करके हमें एक स्वस्थ एवं स्वतंत्र सरकार बनानी चाहिये। देश का नागरिक होने का परम कर्तव्य है कि मतदाता को अपने मतदान का अवश्य प्रयोग करना चाहिये।

### पहली बार मतदान कर रहे युवाओं में दिखा उत्साह

**शाहगंज, जौनपुर।** पहली बार युवाओं ने मतदान किया। इस समय उन्हें कजब का उत्साह देखने को मिला। सेल्फी प्वाइंट पर देखा गया कि उमंग कसेरा, आयुष कसेरा, शिवम अग्रहरी ने फोटो खिचवायीं। इस बाबत पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हम लोग पहली बार वोट दिये हैं।

### 105 वर्षीया जग्गी देवी ने भी किया मतदान

**खुटहन, जौनपुर।** स्थानीय विकास खण्ड अन्तर्गत समाजवादी इण्टर कॉलेज गभिरन के बूथ संख्या 20 पर लगभग 105 वर्षीया जग्गी देवी पत्नी स्व. धनई राम यादव ने शनिवार को मतदान किया। इस बाबत पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मतदान करना मेरा अधिकार है।

### परिजन संग 95 वर्षीया हीरावती ने किया मतदान

**बक्शा, जौनपुर।** स्थानीय विकास खण्ड के मल्हनी विधानसभा के चुरावनपुर बूथ पर सुबह व्हीलचेयर पर परिजनों संग मतदान करने पहुंचीं पूर्व ग्राम प्रधान 95 वर्षीय हीरावती मिश्रा का मतदान लोगों के प्रेरणास्रोत रहा। श्रीमती मिश्रा के पति स्व. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ग्राम प्रधान के साथ प्रख्यात चिकित्सक व समाजसेवी रहे। इनके पुत्र डॉ. अरविंद मिश्र मत्स्य विभाग डिप्टी डायरेक्टर पद से सेवानिवृत्त हैं।



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार



वोट डालकर आती बुजुर्ग महिला। अमृत विचार



जीत का निशान दिखाते मतदाता। अमृत विचार



पूरे परिवार संग पहुंचे वोट डालने। अमृत विचार

# चिलचिलाती धूप डिगा नहीं सकी वोटरों का हौसला

## जौनपुर में शांतिपूर्ण रहा मतदान, युवाओं में दिखा जोश, कई बूथों पर मतदाताओं व कर्मियों में हुई बहस

संवाददाता, जौनपुर

▸▸ **खेतासराय और मानी कला में जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा**

**अमृत विचार :** जौनपुर में लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी लाइन लगी रही। उत्साह इस कदर था कि चिलचिलाती धूप भी उन्हें डिगा नहीं सकी। कई बूथों पर बीएलओ की लापरवाही से मतदाताओं की कर्मियों के बीच बहस होती रही। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ और इश्ता किशोर ने कस्बा समेत कई बूथों का निरीक्षण कर मातहतों को निर्देश दिये। सेक्टर मजिस्ट्रेट बूथों पर मॉनिटरिंग करते दिखे। पुलिस की मोबाइल पार्टी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था में डटी रही।

क्षेत्र के अधिकांश बूथों पर समय पर ईवीएम मशीन से वोटिंग शुरू हुई। मानीकला में टेक्निकल समस्या के चलते देर से मतदान शुरू होने की अफवाह उड़ती रही। हालांकि ऑब्जर्वर ने देर से मतदान होने की बात खारिज कर दिया। अति उत्साह के साथ शुरू हुए मतदान की रफ्तार दोपहर में थोड़ी देर के लिए सुस्त पड़ी, लेकिन बाद में रफ़्तार पकड़ ली। शाम होते-होते सभी बूथ खाली दिखे। इक्का-दुक्का लोग मतदान करते दिखे।

मानी कला में जबरदस्त उत्साह देखा गया। पर्दानशीं महिलाओं की लंबी जमात सभी बूथों पर दोपहर 12 बजे तक जमी रही। जिलाधिकारी भी यहां पहुंचे और कस्बे के आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 113, 14,15,16 और 17 पर वोटरों का हौसला बढ़ाया। युवाओं और विकलांगों के साथ सेल्फ़ी लेना नहीं भूले। उनके साथ पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा भी रहे। करीब पांच बजे तक 52.52 फीसद मतदान हो चुका था।



उत्साहपूर्वक मतदान करने पहुंचे मतदाता अपना पहचान पत्र दिखाते हुए। अमृत विचार

# पुलिस ने मतदाताओं के साथ की मारपीट

संवाददाता, जौनपुर

▸▸ **पूर्व विधायक का आरोप, भाजपा नेताओं के इशारे पर मतदान प्रतिशत कम करने का प्रयास**

**अमृत विचार :** पूर्व विधायक नदीम जावेद ने आरोप लगाया कि उनके गांव में घरों में घुसकर स्थानीय पुलिस ने लोगों के साथ मारपीट कर प्रतिशत कम करने का काम किया है।

गौरतलब है कि शाहगंज विधानसभा क्षेत्र के पारा कमाल गांव में सुबह से लोग मतदान करने के लिए निकल रहे थे। मतदान का प्रतिशत अच्छा दिखाई दे रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसी दौरान खेतासराय की पुलिस अचानक पहुंची और घर में घुस कर लोगों को मारने-पीटने लगी। इसकी सूचना मिलते ही पूर्व विधायक नदीम जावेद अपने गांव पहुंचे और लोगों से बातचीत करने के बाद इस मामले को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया। नदीम जावेद ने कहा कि जिस तरीके से भाजपा नेताओं के इशारों पर लोगों को डराने धमकाने का काम किया जा रहा है व लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

खेतासराय थाना प्रभारी से टेलीफोन पर वार्ता करने पर उनके द्वारा बताया गया कि 100 गज की दूरी के अंदर भीड़ को हटाने का कार्य स्थानीय पुलिस द्वारा किया गया, पूर्व विधायक नदीम जावेद द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं।

### अचानक ब्रेक लगाने से वाहन भिड़े, चालक जख्मी

**अमृत विचार, हलिया (मिर्जापुर) :** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित महुगढ़ गांव में शुक्रवार की देर शाम मिनी हाइवा चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया कि पीछे चल रही कार चालक अनियंत्रित होकर मिनी हाइवा से टकरा गई। इसमें कार चालक जख्मी हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार चालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया। वहीं मिनी हाइवा चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने मिनी हाइवा को कब्जे में ले लिया है।

हलिया थाना क्षेत्र के करौंदिया गांव निवासी 25 वर्षीय आशीष कुमार अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपनी कार से रिश्तेदारी भैसौड़ वलाय पहाड़ से वापस लौट रहा था कि जैसे ही हलिया ड्रमंडगंज मार्ग पर पहुंचा हादसा हो गया।

# भाजपा का नारा सफल रहा : धनंजय

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में रविवार को मतदाताओं ने वोट डाला। जौनपुर लोकसभा सीट पर सिकरारा क्षेत्र के बनसफा गांव के प्राथमिक विद्यालय में पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने मतदान किया।

धनंजय सिंह की पत्नी जौनपुर से बसपा से चुनाव लड़ रही थीं। आखिरी समय में बसपा ने उनका टिकट काट दिया था। इसके बाद धनंजय सिंह ने भाजपा को समर्थन दे दिया। धनंजय सिंह ने कहा कि हमने भाजपा के लिए मतदान किया है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। भाजपा के 2014 व 2019 का नारा सफल रहा। 4 जून को रिजल्ट आयेगा। भाजपा बेहतर लीड में रहेगी।



वोट डालने के बाद अंगुली पर स्याही का निशान दिखाते धनंजय सिंह। अमृत विचार

# भाजपा सभी 80 सीटें जीतेगी : कृपाशंकर

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार :** जिले की दो लोकसभा सीटों के लिए छठे चरण में शनिवार को मतदान हुआ। जौनपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह शीतला माता चौकिया धाम के दर्शन कर सुबह 8 बजे पत्नी, पुत्र व पुत्री के साथ मतदान करने पहुंचे। कृपाशंकर सिंह ने अपने गांव स्थित मतदान स्थल कंपोजिट विद्यालय सहोदरपुर में वोट डाला और कहा कि भाजपा प्रदेश में 80 सीटें जीतेगी।

जौनपुर लोकसभा सीट से 14 तो मछलीशहर लोकसभा सीट से 12 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान के बाद मतदान कार्मिक पुनः स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करेंगे। जिले के 1760 संवेदनशील बूथों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गयी है। जहां पर वेबकास्टिंग नहीं है, वहां वीडियो कैमरा और 326 माइक्रोआब्जर्वर की व्यवस्था की गयी है।



भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने परिवार के साथ किया मतदान। अमृत विचार

# बाइक व साइकिल की भिड़ंत में तीन युवक घायल, हालत गंभीर

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

**अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग पुरवा औसान सिंह गांव में शुक्रवार की रात्रि में बाइक सवार व साइकिल सवार की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दो लोग व साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर से गुजर रहे अपना दल (एस) नेता शशिकांत पटेल, रमेश चौधरी व अनिल सिंह ने मौके पर रुककर घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया। जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद तीनों की हालत गंभीर देखकर बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है।

हरसड़ गांव निवासी 45 वर्षीय राजाराम यादव साइकिल से अपने घर जा रहे थे कि जैसे ही पुरवा औसान सिंह गांव में पंहुचे कि सामने से बाइक से आ रहे हथेड़ा गांव निवासी 25 वर्षीय श्यामलाल उर्फ डॉक्टर यादव व मध्य प्रदेश के हनुमना निवासी 30 वर्षीय राजेंद्र केसरवानी के साथ हलिया बाजार से जा रहे थे। तभी साइकिल सवार व बाइक सवार की भिड़ंत होने से तीनों लोग गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर तड़पने लगे। ड्रमंडगंज की ओर से अपने स्कार्पियो वाहन से लौट रहे हलिया निवासी अपना दल एस के नेता शशिकांत पटेल, रमेश चौधरी व अनिल सिंह ने घायलों को वहां से गुजर रही एंबुलेंस सेवा वाहन को रोककर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया।

गोरखपुर लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा के बीच हो रहा है दिलचस्प सीधा मुकाबला

# योगी के अभेद्य किले में जातीय दांव लगा पाएगा सेंध

मनोज त्रिपाठी



गोरखपुर लोकसभा सीट पर गोरक्ष पीठ का दबदबा माना जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह गृह जनपद भाजपा का मजबूत गढ़ भी है। 2018 का उपचुनाव छोड़ दें, तो 1989 से इस सीट पर गोरक्ष पीठ के सहारे कमल खिल रहा है। योगी आदित्यनाथ स्वयं 1998 से 2014 तक लगातार पांच बार गोरखपुर लोकसभा सीट से सांसद रहे हैं। इससे पहले 1989 से 1996 तक तीन चुनावों में गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ ने यहां का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार गोरखपुर लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद रवि किशन का मुकाबला सपा प्रत्याशी काजल निषाद और बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार जावेद सिमनानी से है। गोरखपुर में सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को वोट पड़ने हैं, लिहाजा चुनाव प्रचार अब अंतिम दौर में प्रवेश कर गया है।

### मत प्रतिशत 2019 चुनाव

60.54% भाजपा | 35.70% सपा | 1.94 % कांग्रेस

### 2018 उपचुनाव

48.86% सपा | 46.53% भाजपा | 2.02 % कांग्रेस

### 2014 चुनाव

51.83% भाजपा | 21.76% सपा | 16.96 % बसपा | 4.40 % कांग्रेस

- सपा ने 2018 उपचुनाव का परिणाम दोहराने की मंशा से निषाद वोट बैंक पर खेला है दांव
- भाजपा सांसद रवि किशन को गोरक्ष पीठ के साथ मोदी- योगी के नाम और काम का सहारा

### 2019

- 2019 के लोकसभा चुनाव में गोरखपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी अभिनेता रवि किशन (रवीन्द्र शुक्ला) ने जीत दर्ज की थी। उन्हें 7,17,122 वोट मिले थे। सपा के राम भुआल निषाद को 4,15,458 और कांग्रेस के मधुसूदन त्रिपाठी को 22,972 वोट ही मिले थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में यहां से योगी आदित्यनाथ ने बड़े अंतर से जीत हासिल करके भाजपा का कमल खिलाया था। उन्हें 5,39,127 वोट मिले थे। सपा के राजमती निषाद को 2,26,344 और बसपा प्रत्याशी राम भुवाल निषाद 1,76,412 ही हासिल कर पाए थे। कांग्रेस के अष्टभुजा प्रसाद त्रिपाठी 45,719 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे थे। लेकिन 2014 से 2019 के बीच की कहानी में एक ट्विस्ट भी है। 2017 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद भाजपा ने प्रदेश में सरकार बनाई और गोरखपुर से सांसद योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने पर लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। इस पर 2018 में यहां उपचुनाव हुआ। भाजपा ने उपेंद्र दत्त शुक्ल को मैदान में उतारा। सपा ने निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद को प्रत्याशी बनाया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया। प्रवीण निषाद ने इस बार संत कबीर नगर से भाजपा सांसद के रूप में चुनाव लड़ा है। सपा को काजल निषाद से कुछ उसी तरह के करिश्मे की उम्मीद है। हालांकि पिछली बार पार्टी का निषाद वोट बैंक पर लगाया गया दांव बेकार साबित हुआ था। 2019 में रविकिशन ने सपा के राम भुआल निषाद को तीन लाख से ज्यादा मतों से हराया था।
- एक अनुमान के मुताबिक गोरखपुर लोकसभा में निषाद वोटरों की संख्या कम से कम साढ़े तीन लाख है। हालांकि निषाद समाज के नेता चार लाख से ज्यादा मतदाता बताते हैं। सपा को उम्मीद निषाद मतदाता अगर उसके साथ आते हैं, तो लोकसभा क्षेत्र के दो लाख से अधिक यादव और करीब डेढ़ लाख मुस्लिम मतदाता मिलकर चुनावी परिणाम बदल देंगे। लेकिन यह रणनीति परवान चढ़ने में सबसे बड़ी अड़चन निषाद पार्टी है, जो अब भाजपा के साथ हैं। इसके बावजूद जातीय समीकरण ध्वस्त करने के लिए भाजपा सांसद रवि किशन लगातार कह रहे हैं कि यह मंदिर की सीट और उसके पास ही रहेगी। वैसे यहां भाजपा के पास भी तीन लाख से ज्यादा ब्राह्मण और राजपूत मतदाता और एक लाख के करीब भूमिहार और वैश्य मतदाताओं का मजबूत समीकरण है।

### प्रत्याशी प्रोफाइल



- भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और अब राजनेता भाजपा सांसद रवि किशन का असली नाम रवींद्र शुक्ला है। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस से की थी। 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस से जौनपुर सीट से लड़ा था, लेकिन हार गए थे। इसके बाद 2017 में भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरपरस्ती में भाजपा से 2019 का चुनाव गोरखपुर से 60 .52 फीसदी मत पाकर जीता था।



- सपा प्रत्याशी काजल निषाद लापतागंज टीवी सीरियल से प्रसिद्ध हुई थीं। उन्होंने भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया है। वह पिछले काफी समय से राजनीति में भी सक्रिय हैं। 2012 में गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा सीट से कांग्रेस से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गई थीं। 2017 में कैंपियरगंज सीट से भी हार का सामना करना पड़ा था। वह पिछले साल गोरखपुर मेयर का चुनाव भी सपा से हार गई थीं।



- बसपा के गोरखपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी जावेद सिमनानी छात्र जीवन से ही पार्टी से जुड़े हैं। उनके पिता और भाई सभी बसपा के लिए काम करते रहे हैं। सिमनानी ने अपना करियर बूथ अध्यक्ष के रूप में शुरू किया था, बाद में सेक्टर अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, बसपा के मुख्य जोन समन्वयक और कई अन्य पदों पर काम किया है। वह निकाय चुनाव में पार्षद चुनाव लड़े थे, पर हार गए थे।

# तीन बार के रनर को पहली और भाजपा को चौथी जीत की तलाश

बांसगांव लोकसभा सीट



कमलेश पासवान।



सदल प्रसाद ।

**अमृत विचार।** गोरखपुर जिले में दो लोकसभा सीटें गोरखपुर और बांसगांव आती हैं। बांसगांव सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। बांसगांव में बसपा को छोड़कर भाजपा, कांग्रेस व सपा तीनों प्रमुख दल जीत हासिल कर चुके हैं। यह सीट ओम प्रकाश पासवान के लिए जानी जाती है, जिनकी हत्या के बाद उनकी पत्नी सुभावती पासवान साल 1996 में यहां से सांसद चुनी गई थीं। उनके ही पुत्र कमलेश पासवान यहां पिछली बार जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं और इस बार चौथी जीत दर्ज करने के लिए तत्पर नजर आ रहे हैं। कमलेश 2009, 2014 व 2019 के तीन चुनाव लगातार जीत चुके हैं। इस बार उन्हें जीत मिली तो कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद के रिकार्ड की बराबरी करने के साथ ही लगातार चार जीत दर्ज करने का नया रिकार्ड भी बना देंगे। उनसे पहले इस सीट पर कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद ने भी चार बार जीत हासिल की थी, जिसमें तीन लगातार जीत दर्ज करके हैट्रिक लगाई थी। महावीर प्रसाद 1980, 1984 व 1989 के लोकसभा चुनाव में लगातार जीते थे। साल 2004 में वह चौथी बार जीते थे। इस तरह वह लगातार चार जीत नहीं दर्ज कर पाए थे।

बांसगांव लोकसभा सीट की कहानी सदल प्रसाद के बिना अधूरी है। वह यहां से तीन बार 2004, 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। तीनों बार बसपा से किस्मत आजमाई लेकिन हर बार उपविजेता ही रहे। यह पहला मौका है, जब वह सपा-कांग्रेस गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा, कांग्रेस और बसपा में कोई भी जीते, बनेगा नया रिकार्ड
- भाजपा सांसद कमलेश पासवान जीत की हैट्रिक के बाद इस बार चौका लगाने की कोशिश में
- कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद बसपा से पिछले तीन चुनाव लड़कर हर बार रहे हैं यहां उप विजेता
- सुरक्षित सीट पर बसपा लगी है पहली जीत के लिए नए सिरे से सियासी बिसात बिछाने में

सदल प्रसाद बांसगांव सुरक्षित विधानसभा सीट पर साल 2002 से 2012 के बीच दो बार विधायक रहे हैं। इस बार उनके सामने अपने परंपरागत दलित मतदाताओं के साथ सपा के यादव और मुसलमान वोट बैंक को जोड़ना बड़ी चुनौती है। चुनाव प्रचार के दौरान वह इसी मिशन में जुटे दिखाई देते हैं, ताकि तीन बार रनर रहने के बाद इस बार पहली बार जीत दर्ज कर सकें।

लेकिन उनकी इस राह में रोड़ा बसपा प्रत्याशी डा. रामसमुझ नजर आ रहे हैं, जो गोरखपुर व बस्ती मंडल की एकमात्र सुरक्षित सीट पर बसपा का खाता खोलने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं।

### सांसद के प्रति नाराजगी को मुद्दा बनाने का प्रयास

बांसगांव में बसपा पिछले चार चुनावों में दूसरे स्थान पर आ रही है। ऐसे में बसपा को त्रिकोणात्मक संघर्ष में आने से रोक कर कांग्रेस व सपा ने सदल प्रसाद को जिताने के लिए बांसगांव में सवर्ण मतदाताओं की भाजपा सांसद से नाराजगी को मुद्दा बनाकर भुनाने की रणनीति बनाई है। हालांकि बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी कमलेश के प्रति लोगों की नाराजगी दिखाई तो देती हैं, लेकिन इनमें से अधिकतर लोग मोदी और योगी के नाम पर ईवीएम में बटन कमल निशान का ही दबाने की बात भी करते नजर आते हैं।

### जातीय समीकरण का लेखा-जोखा

बांसगाव में पासी समुदाय सहित अन्य दलितों की संख्या चार लाख से ज्यादा है। ब्राह्मण और राजपूत मिलकर करीब तीन लाख तो यादव मतदाताओं की संख्या ढाई लाख तक बताई जाती है। मुस्लिम वोटर डेढ़ लाख गिनाए जाते हैं।

### पिछले दो चुनावों का परिणाम

साल 2019 के चुनाव में भाजपा के कमलेश पासवान एक लाख से अधिक मतों से जीते थे। उन्हें 5,46,673 वोट मिले थे। बसपा के सदल प्रसाद ने 3,93,205 वोट पाए थे। 2014 के चुनाव में भी भाजपा के कमलेश पासवान ने बसपा प्रत्याशी सदल प्रसाद को हराया था। कमलेश 4,17,959 वोट मिले थे, जबकि सदल प्रसाद ने 2,28,443 वोट पाए थे।

### सभी पांचों सीटों पर भाजपा का कब्जा

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें दो सीटें देवरिया जिले की रूद्रपुर और बरहज हैं, जबकि तीन सीटें चौरी-चौरा, बांसगांव और चिल्लूपार गोरखपुर जिले की हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सभी पांचों सीटों पर कब्जा जमाया था।

# मतदान ने आधा दर्जन सीटों पर समीकरण और उलझाया

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान समाप्त होने के बाद आए 54 फीसदी से कुछ अधिक वोट पड़ने के प्रारंभिक आंकड़े ने आधा दर्जन से अधिक सीटों पर सियासी समीकरण और उलझा दिए हैं। इसके चलते वोटों के हिसाब-किताब में चार जून तक तमाम प्रत्याशियों की धड़कनें तेज ही रहने वाली हैं। पूर्वांचल के रण में वैसे भी इस बार कई सीटों पर ओबीसी तथा दलित वोट बैंक में बंटवारे से भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच पांच से सात सीटों पर कड़ा मुकाबला माना जा रहा था।

फूलपुर, इलाहाबाद, प्रयागराज, डुमरियागंज में औसतन 54.05 फीसदी के मुकाबले लगभग चार प्रतिशत तक कम वोट पड़ने की सूचना है। इसके मुकाबले अंबेडकर नगर में करीब 62 फीसदी, आजमगढ़ और बस्ती में 57 फीसदी के आसपास वोट डाले गए हैं, बाकी जगह मतदान के आंकड़े औसत मतदान से एक-डेढ़ प्रतिशत ही कम या ज्यादा हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि अंबेडकर नगर में सात फीसदी से ज्यादा वोट आखिर किसके पक्ष में या किस कारण से पड़ा है। अंबेडकर नगर से बसपा के सांसद रितेश पांडेय इस बार भाजपा से चुनाव लड़े हैं। उनका मुकाबला सपा-कांग्रेस प्रत्याशी लालजी वर्मा से हुआ है। लालजी वर्मा छह बार के विधायक हैं। मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे।

यहां बसपा से कमर हयात भी हैं, लेकिन भाजपा-सपा के बीच नजदीकी संघर्ष नजर आया है। आजमगढ़ और बस्ती में लगभग तीन प्रतिशत तक ज्यादा पड़े वोटों को सपा अपने तो भाजपा अपने पक्ष में बता रही है। जानकारों का मानना है कि आजमगढ़ में सपा के धर्मेंद्र यादव को भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ की चुनौती से जूझना पड़ा है।



साधा समीकरण

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बारासात लोकसभा क्षेत्र में टीएमसी उम्मीदवार काकुली घोष के लिए प्रचार किया। मतदाताओं को लुभाने के लिए उन्होंने डांडिया नृत्य में हिस्सा लिया।

# अंतिम चरण की 13 सीटों पर भाजपा के पास मजबूत जमीन

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में पूर्वांचल की 13 सीटों पर पहली जून को वोट पड़ेंगे। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोरखपुर सीट भी शामिल हैं। इस चरण में भी भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में जंग देखने को मिल रही है। बसपा कई सीटों पर त्रिकोणात्मक तस्वीर बनाती नजर आ रही है।

सातवें चरण में जिन 13 सीटों पर वोट पड़ने हैं, उनमें से 11 सीटों पर पिछली बार एनडीए ने जीत दर्ज की थी जबकि दो सीटों पर सपा-बसपा गठबंधन की जीत हुई थी। इस भाजपा जहां सभी 13 सीटों को जीतने के इरादे से अपनी ताकत लगाए है, वहीं विपक्षी गठबंधन में अपनी सीटें बढ़ाने के लिए जातीय गणित सेट करने में जुटा है। 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों पर नजर डालें तो 13 सीटों पर इंडिया गठबंधन की लड़ाई आसान नहीं है। अगर सपा-कांग्रेस के साथ बसपा को अपनी सीटें बढ़ानी है तो उन्हें कम से कम 15 फीसद वोट अपने पक्ष में लाना होगा। पिछले चुनाव में भाजपा को औसतन 52.11 फीसद वोट मिले और सपा-बसपा के खाते में 37.43 वोट ही आए थे। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था जो भाजपा के सामने बेहद मजबूत था, बावजूद इसके गठबंधन को तब दो ही सीटें मिल पाई थी। इस बार सपा के साथ बसपा नहीं है, कांग्रेस जिसका साथ है, उसकी संगठन जमीन पर कहीं भी मजबूत नहीं है। इसके मुकाबले एनडीए का जातीय समीकरण बेहद मजबूत है। पूर्वांचल में भाजपा के साथ राजभर, चौहान, निषाद और गैर यादव ओबीसी समाज दिखाई देता है। ओम प्रकाश राजभर, अपना दल सोनेलाल और निषाद तथा जनवादी पार्टी समर्थन में एकजुट है।

# निशिकांत चौका तो विजय हांसदा हैट्रिक लगाने को आतुर

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान के छह चरण पूरे हो चुके हैं। इसी के साथ ही सातवें चरण की सीटों पर जीत के लिए सभी दलों ने ताकत झोक दी है। हर दल ने अपने- अपने हिसाब से चक्रव्यूह की रचना की है। झारखंड में जहां इंडिया गठबंधन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर सहानुभूति के सहारे जीत दर्ज करने की कवायद में जुटा है तो भाजपा हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर झामुमो, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के रचे हुए चक्रव्यूह को भेदना चाहती है। अंतिम चरण में तीन सीटों पर चुनाव होना है। इनमें से गोड्डा सीट पर भाजपा के कद्दावर नेता निशिकांत दुबे तीन बार से लगातार जीत रहे हैं तो दुमका सीट पर भाजपा का कब्जा 2019 में हुआ था। रही बात राजमहल सीट की तो यह झामुमो का मजबूत गढ़ है। पार्टी यहां जीत बरकरार रखने के साथ ही अन्य सीटों पर जीत दर्ज करने को आतुर दिख रही है।



मांगा आशीर्वाद

मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने जनसंपर्क किया। उन्होंने केंद्र सरकार को युवा, किसान विरोधी बताया और वोट मांगा। कहा कि इंडिया गठबंधन ही इस देश में विकास करेगा।

### राजमहल में मोदी लहर भी काम नहीं आई



- राजमहल सीट पर कांग्रेस ने 8, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) 5, भाजपा दो और बीएलडी व जनता पार्टी ने एक-एक बार जीत दर्ज कर चुकी है। 2009 में इस सीट पर भाजपा जीती थी लेकिन 2014 और 2019 में जब प्रचंड मोदी लहर थी तो यहां के मतदाताओं ने भाजपा को नकार दिया था। झामुमो के विजय कुमार हांसदा लगातार दो बार से जीत रहे हैं। इस बार वे हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रही हैं। भाजपा ने उनके सामने पूर्व विधायक ताला मारांडी को टिकट दिया है। वे पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि सीपीआईएम ने गोपेन सोरेन को मैदान में उतारा है। गोपेन पिछला चुनाव हार चुके हैं। झामुमो यहां महंगाई, बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को आदिवासी अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाला बता रही है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित इस सीट पर भाजपा को जीत के लिए मोदी की गारंटी का ही सराहा है। पार्टी यहां भ्रष्टाचार के मुद्दे को आगे रखकर वोट मांग रही है। वैसे यहां की छह विधानसभा सीटों में से चार पर झामुमो और एक- एक पर कांग्रेस व भाजपा का कब्जा है।

### राजमहल की बरेहट सीट से हेमंत सोरेन विधायक

- पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजमहल लोकसभा की बरेहट विधानसभा सीट से ही विधायक हैं। ऐसे में झामुमो ने यहां पर ताकत झोक दी है। पार्टी के बड़े नेता यहां डेरा डाले हुए हैं।पार्टी को लगता है कि इस सीट पर हार का मतलब है कि आगामी विधानसभा चुनाव में इसका गलत संदेश जाएगा।

### गोड्डा में भाजपा का किला ढहाने को मजबूत किलेबंदी



गोड्डा संसदीय सीट पर भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे लगातार तीन बार से जीत रहे हैं। इस बार वे चौका लगाने के लिए एड़ी- चोटी का जोर लगा रहे हैं। निशिकांत दुबे उस वक्त चर्चा में आए थे जब उन्होंने टीमएससी सांसद महुआ मोइत्रा के विरुद्ध शिकायत की थी और आरोप लगाया था कि उन्होंने सुविधाएं लेकर संसद में सवाल पूछे। यहां टीएमसी के नेताओं को भी उनके विरुद्ध चुनाव प्रचार में उतारने की कोशिश कांग्रेस और झामुमो की ओर से की जा रही है। यहां से कांग्रेस के प्रदीप यादव उनके विरुद्ध मैदान में हैं। पूरा विपक्ष एकजुट होकर उन्हें हराने की कोशिश कर रहा है। जातीय समीकरण के हिसाब से निशिकांत यहां पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। प्रदीप यादव भी मंझे राजनीतिज्ञ हैं वे एक बार सांसद रहे हैं और वर्तमान में विधायक हैं। विधानसभा चुनाव के परिणाम पर नजर डालें तो इंडिया गठबंधन यहां भारी दिखता है।

### शिबू सोरेन की हार का बदला ले पाएंगे नलिन



दुमका संसदीय सीट झामुमो की परंपरागत सीट रही है। इस सीट पर पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन आठ बार जीते। 2019 में उन्हें भाजपा के सुनील सोरेन ने हराया था। इस बार भाजपा ने यहां शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन को मैदान में उतारा है। मुख्यमंत्री न बनाए जाने से खफा सीता सोरेन ने बगावत कर भाजपा का दामन थामा है। वह इसी संसदीय क्षेत्र की जामा सीट से विधायक हैं। उनके मुकाबले झामुमो ने दुमका से विधायक नलिन सोरेन का चेहरा बनाया है। नलिन और सीता में इस बात की जंग है कि कौन खुद को इस सीट पर शिबू सोरेन का असली उत्तराधिकारी कौन होगा। इस सीट पर भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी 1998 और 1999 में इस सीट से सांसद रह चुके हैं। यहां विधानसभा की छह सीटें हैं। एक सीट भाजपा, एक पर कांग्रेस का कब्जा है जबकि चार सीटों पर झामुमो जीती थी लेकिन झामुमो विधायक सीता सोरेन बाद में भाजपा में आईं और उम्मीदवार बन गईं। वह मतदाताओं को बताने में जुटी हैं कि उनके साथ परिवार में अन्याय हुआ है। इसलिए उन्हें सांसद बनाकर मतदाता ही न्याय दिला सकते हैं। नलिन जहां सीता सोरेन को हराकर खुद को इस सीट पर शिबू सोरेन का राजनीतिक वारिस साबित करने के लिए रात दिन एक किए हुए हैं तो सीता सोरेन यह बताने में जुटी हैं कि यदि वह हार गईं तो उन्हें परिवार से भी कुछ नहीं मिलेगा। भाजपा ने भी इस सीट पर पूरी ताकत झोक दी है। पार्टी की कोशिश है कि सीता की जीत से वह यह बताने में कामयाब होगी कि यहां की जनता ने भ्रष्टाचार को हराया है।

# पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

## गृह मंत्री ने भाजपा को डराने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस पर साधा निशाना

शिमला, एजेंसी



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और हम उसे लेकर रहेंगे। उन्होंने पड़ोसी देश के पास परमाणु बम होने का हवाला देकर भाजपा को डराने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। शाह ने ऊना जिले के अम्ब में एक रैली को संबोधित करते हुए मतदाताओं से राज्य की छह विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील भी की, ताकि इस पर्वतीय राज्य में भाजपा की सरकर बन सके। हिमाचल प्रदेश में फिलहाल कांग्रेस की सरकार है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली मजबूत सरकार ही आतंकवाद से लड़ सकती है, आर्थिक विकास सुनिश्चित कर सकती है और गरीबों का ध्यान रख सकती है। गृहमंत्री ने हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर के समर्थन में रैली में कहा-कांग्रेस हमें डराने की कोशिश कर रही है कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है।

### चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं : खरगे



**शिमला।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि चीन ने भारत की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुप हैं। खरगे ने हिमाचल प्रदेश के रोहड़ू में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया और पूछा कि 56 इंच का सीना कहां है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी देश के लोगों और संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है और अगर वह लोकसभा चुनाव में सत्ता में आती है तो 30 लाख सरकारी रिक्तियां भरी जाएंगी। खरगे ने कहा-हमने पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ी और बांग्लादेश को आजादी दिलाई। चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। 56 इंच का सीना कहां है?

### गुजरात में नदी में डूबने से दो लोगों की मौत

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले में पिकनिक मनाने के दौरान 15 वर्षीय किशोर समेत दो लोगों की नर्मदा नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बड़ोदरा जिले के सिनोर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना शुक्रवार को दिवेर गांव के पास हुयी। उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब भरूच के रहने वाले पीड़ित अपने परिवार और दोस्तों के साथ दोपहर के समय पिकनिक मना रहे थे। उन्होंने बताया कि वे दोनों नहाने के लिए नदी में उतरे और डूब गए। उन्होंने बताया कि इसके बाद स्थानीय बचाव दल ने कई घंटों तक तलाशी अभियान चलाया और शनिवार को शवों को बाहर निकाला गया। अधिकारी ने कहा कि मृतकों की पहचान परिमल (31) और यश के रूप में हुई है। वे पिकनिक मनाने के लिए घटनास्थल पर एकत्र हुए लगभग दो दर्जन लोगों के समूह में शामिल थे।

# इंडिया गठबंधन वोट बैंक के लिए मुजरा कर रहा

पटना/देहरी, एजेंसी

- बिहार में प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा-गठबंधन की योजनाओं को कर दूंगा विफल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर शनिवार को तीखा हमला किया और उस पर मुस्लिम वोट बैंक के लिए गुलामी और मुजरा करने का आरोप लगाया। पाटलिपुत्र और काराकाट संसदीय क्षेत्र में अलग-अलग रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने विपक्ष पर तीखा हमला किया और अल्पसंख्यक संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण से वंचित करने के लिए राजद और कांग्रेस जैसे दलों को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा-बिहार वह भूमि है जिसने सामाजिक न्याय की लड़ाई को एक नई दिशा दी है। मैं इस प्रदेश की भूमि पर यह घोषणा करना चाहता हूं कि मैं एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों को लूटने और उन्हें मुसलमानों को देने की इंडिया गठबंधन की योजनाओं को विफल कर दूंगा। वे गुलाम बने रह सकते हैं और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए 'मुजरा' कर सकते हैं। मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन उन लोगों के समर्थन पर भरोसा कर रहा है जो वोट जिहाद में लिप्त हैं। साथ ही उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कई मुस्लिम समूहों को ओबीसी की सूची में शामिल करने के पश्चिम बंगाल सरकार के फैसले को रद्द कर दिया गया है। मोदी भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव के पक्ष में प्रचार कर रहे थे। उन्होंने व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा-कई लोगों का भगवान राम से इतना झगड़ा है कि वे राम कृपाल के नाम पर भी नाक-भौं सिकोड़ सकते हैं।

मोदी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव का नाम लिए बगैर कहा-एलईडी बल्ब के युग में वे लालटेन (राजद का चुनाव चिह्न) लेकर घूम रहे हैं, जिससे केवल उनका घर रोशन होता है और पूरे बिहार को अंधेरे में रखा जाता है। गौरतलब है कि लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती लगातार तीसरी बार पाटलिपुत्र से अपनी किस्मत आजमा रही हैं। उन्होंने कहा-दुनिया को एक ऐसे प्रधानमंत्री की जरूरत है जो विश्व मंच पर भारत की ताकत के साथ न्याय कर सके।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर: सड़क हादसे में पंजाब के चार लोगों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में कार के सड़क से फिसल जाने से पंजाब के चार पर्यटकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना दक्षिण कश्मीर जिले के निपोरा इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि सभी सात पर्यटक स्पोर्ट्स यूटेलिटी वाहन (एसयूवी) में सवार थे और काजीगुंड से लौट रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि चार पर्यटकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायलों को इलाज के लिए अनंतनाग के जीएमसी अस्पताल ले जाया गया है।

### अमृतसर में ड्रोन द्वारा गिराई हेरोइन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के जिला अमृतसर के सीमावर्ती गांव रतनखुर्द से 430 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में हेरोइन की खेप की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया इकाई द्वारा सूचना के आधार पर क्षेत्र में एक व्यापक तलाशी अभियान के दौरान दोपहर आंशिक रूप से जली हुई अवस्था में संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट बरामद हुआ है।

## राजस्थान सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण की करेगी समीक्षा

**जयपुर।** राजस्थान के मंत्री अविनाश गहलोत का कहना है कि राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण की समीक्षा करेगी। राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति के तहत 1997 से 2013 तक मुस्लिम जातियों को ओबीसी आरक्षण दिया और अब इसकी समीक्षा की जाएगी। मंत्री ने कहा-बाबा साहेब आंबेडकर ने संविधान में लिखा था कि धर्म के आधार पर किसी भी जाति या वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता है।

## फैक्ट्री मालिक को 29 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

ठाणे, एजेंसी

**डोंबिवली कारखाना विस्फोट मामला**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने शनिवार को डोंबिवली स्थित रासायनिक कारखाने के मालिक को 29 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया, जहां हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

ठाणे पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी एवं अमुदन केमिकल्स के मालिक मलय मेहता (38) को कल्याण में मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मेहता की 14 दिन की हिरासत का अनुरोध किया और अदालत को बताया कि उन्हें कारखाना स्थल का दौरा करना है और पता लगाना है कि अपराध में और लोग शामिल थे या नहीं।

अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के कारण बहुत अधिक नुकसान हुआ और पुलिस इस घटना में कई लोगों की भूमिका की जांच करना चाहती है।

## परमेश्वर ने रेवन्ना का पासपोर्ट रद्द करने को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

बेंगलुरु, एजेंसी

- बोले-मुख्यमंत्री द्वारा मोदी को भेजे गए पत्र का क्या हुआ



कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और पूछा कि जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल हासन के पासपोर्ट को रद्द करने के लिए अप्रैल में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे गए पत्र का क्या हुआ।

विदेश मंत्रालय द्वारा एक दिन पहले दिए गए बयान कि हासन के फरार सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने का राज्य सरकार का अनुरोध 21 मई को ही प्राप्त हुआ था, के बाद परमेश्वर की यह टिप्पणी सामने आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर के एक साक्षात्कार में दिए गए बयान कि उनके मंत्रालय को प्रज्ज्वल का पासपोर्ट रद्द करने का अनुरोध 21 मई को ही मिला है, पर टिप्पणी करते हुए परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा-मैंने भी मीडिया रिपोर्ट देखी है। अगर उन्होंने (एस जयशंकर) ऐसा कहा है तो इसका मतलब यह है कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने विदेश मंत्रालय को इस बारे में जानकारी नहीं दी। परमेश्वर ने पूछा-मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने अप्रैल में ही पत्र लिखा था और विदेश मंत्री का कहना है कि उन्हें यह 21 मई को मिला। प्रधानमंत्री कार्यालय में पत्र का क्या हुआ? क्या इसे उचित तरजीह नहीं मिली या क्या पीएमओ ने विदेश मंत्रालय को इस बारे में सूचित नहीं किया? उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा-हम देख सकते हैं कि केंद्र सरकार कैसे काम कर रही है। कर्नाटक के गृह मंत्री ने कहा कि एक बार राजनयिक पासपोर्ट रद्द हो जाने पर, प्रज्ज्वल को भारत लौटना होगा क्योंकि वह विदेश में रहने की छूट खो देगा।

पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल पर यौन शोषण का आरोप है और हासन के सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के एक दिन बाद 27 अप्रैल को भारत से बाहर चले गये थे। सीबीआई के माध्यम से एसआईटी के अनुरोध के बाद इंटरपोल द्वारा प्रज्ज्वल के ठिकाने के बारे में जानकारी मांगने वाला 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' पहले ही जारी किया जा चुका है।

# आतंकवाद के प्रायोजकों का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- केजरीवाल ने पाक के पूर्व मंत्री को लगाई फटकार



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन को उनके उस बयान को लेकर फटकार लगाई जिसमें चौधरी ने लोकसभा चुनाव में नफरत फैलाने वाली और चरमपंथी ताकतों के हार की अपील की है।

केजरीवाल ने कहा कि चुनाव भारत का आंतरिक मामला है और यह आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेगा। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली के सात निर्वाचन क्षेत्रों समेत कुल 58 संसदीय क्षेत्रों में शनिवार को मतदान किया गया। मतदान करने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने अपने परिवार की एक तस्वीर सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की जिसमें सभी सदस्य स्याही लगी उंगलियां दिखा रहे हैं। इसके साथ ही केजरीवाल ने अपने पोस्ट में कहा कि उन्होंने तानाशाही, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ वोट दिया। केजरीवाल की पोस्ट को एक्स पर साझा करते हुए मोर पावर और इंडिया इलेक्शन 2024 हैशटैग के साथ हुसैन ने कहा-शांति और सौहार्द नफरत फैलाने वाली और चरमपंथी ताकतें परास्त हों। हुसैन के पोस्ट के कुछ मिनट बाद केजरीवाल ने उन पर पलटवार करते हुए कहा कि उनका पोस्ट गैरजरूरी है। केजरीवाल ने एक्स पर कहा-चौधरी साहब, मेरे देश के लोग और मैं अपने मसलों को संभालने में पूरी तरह सक्षम हैं। आपकी टिप्पणी की जरूरत नहीं है। पाकिस्तान में हालात फिलहाल बहुत खराब हैं। आप अपने देश का ख्याल रखें। एक अन्य पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव भारत का आंतरिक मामला है और देश 'आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों' के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेगा।

केजरीवाल के पोस्ट के जवाब में हुसैन ने कहा-मुख्यमंत्री साहब! वास्तव में चुनाव आपका अपना मसला है लेकिन उम्मीद है कि आप इस बात को महसूस करेंगे कि चरमपंथ, चाहे पाकिस्तान में हो या भारत में, एक सीमारहित अवधारणा है और सभी के लिए खतरनाक है। चाहे वह बांग्लादेश, पाकिस्तान या भारत हो। इसलिए हर वह व्यक्ति जिसके पास कुछ चेतना है उसे चिंतित होना चाहिए... उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में हालात आदर्श स्थिति से बहुत अलग हैं लेकिन लोगों को, जहां भी हों, बेहतर समाज के लिए प्रयास करना चाहिए। केजरीवाल पर निशाना साधते हुए भाजपा ने आरोप लगाया कि आप नेता की भ्रष्टाचार की राजनीति के समर्थन में पाकिस्तान भी कूद पड़ा है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि उनकी पार्टी कहती रही है कि केजरीवाल देश के दुश्मनों के साथ मिले हुए हैं।

### दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में आग लगने से 12 झुग्गियां जलकर खाक

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के चिल्ला खादर इलाके में आग लगने से कम से कम 12 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

उन्होंने बताया कि आग लगने के बारे में सुबह 10 बजकर 46 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की सात गाड़ियों को घटनास्थल के लिए भेजा गया। डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल की गाड़ियों को आग पर पूरी तरह काबू पाने में करीब एक घंटे का वक्त लगा। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। साथ ही राहत कार्य अभी जारी है।

## कारोबार/कृषि

# भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने को तैयार: राघवन

## द. एशिया में एडब्ल्यूएस के स्टार्टअप प्रमुख बोले-तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के वरिष्ठ अधिकारी कुमार राघवन ने कहा है कि भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र परिपक्व है और इसमें कई अनुकूल परिस्थितियां भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। राघवन भारत और दक्षिण एशिया में एडब्ल्यूएस के स्टार्टअप प्रमुख हैं।

राघवन ने जीवंत भारतीय स्टार्टअप परिदृश्य पर चर्चा की और इसकी ताकत तथा नवाचार क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा-हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं... इसमें योगदान देने वाले कारक श्रम वृद्धि, बुनियादी ढांचे की वृद्धि और दक्षता में सुधार हैं, जहां रचनात्मक कृत्रिम मेधा (जेनएआई) जैसी प्रौद्योगिकियां अपनी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि इनके अलावा एक बड़े डेवलपर पारिस्थितिकी तंत्र की मौजूदगी, देश में उत्पाद बनाने और दुनिया भर में सेवा देने की क्षमता और नियामक अनुकूल परिस्थितियां भी हैं। राघवन ने भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसमें ऐसे अनुभवी संस्थापकों के महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखा गया, जिन्होंने कई उद्यम शुरू किए हैं।

### अलग वातावरण होने से भारत के लिए विकास का रास्ता चीन जैसा नहीं होगा: आदिल जैनुलभाई

**नई दिल्ली।** भारत के विकास मिशन पर आगे बढ़ने के साथ यह साफ है कि उसका रास्ता चीन जैसा नहीं होगा, क्योंकि वहां अलग वातावरण और क्षमताएं हैं। क्षमता निर्माण आयोग के चेयरमैन आदिल जैनुलभाई ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को एक विकसित देश बनाने का सपना सामने रखा है, और इस बारे में कई दृष्टिकोण हैं और हम मानते हैं कि यह अलग तरह से होगा। उन्होंने कहा- भारत के लिए विकास का रास्ता चीन के विकास पथ के समान नहीं होगा। अगले 25 वर्षों के लिए भारत की वृद्धि का मॉडल चीन जैसा नहीं होगा। यह एक अलग वातावरण है और भारत की क्षमताएं अलग हैं। जैनुलभाई ने कहा कि विश्व बैंक के अनुसार चीन की मजबूत वृद्धि निवेश और निर्यात उन्मुख विनिर्माण पर आधारित रही है।

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 880।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-1300 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12500 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,000-55,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,500 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,700 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

### रिलायंस ने वायाकॉम-18 स्टार इंडिया विलय के लिए सीसीआई से मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वायाकॉम-18 और स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसआईपीएल) के विलय के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मांगी है। सीसीआई ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित लेनदेन का मकसद वायाकॉम18 और एसआईपीएल के मनोरंजन व्यवसायों (कुछ अन्य चिन्हित व्यवसायों के साथ) को जोड़ना है। वायाकॉम-18, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) समूह का हिस्सा है, जबकि द वॉल्ट डिज्नी कंपनी (टीडब्ल्यूडीसी) के पास एसआईपीएल का स्वामित्व है। नियामक ने कहा कि लेनदेन के बाद एसआईपीएल एक संयुक्त उद्यम बन जाएगी, जिसे आरआईएल, वायाकॉम-18 और टीडब्ल्यूडीसी की सहायक कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा।

## आयकर विभाग ने लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को किया अधिसूचित

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की हो सकेगी गणना
- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीआईआई 363 है




आयकर विभाग ने अचल संपत्ति, प्रतिभूतियों और आभूषण की बिक्री से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को अधिसूचित किया है।

लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) का उपयोग करदाताओं द्वारा मुद्रास्फीति को समायोजित करने के बाद पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की गणना करने के लिए किया जाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की एक अधिसूचना के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए सीआईआई 363 है। पिछले वित्त वर्ष के लिए सीआईआई 348 था और 2022-23 के लिए यह 331 था।

मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि सीआईआई अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति को दर्शाता है, जिससे समय के साथ वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि करदाता आमतौर पर उच्च सीआईआई को पसंद करते हैं, क्योंकि इससे उन्हें बड़ी कर छूट का दावा करने में मदद मिलती है।

## बिजी बी एयरवेज ने गो फर्स्ट के लिए बोली प्रक्रिया से नाम लिया वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली में शामिल होने के तीन से ज्यादा महीने के बाद यात्रा पोर्टल ईजमाईट्रिप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निशांत पिट्टी ने शनिवार को कहा कि वे एयरलाइन की बोली प्रक्रिया से अपना नाम वापस ले रहे हैं।

पिट्टी की अधिकांश हिस्सेदारी वाली बिजी बी एयरवेज ने फरवरी में स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह के साथ मिलकर गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई थी। गो फर्स्ट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। पिट्टी ने कहा कि विचार करने के बाद उन्होंने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली वापस लेने का फैसला किया। उन्होंने बयान में कहा-यह निर्णय मुझे अपना रणनीतिक प्राथमिकताओं और पहलों पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा, जो हमारी दीर्घकालिक दृष्टि और वृद्धि उद्देश्यों के साथ जुड़ी हुई हैं। इससे पहले हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने गो फर्स्ट को पट्टे पर दिए गए 54 विमानों को वापस लेने की अनुमति दी थी। पिट्टी ने 26 अप्रैल को कहा था कि वह पेशकश में किसी भी आवश्यक बदलाव पर विचार करेंगे।

### आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष पीके सिन्हा नियुक्त

**मुंबई।** आरबीआई ने 1 जुलाई, 2024 से तीन साल की अवधि के लिए आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में श्री पीके सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

आईसीआईसीआई बैंक ने शेयर बाजार को सूचित किया है कि आरबीआई ने 24 मई, 2024 के अपने पत्र के जरिए 1 जुलाई, 2024 से तीन साल की अवधि के लिए बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में प्रदीप कुमार सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। पीके सिन्हा, जी सी चतुर्वेदी का स्थान लेंगे, जो 30 जून, 2024 को सेवानिवृत्त होंगे।

## यूरोपीय संघ ने भारत से डब्ल्यूटीओ में चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय पर देने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- डब्ल्यूटीओ की कृषि समिति की बैठक के दौरान चर्चा में आया मुद्दा



ब्राजील, कनाडा और यूरोपीय संघ सहित डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों के एक समूह ने भारत से आग्रह किया है कि वह चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय से दे। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह मुद्दा 23-24 मई को जिनेवा में डब्ल्यूटीओ की कृषि समिति की बैठक के दौरान चर्चा में आया। ये देश भी भारत की तरह प्रमुख चीनी निर्यातक हैं और उनका आरोप है कि भारत के समर्थन उपाय वैश्विक चीनी व्यापार को विकृत करते हैं। जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि ब्राजील, कनाडा, कोस्टा रिका, पैराग्वे, न्यूजीलैंड, यूरोपीय संघ और ग्वाटेमाला ने भारत से सब्सिडी की अधिसूचना समय से देने का आग्रह किया है। भारत ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने न तो किसानों को गन्ने का भुगतान किया और न ही उनसे गन्ना खरीदा। सभी खरीद निजी चीनी मिलों ने की थी। इसलिए, यह जानकारी घरेलू समर्थन की अधिसूचना में शामिल नहीं की गई थी। यह चर्चा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2022 में भारत ने डब्ल्यूटीओ के व्यापार विवाद निपटान पैनल के एक फैसले के खिलाफ अपील की थी। इस फैसले में कहा गया था कि चीनी और गन्ने के लिए देश के घरेलू समर्थन उपाय वैश्विक व्यापार मानदंडों के साथ असंगत हैं।

## मनमोहक



बीजिंग में भारतीय दूतावास के एम्फीथिएटर में भारतीय और बांग्लादेश दूतावासों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर और प्रसिद्ध बांग्लादेशी कवि नजरूल इस्लाम की धुनों पर कलाकारों ने नृत्य किया। • एजेंसी

## लंदन में ईरान सरकार समर्थकों व विरोधियों के बीच झड़प

**लंदन।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत के खिलाफ ब्रिटेन की राजधानी लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में ईरान सरकार के समर्थकों और सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में चार व्यक्ति घायल हो गए, जबकि एक को गिरफ्तार कर लिया गया।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि अधिकारियों को शुक्रवार शाम को पश्चिमी लंदन के वेम्बली क्षेत्र में एक कार्यक्रम स्थल पर अव्यवस्था की सूचना पर बुलाया गया था। एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रईसी की मौत को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। पुलिस ने कहा कि प्रदर्शनकारी कार्यक्रम स्थल के बाहर एकत्र हुए थे और झड़पें हुईं। पुलिस बल ने कहा कि हिंसक अव्यवस्था के संदेह में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

# ग्लूकोमा है खतरनाक : सूख जाती हैं आंखों की नसें, जा सकती है रोशनी



ये आंखें ही हैं, जो दुनिया से हमें रूबरू कराती हैं। आंखें हमें दुनिया को देखने और परखने में हमारी मदद करती हैं। कई बार किन्ही वजह से हमारी आंखों की रोशनी दिन-ब-दिन कम होने लगती है। जिससे देखने में परेशानी होने लगती है। उम्र के साथ आंखों की रोशनी कम होना तो एक आम वजह है। लेकिन कुछ ऐसी भी बीमारियां हैं, जिनकी वजह से हमारी आंखों पर बुरा असर होता है। ग्लूकोमा, इन्ही में से एक है। ग्लूकोमा के बारे में आज भी लोग जागरूक नहीं है। ग्लूकोमा रिसर्च फाउंडेशन के मुताबिक भारत में 1 करोड़ से ज्यादा लोग और दुनियाभर में 8 करोड़ से ज्यादा लोग ग्लूकोमा के शिकार हैं। ग्लूकोमा आंखों की रोशनी जाने का सबसे बड़ा कारण है। आज हम बताएंगे ग्लूकोमा क्या होता है और क्यों होता है, इसके क्या लक्षण होते हैं, कैसे पहचाना जाए, किस उम्र के लोगों को इस बीमारी का ज्यादा खतरा रहता है, ग्लूकोमा से आंखों को बचाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### इसलिए होता है ग्लूकोमा

आंखों पर प्रेशर बढ़ने से ग्लूकोमा होता है। इसे इंट्राऑकुलर प्रेशर भी कहा जाता है। स्वस्थ आंखें फ्लूड से भरी होती हैं। ये लिक्विड आंखों को प्रेशर से बचाने में मदद करता है। इसलिए लिक्विड हमेशा बनता रहता है और फिर बाहर निकलता रहता है। ये नेचुरल साइकिल ऐसे ही चलती रहती है। जहां इस साइकिल का बैलेंस बिगड़ता है, वैसे ही आंखों पर प्रेशर पड़ने लगता है।

### इन बातों का ध्यान रखना चाहिए

आंख में किसी तरह की दिक्कत होने पर उसे नजरअंदाज बिल्कुल न करें। रेगुलर जांच जरूर कराएं। डॉक्टर से रेगुलर चेकअप, आंखों में अंदरूनी दबाव की माप करना और दृष्टि क्षेत्र का टेस्ट करवाने से ग्लूकोमा के प्रारंभिक चरणों को पहचानने में मदद कर सकते हैं।

### ग्लूकोमा क्या होता है

ग्लूकोमा को काला मोतिया या आंखों का चोर भी कहा जाता है। ये आंखों की ऐसी बीमारी है जो धीरे-धीरे आंरोशनी छीन लेती है। इसमें हमारी ऑप्टिक नर्व क्षतिग्रस्त हो जाती है। ऑप्टिक नर्व्स ही हमारे रेटिना को दिमाग से जोड़ती हैं। इनके डैमेज हो जाने से दिमाग को संकेत मिलना बंद हो जाते हैं। जिससे दिखना बंद हो जाता है। इस बीमारी के गंभीर हो जाने पर दृष्टि को वापस लाना असंभव हो जाता है।

### आंखों में ग्लूकोमा होने के लिए क्या कारण जिम्मेदार हैं?

ग्लूकोमा होने के पीछे कई वजह जिम्मेदार हैं- बढ़ती उम्र। काले मोतियाबिंद के ज्यादातर मरीज बूढ़े ही होते हैं। 60 साल से ज्यादा के लोगों में यह बीमारी काफी आम है। ग्लूकोमा होने पर बुजुर्गों की आंखों की रोशनी भी जा सकती है। कुछ लोगों में ये बीमारी आनुवंशिक भी हो सकती है। यानी, अगर आपके परिवार में किसी को ग्लूकोमा हुआ है, तो आपको भी इसके होने की आशंका बढ़ जाती है। डायबिटीज भी इसका कारण बन सकती है। इसलिए हमेशा ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रखना चाहिए।

## एक नजर

### सलाहकारों के साथ समय बिता रहे ऋषि सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपना पहला शनिवार करीबी सलाहकारों के साथ बिताया। कंजर्वेटिव पार्टी में उत्पन्न संकट के बीच भारतीय मूल के नेता सुनक (44) अपने प्रचार अभियान में जुट गए हैं। कैबिनेट मंत्री माइकल गोव और एंड्रिया लीडसम पार्टी के उन नेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने इस चुनावी मुकाबले में नहीं उतरने के अपने निर्णय की घोषणा कर दी है। इससे चुनावी मुकाबले से हटने की घोषणा करने वाले पार्टी के सदस्यों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है।

### रूस में स्कूल की छत गिरने से 12 बच्चे घायल

**मॉस्को।** रूस के क्रास्नोडार शहर में शनिवार को तेज तूफान के कारण स्कूल की छत गिरने से लगभग 12 बच्चे घायल हो गये। क्रास्नोडार मेजर एवगेनी नॉमोव ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 08:18 बजे क्रास्नोडार के उलित्सा रायलेयेवा में स्थित एक स्कूल में प्रार्थना शुरू होने से पहले ही यहां स्कूल की छत का एक हिस्सा तेज तूफान के कारण टूटकर गिर गया। 12 बच्चे घायल हो गये।

### श्रीलंकाई जेलों में बंद 43 पाकिस्तानी स्वदेश लौटेंगे

**इस्लामाबाद।** श्रीलंका की सरकार जेलों में बंद 43 पाकिस्तानी कैदियों को रिहा करेगी ताकि वह स्वदेश लौट सकें। एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों की स्वदेश वापसी को लेकर दोनों देशों के बीच हुए समझौते का यह परिणाम है। मीडिया में आयी खबरों में शनिवार को जानकारी दी गई। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने शुक्रवार को श्रीलंका के उच्चायुक्त एडमिरल (सेवानिवृत्त) रवींद्र चंद्र श्रीविजय गुणरत्ने के साथ एक बैठक में दोनों देशों की जेलों में बंद कैदियों की स्वदेश वापसी पर सहमति जताई।

### पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन में 300 लोग दबे

**पोर्ट मोरेस्बी।** उत्तरी पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के एक दूरदराज के इलाके में शुक्रवार को हुए भारी भूस्खलन के कारण 300 से अधिक लोग दब गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एंगा प्रांत में लगाइप खुले निर्वाचन क्षेत्र के सांसद ऐमोस अकेम ने पीएनजी पोस्ट-कूरियर को बताया कि भूस्खलन में माईप मुरीताका ग्रामीण एलएलजी में 300 से अधिक लोग और 1,182 घर दब गए।

### खार्किव के इलाकों पर नियंत्रण वापस लिया : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेनी बलों ने पूर्वोत्तर खार्किव क्षेत्र के उन इलाकों में नियंत्रण हासिल कर लिया है जहां रूसी सैनिकों ने इस महीने की शुरुआत में प्रवेश किया था। जेलेंस्की ने शुक्रवार शाम को अपने संबोधन में कहा हमारे सैनिक अब उस सीमा क्षेत्र में नियंत्रण लेने में सफल हो गए हैं जहां रूसी सैनिक घुस आए थे। जेलेंस्की का बयान रूसी अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियों से भिन्न नजर आता है।

### इतावली किशोर को मरणोपरांत दी जाएगी संत की उपाधि

**वेटिकन सिटी।** इटली के एक किशोर एवं कंप्यूटर विशेषज्ञ कार्लो एक्यूटिस को मरणोपरांत संत की उपाधि दी जाएगी। वेटिकन के अनुसार कैथोलिक चर्च के पहले सहस्राब्दी संत बनने के लिए तैयार हैं। सीएनएन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पोप फ्रांसिस ने गेमर एवं कंप्यूटर प्रोग्रामर कार्लो एक्यूटिस को दूसरा चमत्कार माना है, जिनकी 2006 में 15 साल की उम्र में ल्यूकेमिया से मृत्यु हो गई थी। एक्यूटिस ने अपने जीवन के दौरान कैथोलिक आस्था के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए तकनीकी कौशल का उपयोग किया, जिसमें चमत्कारों का दस्तावेजीकरण करने वाली एक वेबसाइट स्थापित करना भी शामिल था।

# कई राज्यों में लू का रेड अलर्ट

## तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, उप्र के 27 जिलों में रात में भी चलेगी हीटवेव

नई दिल्ली, एजेंसी



गर्मी से बचने के लिए मुंह ढंककर जातीं महिलाएं।

- कश्मीर घाटी में भी तापमान शनिवार को 32.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

उत्तर भारत में गर्मी के कारण पारा बढ़ता ही जा रहा है। 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है जो दो 2 जून तक रहेगा। इस दौरान देश के कुछ हिस्सों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग ने दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और हरियाणा, उत्तर प्रदेश के लिए लू (हीटवेव) का रेड अलर्ट जारी किया है।

उत्तर भारत में शनिवार को औसत अधिकतम तापमान 49 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। शनिवार को आगरा, मथुरा समेत 11 जिलों में लू चली। दोपहर 2 बजे बांदा प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां का अधिकतम तापमान 45.1 रिकॉर्ड किया गया।

उधर, कश्मीर घाटी में भी तापमान शनिवार को 32.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह 11 साल में सबसे ज्यादा रहा। जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। राजस्थान में सफाई कर्मचारियों से सुबह 5 से 10 बजे तक ही काम करने को कहा गया है। मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली में डॉक्टरों ने मरीजों और बुजुर्गों से दिन में यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। हिमाचल के कांगड़ा जिले के सभी स्कूलों में 25 मई को छुट्टी कर दी गई है। एमपी ट्रैफिक पुलिस ने इंदौर के चौराहों पर रेड लाइट का ड्यूरेशन कम कर दिया, ताकि लोगों को धूप में कम रुकना पड़े।

आगरा, भोपाल, जोधपुर, लखनऊ समेत कई शहरों में चौराहे पर टेंट लगाए गए हैं, ताकि सिग्नल के इंतजार में उन्हें राहत मिल सके। मुंबई नगरपालिका ने शनिवार को कहा 30 मई से पानी की सप्लाई में 5% और 5 जून से 10% कटौती की जाएगी। ऐसा इसलिए क्योंकि शहर को पानी सप्लाई करने वाले जलाशयों में सिर्फ 10 फीसदी पानी का स्टॉक मौजूद है। मुंबई को पानी सप्लाई करने वाले बांधों में 1 लाख 40 हजार मिलियन लीटर पानी बचा है। यह मुंबई की पानी की सालाना जरूरत 14 लाख 47 हजार मिलियन लीटर पानी का सिर्फ 10% है।

वहीं एमपी के रतलाम, शाजापुर, खंडवा और खरगोन में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया। खंडवा और खरगोन में टेम्प्रेचर सबसे ज्यादा 45.5 डिग्री दर्ज किया गया।

## अंतरिक्ष यात्रियों को आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगा नासा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष राजनयिक एरिक गार्सेटी ने कहा कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के लिए संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को जल्द ही आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगी। भारत में अमेरिका के राजदूत गार्सेटी ने अमेरिका-भारत वाणिज्यिक अंतरिक्ष सम्मेलन : अमेरिका और भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप के लिए अवसरों की शुरुआत कार्यक्रम में ये टिप्पणियां की।

इस कार्यक्रम का आयोजन बेंगलुरु में यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) और यूएस कमर्शियल सर्विस (यूएससीएस) ने किया है। यूएसआईबीसी ने यहां जारी एक बयान में गार्सेटी के हवाले से कहा कि नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के लिए संयुक्त प्रयास बढ़ाने के उद्देश्य से जल्द ही भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगी।

उम्मीद है कि यह इस साल या उसके बाद शुरू होगी। जल्द ही हम पारिस्थितिकी तंत्र, पृथ्वी की सतह, प्राकृतिक खतरों, समुद्र के बढ़ते स्तर और क्रायोस्फेयर समेत सभी संसाधनों पर नजर रखने के लिए इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से निसार उपग्रह प्रक्षेपित करेंगे।

## पुणे कार हादसा

# हादसे की जिम्मेदारी लेने के लिए ड्राइवर को दी थी धमकी

पुणे, एजेंसी

- पुलिस का दावा नाबालिग के पिता और दादा ने पैसे और उपहारों का दिया था लालच



पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में शामिल नाबालिग के दादा को उनके परिवार के वाहन चालक को गलत तरीके से बंधक बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पिता और दादा ने परिवार के ड्राइवर को हादसे की जिम्मेदारी लेने के लिए पहले पैसे और उपहारों का लालच दिया और फिर धमकी दी थी।

एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में किशोर के पिता विशाल अग्रवाल पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे एक दिन पहले, पुणे पुलिस प्रमुख अमितेश कुमार ने कहा था कि यह साबित करने का प्रयास किया गया है कि कार किशोर नहीं चला रहा था। किशोर के परिवार के वाहन चालक की शिकायत पर येरवडा पुलिस ने किशोर के दादा और पिता पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत एक अलग मामला दर्ज किया। अपराध शाखा के अधिकारी ने कहा दुर्घटना के बाद किशोर के दादा और पिता ने वाहन चालक का फोन कथित तौर पर ले लिया, उसे 19 मई से 20 मई तक उनके बंगले के परिसर में बंधक बनाकर रखा। वाहन चालक की पत्नी से उसे मुक्त कराया।

### किशोर के दादा को 28 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे की एक अदालत ने किशोर के दादा को शनिवार को 28 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने अदालत में दादा की सात दिन की हिरासत मांगी थी।

### पब में वेबकास्टिंग की तैयारी

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे जिला प्रशासन नियमों का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने के मद्देनजर शहर में पब और बार के प्रवेश व निकास द्वार की वेबकास्टिंग की तैयारी कर रहा है। जिलाधिकारी सुहास दिवासे ने कहा कि किसी भी नाबालिग को बार या पब में प्रवेश नहीं देना।

## रजनीकांत को यूएई ने दिया गोल्डन वीजा

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत को यूएई के संस्कृति और पर्यटन विभाग ने गोल्डन वीजा दिया है।



रजनीकांत हाल ही में अबू धाबी गए थे, जहां उन्हें गोल्डन बीजा मिला। रजनीकांत ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर फैंस को दी है।

इसके साथ ही रजनीकांत ने अबू धाबी सरकार और लुलु ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर एमए यूसुफ अली को इसके लिए शुक्रिया भी कहा है। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर रजनीकांत के कई फोटोज और वीडियो देखने को मिल रहे हैं।

# विमान में यात्रियों ने 62 सेकेंड तक झेली थी एयर टर्बुलेंस

सिंगापुर, एजेंसी

- म्यांमार के इर्रावड्डी डेल्टा क्षेत्र के ऊपर था टर्बुलेंस

सिंगापुर एयरलाइंस का विमान 21 मई को 62 सेकेंड तक एयर टर्बुलेंस में फंसा रहा था। विमान सिंगापुर से लंदन जा रहा था। इसी बीच जब विमान म्यांमार के इर्रावड्डी डेल्टा क्षेत्र के ऊपर था, इस दौरान वह टर्बुलेंस में फंस गया।

फ्लाइट रडार 24 के अनुसार, बोइंग 777-300ईआर 62 सेकेंड में दो बार ऊपर नीचे हुआ। सिंगापुर के समय के अनुसार, दोपहर 3.49 बजे विमान टर्बुलेंस में फंसा। विमान 37 हजार फीट पर उड़ रहा था और टर्बुलेंस में फंसते ही पहले 37400 फीट की ऊंचाई पर पहुंचा। इसके बाद तेजी से नीचे गिरा और 36,975 फीट की ऊंचाई पर पहुंच गया। पहले विमान 1664 फीट प्रति मिनट की दर या 507 मीटर प्रति मिनट की दर से ऊपर की तरफ गया। इसके छह सेकेंड बाद ही विमान 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे की तरफ आया। इसके तीन सेकेंड बाद ही विमान 900 फीट प्रति मिनट की दर से फिर से ऊपर की तरफ गया और फिर 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे आया था। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई।

## आईसीजे के आदेश को लेकर ऑस्ट्रेलिया ने इजरायल को चेताया

**कैनबरा।** रफह में इजराइल के सैन्य अभियान को रोकने को लेकर अब आस्ट्रेलिया ने भी इजराइल को चेताय है। ऑस्ट्रेलिया सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने आईसीजे के आदेश का पालन करने का आग्रह किया है।

आईसीजे ने इजरायल को राफा पर अपने सैन्य हमले को तुरंत रोकने और मिस्र और गाजा के बीच राफा क्रॉसिंग को खोलने का आदेश दिया ताकि सहायता पहुंचाई जा सके। ऑस्ट्रेलिया के ऊर्जा मंत्री एवं प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के मंत्रिमंडल के सदस्य क्रिस बोवेन ने कहा कि संघीय सरकार इस फैसले का समर्थन करती है।

# चीन की ताइवान को जंग की धमकी

बीजिंग, एजेंसी

- कहा- जब तक ताइवान हमारा हिस्सा नहीं बनता, सैन्य कार्रवाई करते रहेंगे



ताइवान में नए राष्ट्रपति के शपथ लेने के 4 दिन बाद चीन ने ताइवान को जंग की धमकी दी है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने कहा है कि जब तक ताइवान चीन का हिस्सा नहीं बन जाता, इलाके में मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा। दरअसल, चीन ने शुक्रवार को ही ताइवान के घेरकर चल रही अपनी 2 दिवसीय मिलिट्री ड्रिल पूरी की। इस युद्धाभ्यास में चीन की तीनों सेनाएं (थलसेना, वायुसेना, नौसेना) शामिल हुई थी। इस युद्धाभ्यास को ताइवान के लिए सजा के तौर पर शुरू किया गया था।

ताइवान में इसी साल राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए। इसमें चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग ते को जीत हासिल हुई। चुनाव से पहले चीन ने ताइवान को चेतावनी दी थी कि अगर वहां की जनता ने सही विकल्प नहीं चुना तो उन्हें इसकी सजा दी जाएगी।

### दर्जनों जहाजों ने ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस की

चीन की मिलिट्री ड्रिल को जॉइंट स्वॉर्ड-2024A नाम दिया गया था। इसके तहत चीन के करीब 111 एयरक्राफ्ट और नौसेना के दर्जनों जहाजों ने ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस की थी। इस दौरान उन्होंने ताइवान के उन हिस्सों पर हमले की भी तैयारी की थी, जहां से ताइवान चीन को रोकने की कोशिश कर सकता है। इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने भी कहा था कि ताइवान में जो लोग आजादी चाहते हैं, उनके सिर कट जाएंगे।

# 16 की मौत के जिम्मेदार भारतीय चालक को निर्वासन का आदेश

ओटावा, एजेंसी

- लापरवाही के कारण वर्ष 2018 में हुई थी भीषण दुर्घटना

कनाडा में 2018 की एक भीषण दुर्घटना में शामिल चालक को भारत निर्वासित किया जाएगा। इस दुर्घटना में जूनियर हॉकी टीम के 16 सदस्यों की मौत हो गयी थी। वर्ष 2014 में भारत से कनाडा पहुंचे जसकीरत सिंह सिद्धू अल्बर्टा प्रांत के कैलगरी शहर में रहते थे। सस्केचेवान प्रांत में टिस्डेल के पास एक ग्रामीण चौराहे पर सिद्धू रुकने के एक संकेतक को पार करके हम्बोल्ट ब्रोंकोस जूनियर हॉकी टीम की बस के रास्ते में आ गया। छह अप्रैल, 2018 को हुए हादसे में बस में सवार 16 लोगों की मौत हो गई और 13 घायल हो गए।


सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, सिद्धू को निर्वासित करने का फैसला शुक्रवार को कैलगरी में आव्रजन और शरणार्थी बोर्ड की सुनवाई के दौरान आया। उसने खतरनाक तरीके से ट्रक चलाने से संबंधित 16 बिंदुओं पर 2019 में अपनी गलती कबूल कर ली थी। इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। उसे पिछले साल पूर्ण पैरोल दी गई थी। बोर्ड के आव्रजन विभाग की ओर से ट्रेंट कुक ने 15 मिनट की सुनवाई के दौरान सिद्धू से कहा कि वह मानवीय और करुणा संबंधी पक्षों पर विचार नहीं कर सकते। सिद्धू के वकील माइकल ग्रीन ने कहा था कि यह फैसला पहले से तय था। ग्रीन ने कहा कि सिद्धू को निर्वासित करने के लिए केवल इस बात का सबूत चाहिए था कि वह कनाडाई नागरिक नहीं है और उसने एक गंभीर अपराध किया है। वकील ने कहा कि अभी और भी कानूनी और प्रक्रियात्मक कदम उठाने होंगे और सिद्धू को महीनों या सालों तक निर्वासित नहीं किया जा सकता है। सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रीन ने कहा कि वह जल्द ही एक याचिका दायर करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें सरकार से मानवीय आधार पर सिद्धू का स्थायी निवासी दर्जा वापस करने के लिए कहा जाएगा।

## खगोल विज्ञान

### आने वाले दिनों में सौर तूफानी खतरों के आसार बने हुए हैं

# इन खूबसूरत नजारों के पीछे छिपे हैं बड़े खतरे

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** भले ही सौर तूफान हमें मनमोहक सतरंगी नजारे दिखते हो, लेकिन इसके पीछे छिपे भयानक खतरों को कतई नजर अंदाज नही किया जा सकता है। आने वाले दिनों में सौर तूफानी खतरों के आसार बने हुए हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन के अनुसार इन दिनों सूर्य बेहद सक्रिय है और आये दिन भीषण विस्फोट इसकी सतह पर हो रहे हैं। जिस कारण भू चुम्बकीय तूफान निरंतर पृथ्वी के ध्रूवों से टकरा रहे हैं और इनसे रंग बिरंगे औरोरा का नजारा देखने को मिल रहा है। जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी स्वीडन, नॉर्वे, अलास्का समेत अन्य ध्रुवीय क्षेत्रों में दुनिया भर से पहुच रहे हैं। मगर इनके पीछे छिपे खतरे बड़ा नुकसान पहुचा सकते हैं। जिनसे किसी भी बड़े हिस्से में बिजली ग्रिड नष्ट हो सकते हैं और हमारे उपग्रहों को नष्ट कर सकते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को यह विकिरण का खतरा पहुचा सकते हैं। हवाई सेवा में व्यवधान पहुचा सकते हैं। इतिहास में सौर तूफान का सबसे बड़ा नुकसान 1859 में दर्ज किया गया था। जिसे कैरिंगटन इवेंट के नाम से जाना जाता है। जिससे कनाडा के शहरों के विद्युत ग्रिड फेल हो गए थे और एक विशाल क्षेत्र कई दिन अंधकार में डूबा रहा। इसी तरह 2003 में स्वीडन में भारी क्षति पहुची थी। इसे हैलोवीन स्टॉर्म के नाम से जाना जाता है। इसने स्वीडन में ब्लैकआउट कर दिया और दक्षिण अफ्रीका में बिजली के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया था। इधर लगातार उठ रहे सौर तूफानों को लेकर यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष सुरक्षा जागरूक कार्यक्रम बनाया है, जबकि यूएस स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर के माइक बेटवी का कहना है कि हम सौर तूफानों के अधिक भयावह संभावित प्रभावों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ताकि भविष्य मे बिजली ग्रिड और उपग्रहों को नष्ट होने से रोकना और अंतरिक्ष यात्रियों को विकिरण से बचाना है। साथ ही लोगों को भूचुम्बकीय तूफानों के प्रति जागरूक करना है।

### फिर लौट आया है भयानक सन स्पॉट

डा वहाब ने बताया कि भयानक सन स्पॉट एनओएए 3663 फिर से लौट आया है। यह पृथ्वी से कई गुना बड़ा है और आने वाले दिनों में बड़े विस्फोट कर सकता है। सौर वैज्ञानिक इस पर नजर रखे हुए हैं। इसके साथ कई अन्य जटिल सनस्पॉट समूह भी हैं, उनमें से एक दक्षिण-पश्चिमी छोर पर है जो एम श्रेणी की चमक दे रहा है। मई की शुरुआत में इस सन स्पॉट से कई एक्स-क्लास की सौर ज्वालाएँ निकली थी।

## 30 साल में पहली बार पाम डिओर पुरस्कार की दौड़ में भारतीय फिल्म

**कान।** पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट ने 77वें कॉन्स फिल्म महोत्सव में पाम डिओर पुरस्कार की दौड़ में शामिल होकर इतिहास रच दिया है। महोत्सव में दिए जाने वाले इस शीर्ष पुरस्कार को पाने की दौड़ में आज तक किसी भारतीय महिला निर्देशक की फिल्म शामिल नहीं हुई थी और न ही देश के किसी फिल्मकार को यह पुरस्कार मिला।

महोत्सव में समीक्षकों की प्रशंसा पाने वाली इस फिल्म में अपनी मंजिल तलाश रहीं तीन महिलाओं की कहानी बयां की गई है। चार प्रमुख अभिनेता-अभिनेत्रियों कानी कुश्रुति, दिव्या प्रभा, हृदयु हारून और छाया कदम समेत फिल्म निर्माण दल के सदस्यों के साथ कपाड़िया ने महोत्सव के संवाददाता सम्मेलन भवन में समीक्षकों को संबोधित किया। अमेरिकी पत्रिका वेराइटी की फिल्म समीक्षक जेसिका कियांग ने कहा कि अपने करियर में सिर्फ दो फिल्मों में ही कपाड़िया ने काफी प्रभावित किया है।